ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 5, अंक 88, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 15

इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 16

चार राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इनके चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है।

समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

तीन नए कानूनों को टालने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हड़बड़ी में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने आपराधिक कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई।

ये तीन नए कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे।

- 1 जुलाई से लागू होने हैं तीनों नए आपराधिक कानून

146 सांसद निलंबित थे तब पारित हुए विधेयक

टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा कि आपकी सरकार ने इन तीन विधेयकों को एकतरफा पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था।

वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी के अलावा 12 अन्य स्थानों पर छापे की सूचना

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आर्थिक अनुसंधान शाखा ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए।

झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडक्ट झूला प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीम पहले नाटी इमली स्थित दीनानाथ झुनझुनवाला के आवास पर पहुंची। दूसरी टीम उनके परिवार के ही महेश झुनझुनवाला के कार्यालय पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान दोनों स्थानों पर टीम कई घंटे मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, जो उनके झूला ब्रांड से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

एक नजर

बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे। वे जिले के बांदे थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मरबेड़ा बीएसएफ शिविर में तैनात थे। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को गश्ती दल के साथ वे शिविर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की गई, शुक्रवार को सुबह जंगल में कुमार का शव बरामद किया गया। उसके सिर पर गोली लगी थी। शव के करीब उसकी राइफल भी पड़ी थी।

इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की फर्जी धमकी मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल खाते पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी।

योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।



लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती

केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।

इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। कल देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

पीठ के समक्ष ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोपी मुख्यमंत्री की रिहाई पर रोक लगाने और याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए दावा किया कि ईडी को संबंधित निचली अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। राजू ने कहा कि मैं तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहा हूं। कल (गुरुवार) रात 8 बजे आदेश सुनाया गया। आदेश बेवसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। हमें (केजरीवाल की) जमानत का विरोध करने का स्पष्ट अवसर नहीं दिया गया।

केजीएमयू समेत प्रदेश के 10 विवि डिफाल्टर घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित केजीएमयू (दंत), अटल बिहारी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर विवि, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि, प्रयागराज स्थित प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि मथुरा, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई शामिल है।

बीबी के इलाज का बिल जमा नहीं किया तो कर दी ससुर की हत्या

संवाददाता, छजलैट (मुरादाबाद)

- अस्पताल में हुए विवाद में दामाद ने लाठी-डंडों से पीटकर ली जान
- निजी अस्पताल की घटना, दामाद व भाई-बहनोई पर एफआईआर

अमृत विचार : कांठ के एक निजी अस्पताल में गुरुवार देर रात महिला के इलाज का बिल जमा करने को लेकर ससुराल और मायके वालों में मारपीट हो गई। इसमें बीमार महिला के पिता की मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने दामाद और उसके भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या में एफआईआर दर्ज की है।

छजलैट थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर चौहरा में बदलू (60) का परिवार रहता है। परिवार में दो बेटे और पांच बेटियां हैं। वर्ष 2021 में बदलू ने मझली बेटी तैयबा की शादी गांव बीबीपुर के अहमद हसन के बेटे रफीक से की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए तैयबा को प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायतें भी हुईं, परेशान होकर तैयबा मायके आई गई। वह गर्भवती थी। 8-10 दिन पहले उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। 19 जून को बदलू ने तैयबा को कांठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार रात बदलू ने अस्पताल से छुट्टी होने के बाद इलाज का बिल दामाद रफीक से जमा करने को कहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। अस्पताल में ही रफीक और उसके भाइयों ने ससुराल वालों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बदलू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कांठ थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गैर इरादतन हत्या में बदलू के दामाद रफीक, भाई सफी और बहनोई मोहम्मद आरिफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

एक इनामी नक्सली समेत नौ माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी नक्सली समेत नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले में बासागुड़ा, उसूर और तर्रेम थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई कर सुरक्षा बलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पुसबाका गांव के जंगल से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में से उसूर एलओएस के सदस्य राजू ओयाम (29) के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम है।

पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली जल संकट

- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

नीट-यूजी विवाद याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार

काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। शीर्ष अदालत ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है। पीठ ने कहा हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। आपको बीच में रोकने को अन्यथा न लें। काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं है। यह एक प्रक्रिया है तो 6 जुलाई से शुरू हो रही है। जब पीठ ने काउंसलिंग के पहले दौर की अवधि के बारे में पूछा, तो मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा कि यह लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से इनकार करते हुए कहा कि एनटीए, केंद्र और अन्य उत्तरदाताओं की ओर से पेश अधिवक्ता दो सप्ताह के भीतर याचिका पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है।

संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया है। परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए की ओर से बताया गया है कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। साथ ही कहा गया है कि इस परीक्षा की नई तारीख बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। एनटीए ने नए अपडेट के लिए अभ्यार्थियों के आधिकारिक वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी है।

एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

नागरिक पुलिस भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

अमृत विचार : नागरिक पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्फ दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

शहर में आज

☞जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर सारेगामा नाइट रात 8 :00 बजे।

☞राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती, प्राचीन गंगा मंदिर, अटल घाट पर शाम 6 .00 बजे।

☞नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में क्रीड़ा प्रतियोगिता सुबह 9 :00 बजे।

एक नजर

अमृत सरोवर निर्माण में रखें गुणवत्ता का ध्यान

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को ग्राम मूंढापांडे, भदासना, टहना में मनरेगा के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को अमृत सरोवर/तालाब, चकमार्ग निर्माण कार्य में गुणवत्ता में लापरवाही न करने के लिए कहा। उन्होंने अर्जुन, पीपल, पाकड़ आदि के पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। ग्राम टहना में चकमार्ग पर पानी की नाली मिलने पर उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी को चकमार्ग की पैमाइश कराकर मिट्टी डलवाने के लिए कहा। इस दौरान पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद, मनरेगा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

रामकथा का श्रवण कर इसे जीवन में उतारें

मुरादाबाद, अमृत विचार : शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार प्रथम में पांच दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को श्रीराम कथा वाचक पं. बृजेश पाठक रामायणी ने रामकथा का महत्व बताया। कहा कि रामकथा का श्रवण करने के साथ-साथ इसे जीवन में उतारने की जरूरत है। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, ज्ञानचंद गुप्ता, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, महेन्द्र जसूजा, सुनील शर्मा, पंडित हेमंत भट्ट, पंडित देवेन्द्र ओझा, रविकांता जायसवाल, मिनाक्षी शर्मा, उमेश चन्द्र बंसल, दिनेश चंद्र टंडन शामिल रहे।

भारतीय योग विधा को पूरे विश्व ने आत्मसात किया

कंपनी बाग स्थित पार्क में हुआ मुख्य आयोजन, 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हर ओर उत्साह दिखा। इस बार योग दिवस की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' रही। जिला प्रशासन की ओर से कंपनी बाग स्थित पार्क में मुख्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि रहे।

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को मुख्य आयोजन प्रशासन की ओर से कंपनी बाग स्थित पार्क में किया गया। सुबह 6 बजे शिविर में योगासन करने के लिए शिविर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, नोडल अधिकारी/परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह आदि पहुंचे। उन्होंने प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन किए। उन्होंने कहा कि योग भारतीय जीवन पद्धति है। ऋषि मुनियों के समय से योग की महत्ता रही। आज पूरा विश्व योग को अपना चुका है। हमें इसे अपनी जीवनशैली में इसे शामिल कर खुद के साथ दूसरों को निरोग रहने के लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि योग हमारी संस्कृति और हमारी परम्परा का प्रतीक है। सदियों से हम योग को अपना रहे हैं यह गर्व की बात है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि योग से न सिर्फ हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक तनाव से निजात मिलती है। यहां पर शिविर में महापौर विनोद अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, एसीएम प्रथम प्रीति सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, योगाचार्य गौरव त्यागी सहित जनप्रतिनि, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने योगासन किया।

कंपनी बाग में योग करते मंत्री अनिल कुमार सिंह, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

आरएसएस ने महानगर में 41 स्थानों पर किए कार्यक्रम

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में आरएसएस द्वारा 41 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य आध्यात्मिक और शारीरिक अभ्यास के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना है। योग दिवस पर कार्यक्रम तो एक दिन हो रहा है, यहां से हम योग सीख कर जाएं और प्रतिदिन आधा घंटा योग करेंगे तो रोगों से दूर रहेंगे। 21 जून को योग दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म संक्रांति का दिन भी है। ग्रीष्म संक्रांति कई संस्कृतियों में महत्व रखती है। इस मौके विभाग संघचालक सुरेन्द्रपाल सिंह, प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय गोयल, विभाग प्रचारक वतन कुमार, विभाग प्रचार प्रमुख पवन जैन, महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता, महानगर सायं प्रचारक रोहित कुमार, महानगर कार्यवाह विपिन चौधरी, सह कार्यवाह प्रमोद जोशी, संदीप सिंघल, कमलकांत राय शामिल रहे।

दिव्य योग केंद्र में योग करते लोग। ● अमृत विचार

मनुष्य की सुषुप्त शक्तियों को जागृत करता है योग, प्राणायाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में चल रहे पांच दिवसीय योगोत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का आरंभ योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने ईश्वर की स्तुति से किया।

उन्होंने बताया कि योग मनुष्य की अन्नमय, प्राणमय, मनोमय कोष और सभी सुषुप्त शक्तियों को जागृत करने का सबसे अचूक उपाय है। इसके निरंतर अभ्यास से तन तन्दुरुस्त, मन प्रसन्न और बुद्धि तेज होती है। योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को उसकी आत्मा से जोड़ता है। इसके नियमित अभ्यास से जीवन में सुख शांति की प्राप्ति होती है। बताया कि उचित खानपान, पूरी नींद और जीवन शैली में सुधार करें तथा अपना वजन न बढ़ने दें। इस दौरान आदर्श गुप्ता, मधु रस्तोगी, सुमन, पल्लवी अग्रवाल, रश्मि, साधना, भारती टंडन, कादंबरी, साधना वर्मा, रेनू ग्रोवर, बीनू मेहरोत्रा, आयुषी, रविन्द्र, मधु, गौरव, आशुतोष, अर्पित आदि मौजूद रहे।

योग शरीर को संतुलित करने की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्या ने छात्राओं और महाविद्यालय की प्रवक्ताओं को जीवन में योग अपनाने और लोगों को प्रोत्साहित करने की शपथ के साथ किया।

प्राचार्या ने कहा कि योग शरीर, मन और दिमाग को संतुलित करने की एक प्रक्रिया है। योगाभ्यास स्वयं और समाज दोनों के लिए लाभ प्रदान करता है। उपप्राचार्या प्रो अंजना दास ने छात्राओं को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए, स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने सूर्य नमस्कार, मंडूकासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास किया। इस दौरान डॉ. रेनू शर्मा, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. सुदेश, प्रो. करुणा, प्रो. सीमा अग्रवाल और डॉ. प्रीति पांडे आदि मौजूद रहीं। उधर, राजकीय हाई स्कूल बहोरनपुरकला में भी छात्र-छात्राओं ने योग अभ्यास किया। योग की विभिन्न मुद्राएं योग शिक्षक बबलू सिंह द्वारा सिखाई गईं। इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले महेश सिंह, बबलू सिंह, फात्मा, इरम, आदर्श पाल, आरती, दीपांशी आदि रहे।

गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में योगाभ्यास करने की शपथ लेतीं प्राचार्या व अन्य।

योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभ जाने

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सेंट मीरा एकेडमी कांशीराम नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की दोनों शाखाओं सेंट मीरा अकादमी कांशीराम नगर व मानसरोवर कॉलोनी के छात्र-छात्राओं और अध्यापक अध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में सभी ने योगासनों का अभ्यास किया।

इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका अक्षरी प्रकाश, पर्णिका प्रकाश ने योग से होने वाले लाभ, इसकी उपयोगिता, योग के द्वारा रोगों से मुक्ति, योग का जीवन में महत्व जैसे विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान रुचिका सिंह, श्वेता सेठी, ज्योति त्रिपाठी, मनोज शर्मा, इसरार अंकुर मलिक आदि मौजूद रहें।

विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गांधी नगर पब्लिक स्कूल में स्वयं और समाज के लिए योग इस प्रस्तावना के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

प्रधानाचार्या शशि शर्मा द्वारा योग के महत्ता को बताते हुए सर्वप्रथम योग के लिए सभी को शपथ दिलाई। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, 9 यूपी गर्ल्स एनसीसी कैडेट, 23 यूपी बटालियन व स्काउट गाइड के कैडेट, समस्त अध्यापक- अध्यापिकाओं व स्टॉफ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। योगासनों में पश्चिमोतान आसन, पदमासन, प्रकासन, सिद्धासन, गोमुखासन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि का अभ्यास कराया गया।

गांधीनगर पब्लिक स्कूल में योग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

योग करके सीखे स्वस्थ रहने के तरीके

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति की ओर से आर्यस इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के मैदान में योग के कार्यक्रम आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत झा, वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेन्द्र गांधी व मंजू सिंह द्वारा किया गया। भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी जितेन्द्र आर्य के निर्देशन मे मंच से विभु आर्य, संजना यादव, मेघा वर्मा, कशिश, नेहा, अनिषा ने प्रदर्शन किया। जिसको सभी साधकों ने आत्मसात किया। इस दौरान विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पूनम दत्ता, विम्मी कौल, हेमा गुप्ता, कल्पना, देवराज त्यागी, विभोर भटनागर, उत्तम राउत आदि का सहयोग रहा।

एक साल अनेक नये विकास की ओर अग्रसर

सफलता पूर्वक तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण करने पर
एवं उनकी समस्त पार्षदगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों
एवं महानगर की जनता की प्रेरणा से

मुरादाबाद के महापौर

श्री विनोद अग्रवाल जी

द्वारा कराये जा रहे विकास कार्य



मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री

मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री उ.प्र. सरकार

डॉ. ए.के. शर्मा
ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री

सड़क निर्माण के कार्य

निर्माण विभाग द्वारा विगत एक वर्ष में 15 वॉ वित्त, नगरीय अवस्थापना, राज्य वित्त आयोग निधि एवं एन.सी.ए.पी. निधि के अन्तर्गत महानगर में 981 निर्माण/विकास कार्य अंकन 13449.92 लाख से 90.09 कि.मी. में सी.सी.टाइल्स / हॉटमिक्स द्वारा सुदृढीकरण का कार्य कराते हुये सड़क / मार्गों पर आम जनता को सुगम पथ प्रदान किये गये हैं। जिसमें लगभग 800 कार्य पूर्ण तथा 158 कार्य प्रगति पर चल रहे 26 कार्य अनारम्भ है जो प्रारम्भ किये जा रहे हैं।

पथ प्रकाश विभाग द्वारा कराये गये उत्कृष्ट कार्यों का विवरण

नगर के समस्त 70 वार्डों में असेवित क्षेत्रों एवं नवीन प्रकाश बिन्दुओं हेतु विभिन्न वॉट की 100-100 नग कुल 7000 नग एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट की लगाने का कार्य किया गया है। महनगर नगर में 100 नई हईमास्क लाईटों को विभिन्न पार्कों में स्थापित करने का कार्य प्रस्तावित। एवं 10 बड़ी हाईमास्क लाईटें विभिन्न चौराहों पर लगाने का कार्य प्रस्तावित।

जलकल विभाग द्वारा कराये गये कार्यों का विवरण

1. विभिन्न वार्डो में विभिन्न व्यास की तीन करोड अडसठ लाख रू. की लागत से कुल 35 किमी. नवीन पाईप लाईन बिछाने के कार्य कराये गये। 2. विभिन्न वार्डों में एक करोड़ बाईस लाख रू. की लागत से कुल 32 नग नवीन मिनी नलकूप स्थापित कराये गये। 3. विभिन्न वार्डों में दो करोड़ अट्ठानवे लाख रू. की लागत से कुल 12 नग बडे नलकूपों के रिबोर का कार्य कराया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम

शहर में AQI में सुधार के लिए शहर में PM2.5 और 10 के स्तर को कम करने की योजना के तहत कुल 42 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत / सिरे से सिरे तक पक्कीकरण / पक्कीकरण/ चौड़ीकरण किया जा रहा है। परिणामस्वरूप निगम लगातार देश के शहरों में सर्वोच्च रैंक हासिल कर रहा है और क्षेत्र में किए गए कार्यो के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है।

नगर निगम के इतिहास में अभूतपूर्व उपलब्धि:-

1. संपत्ति कर में लक्ष्य के सापेक्ष 208 प्रतिशत की वसूली कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
2. चार माह में 60 करोड़ से अधिक की नगर निगम की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया गया।

अमृत सरोवर

इससे पहले काउनोमिक्स तकनीक का उपयोग करके 6 तालाबों का कायाकल्प किया गया था, जो सीवेज, खरपतवार से भरे हुए थे और पानी की गुणवत्ता यूट्रोफिकेशन से गंभीर रूप से प्रभावित थी। इन तालाबों के पानी की गुणवत्ता के परिणामस्वरूप तालाब के जीवों की जैव विविधता और परिवेशी वायु गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। परियोजना की सफलता से प्रेरणा लेते हुए, नगर निगम क्षेत्र में 4 और तालाबों की पहचान की गई है जो अतिक्रमित/सूखे या भरे हुए थे सीवेज के साथ।

अपशिष्ट कूड़ा प्रबंधन

ट्रेंचिंग ग्राउंड, रामपुर रोड में संग्रहित कुल 5.8 मिलियन टन पुराने कचरे में से 95 प्रतिशत से अधिक पुराने कचरे को संसाधित और निपटाया जा चुका है। उत्पन्न 7 आरडीएफ को ईंधन के रूप में उपयोग करने के लिए सीमेंट उद्योगों को भी भेजा जा रहा है।

स्मार्ट सिटी का कार्य प्रगतिपर

मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कुल 15 परियोजनाओं को- जिसमें मुख्यतः शहर की मुख्य सड़क बुधबाजार को स्मार्ट रोड बनाने का कार्य। जल प्रणाली को मजबूत करना, बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करना, प्रथम पी.एन.जी. मानव शमशान गृह को विकसित करना एवं सरकारी स्कूलों का कायाकल्प इत्यादि।

दिव्यांशू पटेल, IAS
नगर आयुक्त, मुरादाबाद

विनोद अग्रवाल
महापौर, मुरादाबाद

प्रेरणास्रोत : समस्त पार्षदगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं नगर निगम मुरादाबाद।

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

छिटपुट बारिश हो सकती है।

39.0° अधिकतम तापमान
30.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17
सूर्यास्त 07:16

एक नजर

पुनरीक्षण वेतनमान को लेकर करेंगे हड़ताल

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोआपरेटिव बैंक इम्पलाइज यूनियन की ओर से शुक्रवार को 1 अप्रैल 2021 से देय पुनरीक्षण वेतनमान न मिलने पर सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक को ज्ञापन दिया गया। उसमें उन्होंने देय वेतन न मिलने पर हड़ताल की चेतावनी दी। मंत्री अनुज कुमार के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि 22 जून से 23 जून तक शाखाओं व बैंक मुख्यालय पर काली पट्टी बांधकर कार्य करने का ऐलान किया है। जबकि 24, 25 को प्रदर्शन करेंगे। 26 को मंडलीय संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता मंडल के कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। साथ ही 27 जून को हड़ताल कर व प्रदर्शन करेंगे।

वंदे भारत समेत 12 ट्रेनें देरी से पहुंचीं, यात्री परेशान

बरेली-मुरादाबाद के बीच गड़बड़ाया रेल संचालन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शुक्रवार से शुरू हुए मेगा ब्लाक के चलते बरेली-मुरादाबाद के बीच रेल संचालन बिगड़ गया। जिसके चलते वंदे भारत समेत 12 ट्रेनें लेट हो गईं। इस दौरान एनआई वर्क के चलते बरेली से रामपुर के बीच तमाम गाड़ियां फंसी रहीं और उमस भरी गर्मी में यात्रियों ने दुश्वारियां झेलीं।

मुरादाबाद मंडल में दुगनपुर स्टेशन पर शुक्रवार को एनआई वर्क के चलते रेल संचालन बाधित हो गया। ब्लॉक के कारण बरेली और मुरादाबाद के बीच रेलगाड़ियां फंसी रहीं। जिसमें लखनऊ से देहरादून जाने वाली वंदे भारत समेत तमाम ट्रेनें प्रभावित हुईं। मेगा ब्लॉक के कारण बरेली से रामपुर के बीच दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन बिगड़ गया था। रेल संचालन बाधित होने से ट्रेनों को बरेली कैंट, रामपुर के पास भिटौरा, नगरिया सादात आदि स्टेशनों पर रोकना पड़ा। बरेली कैंट में डबल डेकर समेत तमाम गाड़ियां रुकी रहीं। इससे यात्री परेशान रहे। बरेली से चलने वाली नई दिल्ली इंटरसिटी, आला हजरत एक्सप्रेस भी डेढ़ से ढाई घंटे देरी से मुरादाबाद पहुंची। इसके अलावा शहीद एक्सप्रेस, गोरखपुर आनंद विहार स्पेशल, पद्मावत, महामना, दानापुर आनंद विहार जनसाधारण, प्रयागराज से योग नगरी ऋषिकेश, डबल डेकर, नौचंदी समेत तमाम गाड़ियों का शेड्यूल बिगड़ गया था। जिससे भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को भारी दिक्कतें हुई।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

दुश्वारी

- दुगनपुर स्टेशन पर एनआई वर्क के चलते बाधित रहा रेल संचालन
- बरेली कैंट में डबल डेकर समेत कई ट्रेनों को रोकना पड़ा

ब्लाक से सात दिन प्रभावित रहेंगी डिब्रूगढ़ राजधानी समेत 22 ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चंदौसी होकर संचालित की जाएंगी गरीब रथ व अवध-असम एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनें

अमृत विचार: शुक्रवार को मुरादाबाद रेल मंडल में संचालन को रफ्तार देने के लिए दुगनपुर में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य शुरू हो गया है। जिसके लिए रेलवे प्रशासन ने 26 जून तक ब्लाक लिया है। इसके चलते अवध-असम व गरीब रथ एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनें चंदौसी होकर संचालित की जाएगी। इसके अलावा सात दिन तक चलने वाले एनआई वर्क से डिब्रूगढ़ राजधानी समेत 22 ट्रेनों पर असर पड़ेगा।

रेल प्रशासन ने रामपुर-बरेली के बीच दुगनपुर में लूप लाइन की क्षमता बढ़ा रहा है। नई लूप लाइन से ज्यादा वैगन की मालगाड़ी खड़ी हो सकेंगी। रेलवे में विकास कार्यों से यात्री दुश्वारियां भी झेल रहे हैं। दुगनपुर में लूप लाइन में वृद्धि के लिए रेलवे एनआई वर्क करा रहा है। प्री एनआई के बाद 20 जून से एनआई का काम शुरू हो गया। इसके लिए रेलवे ने रेल संचालन में फेरबदल किया है। ट्रेनों को रीशेड्यूल और देरी से चलाने और डायवर्जन से 22 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि शनिवार 22 जून को गरीब रथ (12204), कुंभ एक्सप्रेस-12369 और अवध आसाम एक्सप्रेस-15909-10 ट्रेनें चंदौसी, बरेली कैंट होकर चलेंगी। ट्रेनों के अलग-अलग दिनों में यह फेरबदल हुआ है। इसके अलावा नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस, जननायक, गरीब रथ, सहरसा अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस, स्पेशल ट्रेनें दिल्ली दरभंगा, आनंद विहार-अयोध्या, श्रीमाता वैष्णोदेवी-गुहावटी ट्रेनें देरी से चलेंगी। इसके बारे में पूर्व में भी यात्रियों को जानकारी दे दी गई है।

आईआईटी मद्रास के छात्र ने जहर खाकर दी जान, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सिविल लाइन थाना क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के छात्र ने गुरुवार देर रात जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

पीएसी के पास रहने वाले नीरज सिंह ने बताया कि लाइट का काम करते हैं। उनका बेटा अभय प्रताप (20) परिवार के साथ ही रहता था। दो माह पहले अभय का दाखिला आईआईटी मद्रास में हुआ था। वह घर से ही ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि, गुरुवार देर रात अभय खाना खा कर सोने के लिए कमरे में चला गया। तभी लगभग 11 बजे अभय की तबीयत बिगड़ गई और तेज आवाज में चीखने लगा। इसके बाद उल्टी करने लगा। जब पूछताछ की तो उसने जहर खाने की बात कबूली। आनन-फानन में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराया। थाना प्रभारी के मुताबिक, शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले में परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।

दुखद

- दो माह पहले आईआईटी मद्रास में हुआ था अभय का दाखिला
- दोस्तों से भी नहीं मिली आत्महत्या के कारणों की जानकारी

मोबाइल से भी नहीं मिला कोई सुराग

पिता नीरज ने बताया है कि अभय अपने मोबाइल में हमेशा पासवर्ड डालकर रखता था। घटना के बाद परिजनों ने उसका मोबाइल फोन चेक किया तो अनलॉक मिला। फिलहाल मोबाइल का अनलॉक मिलना ''राज'' बना हुआ है। मोबाइल से कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि, अभय के दोस्तों से भी पूछताछ की लेकिन, किसी ने भी आत्महत्या के बारे में कुछ नहीं बताया है।

चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को बधाई देते साथी कर्मचारी। ● अमृत विचार

उमेश वर्मा अध्यक्ष, विशाल बने मंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

चुनाव

- सिंचाई खंड शाखा मुरादाबाद का द्विवर्षीय चुनाव संपन्न
- ममता देवी उप मंत्री, आकाश उपाध्यक्ष व नरेश कोषाध्यक्ष बने

अमृत विचार: शुक्रवार को सिंचाई खंड शाखा मुरादाबाद के अध्यक्ष, मंत्री, महामंत्री, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के दो वर्षीय चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिसमें उमेश वर्मा अध्यक्ष व विशाल कुमार मंत्री चुने गए।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। मतदान से पहले किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया था। अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला उमेश वर्मा व प्रदीप शर्मा के हुआ। जिसमें उमेश वर्मा ने 20 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। जबकि प्रदीप शर्मा को 14 वोट मिले। वहीं तीसरे उम्मीदवार नीलू सिंह को केवल दो ही वोट मिल पाई। वहीं मंत्री पद के लिए विशाल कुमार शर्मा और अब्दुल खालिद के बीच कड़ा मुकाबला रहा। विशाल कुमार शर्मा 22 वोट पाकर विजयी हुए। जबकि अब्दुल खालिद को 15 मत मिले। इसमें एक वोट निरस्त हो गया। इसके अलावा उपमंत्री ममता देवी, उपाध्यक्ष आकाश व कोषाध्यक्ष नरेश कुमार निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी कर्मचारी संघ के मंडलाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष जयदीप, जिला कोषाध्यक्ष सौरव शर्मा रहे।

स्प्रिंगफील्ड एकेडमी पांच विकेट से मैच जीती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही क्रीड़ा प्रतियोगिता में शुक्रवार को हैंडबाल बालक वर्ग, बॉक्सिंग, क्रिकेट बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव और विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव रहीं। क्रिकेट में स्प्रिंगफील्ड टीम चैम्पियन बनी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने जूडो, क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

क्रिकेट बालक प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम और स्प्रिंगफील्ड के बीच खेला गया। इसमें स्टेडियम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 157 रन बनाए। इसमें अभय अग्रवाल ने सर्वाधिक 56 और अनमोल प्रकाश ने 42 रन बनाए। स्प्रिंगफील्ड की ओर से शिव सिंह और प्रियांशु गौतम ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट एकेडमी की टीम ने लक्ष्य 16.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इसमें आर्यन चौधरी ने 50 शिवम सिंह 37 ने रनों का योगदान दिया। सोनकपुर की ओर से गेंदबाजी में सार्थक चौधरी ने दो विकेट लिए। इस प्रकार स्प्रिंगफील्ड ने यह मैच 5 विकेट से जीत लिया।

विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

क्रीड़ा प्रतियोगिता

- फाइनल मुकाबले में स्टेडियम की टीम को हराया
- जूडो, क्रिकेट और बैडमिंटन विजेताओं को किया सम्मानित

प्रतियोगिता में यह रहे मौजूद

जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ अजय पाठक, यश शुक्ला, धीरज कुमार, सचिन विश्नोई, छोटे लाल, प्रदीप सक्सैना, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

हैंडबाल में स्टेडियम टीम विजेता बनी

हैंडबाल बालक वर्ग प्रतियोगिता में चार टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोनकपुर स्टेडियम की टीम और महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज की टीम के मध्य खेला गया। इसमें स्टेडियम की टीम ने 20 गोल किए। इसमें सर्वाधिक शिवांशु ने चार और आशीष ने पांच गोल किए। महाराजा अग्रसेन की टीम की ओर से आयुष ने तीन और निखिल ने तीन गोल किए। इसमें स्टेडियम की टीम 20-11 से विजयी रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अमित शुक्ला, कु .पायल, अमन कुमार, गौरव सागर, विकास कुमार रहे।

पुलिस लाइन, विकास भवन की तीन घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर में स्मार्ट सिटी के कार्य के लिए शनिवार को कांठ रोड के तीन फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसमें पुलिस लाइन और विकास भवन की बिजली आपूर्ति तीन- तीन घंटे बाधित रहेगी। साथ ही मिनी कॉम्प्लेक्स में रहने वाले 800 उपभोक्ताओं की बिजली कटौती के संकट झेलना पड़ेगा।

शनिवार को स्मार्ट सिटी के कार्य में आशियाना के फीडर एक और दो पर 11 केवी के लाइन चार्जिंग कर सुचारु करने का कार्य किया जाना है। अधिशासी अभियंता द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इसके लिए शाम चार बजे से सात बजे तक विकास भवन और मिनी कॉम्प्लेक्स में रहने वाले आठ सौ उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं पुलिस लाइन में एलटीयूजी लाइन को चार्ज करने का कार्य किया जाना है। जिसमें फीडर नंबर पांच के उपभोक्ताओं की 6-9 तीन घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

ऑनलाइन ठगी चार साल में 63 लोगों के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी, इस साल सबसे ज्यादा लोग हुए साइबर ठगी का शिकार

शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर जमापूंजी उड़ा रहे साइबर ठग

प्रदीप यादव, मुरादाबाद

अमृत विचार: शेयर ट्रेडिंग और दोगुना मुनाफे का फर्जी विज्ञापन दिखाकर साइबर अपराधी नये-नये तरीकों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। भारी मुनाफे का लालच देकर जालसाज उनकी जमापूंजी पूरी तरह से खाली कराने में जुटे हैं। ठगी का पता तब लगता है जब आपकी जमापूंजी पूरी तरह से खाली हो चुकी हो चुकी होती है। फिर पैसा वापसी के लिए थानों के चक्कर काटते रहते हैं।

पहले ठगी कम पढ़े लिखे लोगों के साथ होती थी लेकिन, डिजिटल दुनिया में उल्टा हो रहा है। समय के साथ ठगी का तरीका बदला और शिकार होने वाले लोग भी बदले। भारी मुनाफे के लालच में आकर हर रोज लोग लाखों गंवा रहे हैं। साइबर थाने में चार साल में ठगी के 63 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं 50 फीसदी मामलों का निस्तारण हुआ है। इस साल 12 लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है, जो बीते तीन सालों की तुलना में अधिक है। जिन पर अभी जांच चल रही है। साइबर क्राइम अधिकारी ने बताया है कि, विदेश में बैठे ठग शेयर ट्रेडिंग के बहाने ठगी कर रहे हैं। जालसाज लोगों से डीमैट अकाउंट खुलवाकर निवेश कराते हैं और रकम मिलने के बाद अकाउंट ही बंद कर देते हैं। साइबर ठग सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर नामी कंपनियों से मिलते-जुलते नाम के विज्ञापन भेजते हैं। जिसमें कम समय में अधिक रुपये कमाने और शेयर बढ़ने का झांसा दिया जाता है। शेयर मार्केट में रुचि रखने वाले लोग तुरंत लिंक खोल लेते हैं और विदेश में बैठे ठग नामी कंपनियों के नाम से फर्जी कंपनी में ऑनलाइन अकाउंट खुलवाते हैं। उसमें रुपये डालने को कहते हैं। खाते में रुपये डालने पर डबल दिखने लगता है, जिससे लोग ठगों के झांसे में आ जाते हैं। इसी तरह जाल में फंसकर लोग लाखों रुपये डालने शुरू कर देते हैं। पांच लाख या फिर उससे अधिक होने के बाद अगर निवेशक रुपये निकालने की कोशिश करता है तो ठग उसमें नया नियम बताते हुए और रुपये डालने को कहते हैं। जब ठगों को लगता है कि अब और रुपये नहीं आने वाले तो उस खाते को ब्लाक कर देते हैं। जालसाज सारी रकम को क्रिप्टो करेंसी के जरिए विदेश में बैठे आकाओं के पास भेज देते हैं।

> शेयर ट्रेडिंग में निवेश के लिए डीमेट अकाउंट की जरूरत होती है। जालसाज मिलते-जुलते नाम की फर्जी वेबसाइट बना लेते हैं। लोगों को दोगुना मुनाफे का झांसा देकर फंसाते हैं। खाते में रुपये जमा करा कर अकाउंट को ब्लाक कर देते हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। ठगी का शिकार होने पर 1930 या स्थानीय थाने में शिकायत करें।
>
> **-राम संजीवन,** इंस्पेक्टर, साइबर थाना

डिजिटल अरेस्ट करके जाल में फंसा रहे ठग

साइबर अपराधियों ने ठगी करने का नया तरीका निकाला है। जिसमें लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके जाल में फंसा रहे हैं। इसमें ठग खुद को पुलिस या किसी विभाग का अधिकारी बताते हैं और फिर किसी मामले में फंसाने के बहाने से खातों में रकम ट्रांसफर करा लेते हैं। मंगलवार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को डिजिटल अरेस्ट करके ठगों ने खुद को एनसीबी का अधिकारी बता कर 10 लाख की ठगी कर ली थी। इससे पहले भी डिजिटल अरेस्ट करके कइयों के साथ धोखाधड़ी हो चुकी है।

साइबर ठगों से ऐसे करें बचाव

किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। शेयर ट्रेडिंग या अन्य किसी में दोगुना मुनाफे के फर्जी विज्ञापन पर भरोसा न करे। अपने पासवर्ड को नियमित रूप से बदलते रहें। ठगी हो जाए तो तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। किसी भी वेबसाइट पर जानकारी साझा करने से पहले जांच कर लें। कस्टमर केयर नंबर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। आधिकारिक वेबसाइट से ही वित्तीय लेनदेन करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआईडी व पासवर्ड न डालें। सोशल मीडिया पर अपरिचित लोगों के मित्रता अनुरोध को स्वीकार न करें। अनजान नंबर से वीडियो कॉल आए तो मोबाइल कैमरे को अपने चेहरे की तरफ न रखें।

जनवरी-24 से 12 हुए ठगी का शिकार

साइबर थाने के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2021 से अबतक विदेश में बैठे ठगों ने 63 लोगों के साथ ठगी की है। इन ठगों के शिकार हुए अधिकतर लोग शेयर ट्रेडिंग में निवेश और दोगुना मुनाफे के विज्ञापन के झांसे में आए हैं। जबकि, जनवरी 2024 से अब तक पांच लाख रुपये से अधिक वाले 12 लोगों ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। खास बात यह है कि ठगी में फंसे लोग 90 प्रतिशत लोग पढ़े लिखे लोग हैं।

नगर निगम ने वन विभाग से मांगी पेड़ काटने पर जुर्माने की राशि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- सरकारी भूमि पर लगे हरे पेड़ प्रधान अध्यपिका द्वारा कटवाने का मामला

अमृत विचार: नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर टिहरी की प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यालय की भूमि में लगे हरे पेड़ कटवाने के मामले में जांच के बाद वन विभाग ने पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाकर मामले को समाप्त कर दिया था। अब नगर निगम प्रशासन ने वन विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर पेड़ काटने पर लगाए गए अर्थदंड की राशि को नगर निगम के खाते में हस्तांतरित करने के लिए कहा है।

प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर टिहरी में सरकारी जमीन पर लगे दो हरे पेड़ों को कटवाने के वायरल वीडियो मामले की जांच बीएसए ने नगर शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस से कराई थी। उनकी जांच रिपोर्ट में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सारिका चौधरी के बयान व मौके के साक्ष्य के आधार पर प्रधानाध्यापिका के सामने ही पिलखन के दो हरे पेड़ कटवाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद दोषी प्रधानाध्यापिका पर वन विभाग की ओर से पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। लेकिन अब नगर निगम प्रशासन के मुख्य अभियंता ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वनप्रभाग को पत्र लिखकर पेड़ों के कटने पर लगाए गए अर्थदंड की पांच हजार रुपये की धनराशि और कटी लकड़ी को नगर निगम को सौंपने के लिए कहा है।

एक नजर

दहेज लोभियों पर कार्रवाई के लिए दें जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : दहेज एक सामाजिक बुराई है, इसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनाएं और अपराध उत्पन्न हो रहे हैं। सरकार न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिए बल्कि बालिकाओं की स्थिति के उत्थान के लिए कई कानून और योजनाओं द्वारा सुधार के लिए प्रयासरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि दहेज सामाजिक कुरीतियों को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित मामले में कार्रवाई के लिए शादी के 1 माह के अन्दर उपहारों की सूची देनी होगी। बैंक्वेट हाल की दीवारों पर जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का मोबाइल 7518024010 लिखा रहेगा। इसके अलावा वन स्टाप सेन्टर का मोबाइल नंबर 9456485201 अथवा 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर अधिक जानकारी दे सकते हैं। साथ ही कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, विकास भवन या वन स्टाप सेन्टर गांगन स्थित राधा कृष्ण मन्दिर के पास दिल्ली रोड पर संपर्क कर सकते हैं।

रालोद नेताओं से मिलते प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार।

रालोद के पदाधिकारियों ने किया प्रदेश सरकार के मंत्री का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मंत्री अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने के अलावा सर्किट हाउस में राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम कुरैशी ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ ही जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान मोहम्मद सलीम कुरैशी, अनवर मलिक, सैयद राशिद अली, असलम अंसारी, जावर खान आदि मौजूद रहे।

दवा विक्रेता का नहीं होने देंगे उत्पीड़न: दिवाकर

मुरादाबाद, अमृत विचार: शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में मुरादाबाद केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सभा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह, प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल, दवा उद्योगपति राजेश रस्तोगी व नगर अध्यक्ष तनुज अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन करके की। सभा में प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने कहा कि हम किसी भी दवा विक्रेता का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। हम हर समय अपने केमिस्ट भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि मुरादाबाद केमिस्ट एसोसिएशन एक मजबूत संगठन है। राष्ट्रीय संगठन ने तनुज अग्रवाल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य और प्रदेश संगठन ने जोन का महामंत्री बनाकर जिले को उपहार दिया है। इस दौरान सुनील अग्रवाल, सुशील कुमार, विनीत गुप्ता, सचिन गुप्ता, शरद रस्तोगी, अखिल टंडन, असद मुस्तफा व सचिन गुप्ता शामिल रहे।

जिगर मंच पर लोगों के सिर चढ़कर बोला गायिका आकांक्षा शर्मा के गानों का जादू

ओ तेरे संग यारा, खुश रंग बहारा... पर झूमे दर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ओ तेरे संग यारा, खुश रंग बहारा... गायिका आकांक्षा शर्मा ने जिगर मंच से जब इस गीत को गाया तो लोग झूम उठे। आकांक्षा के गानों का जादू सबके सिर चढ़कर बोला।

वो जो अधूरी से बात बाकी है गाने के साथ जब आकांक्षा ने अपनी प्रस्तुति दी तो लोगों का उत्साह बढ़ गया। इसके बाद उन्होंने ओ तेरे संग यारा, खुश रंग बहारा से लोगों में जोश भर दिया। नैनो ने बांधी कैसी डोर वे, दिल पर चले न कोई जोर वे.. सहित अन्य गानों पर लोग थिरकते नजर आए। जिला कृषि, विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत शुक्रवार को रियलिटी शो नाइट का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी पसंदीदा गायिका को देखने के लिए महानगर के दर्शक उत्साहित दिखे। जैसे ही जिगर मंच पर आकांक्षा पहुंची लोगों ने उनका तालियों से स्वागत किया। इस दौरान आकांक्षा ने बॉलीवुड गानों पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि सीएल गुप्ता संस्थान के निदेशक प्रणित गुप्ता, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी व प्रदर्शनी सचिव ऋतुषा तिवारी और प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

जिगर मंच पर प्रस्तुति देतीं गायिका आकांक्षा शर्मा। ● अमृत विचार

लगन व जुनून से लक्ष्य हासिल कर सकता है इंसान

मुरादाबाद, अमृत विचार : कक्षा 12वीं तक पढ़ी राजस्थान के जिला सीकर की आकांक्षा शर्मा ने अपने गायिका के करियर की शुरुआत वॉइस इंडिया के छोटे उस्ताद रियलिटी शो से की थी। परिवार और रिश्तेदारों में कोई गायकी में दिलचस्पी नहीं रखता था। आकांक्षा ने बताया कि सीकर के वर्तमान विकास विहार इंटर कॉलेज से उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई की है। स्कूल के ही संगीत के शिक्षक से उन्होंने स्वरों का ज्ञान लिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहला गाना ' 'तू अलविदा'' गाया। जिसमें उनकी परफॉर्मेंस देखकर पिता आनंद शर्मा ने उनका हौसला बढ़ाया। उन्हें फिल्म तेरे संग यारा में जोगी गाने से उन्हें प्रसिद्धि मिली। जिसके बाद उनके एक के बाद एक गाने हिट होते गए। उन्होंने बताया कि पहले के मुकाबले इस समय सिंगर या एक्टर बनना आसान है। बस आदमी में लगन और जुनून होना चाहिए।

हल्की बारिश से गर्मी से राहत, उमस से बढ़ी बेचैनी

अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रहा, 23-24 जून को बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार की रात के बाद शुक्रवार की सुबह हल्की बारिश से गर्मी से फौरी तौर पर राहत मिली। लेकिन धूप निकलने पर उमस बढ़ गई जिससे लोग बेचैन रहे। हालांकि लू का असर कम रहा।

जून में गर्मी ने एक दशक से अधिक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अधिकतम पारा 45 डिग्री के पार चला गया। जिससे लोग गर्मी से त्राहि-त्राहि कर उठे। वहीं दोपहर में लू ने लोगों को बेदम कर दिया। भीषण गर्मी से थोड़ी राहत बुधवार की रात हुई बारिश से मिली। लेकिन अगले दिन फिर तेज गर्मी रही। लेकिन शुक्रवार की सुबह हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लेकिन दोपहर में कड़ी धूप और उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। 51 प्रतिशत आर्द्रता ने चिपचिपी गर्मी से लोग परेशान हुए। 8.5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली। मूसलाधार बारिश के लिए आकाश की ओर टकटकी लगाए हैं। हालांकि मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि प्री मानसून की बारिश 23-24 जून को होगी। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते मानसून की सक्रियता में देरी है। प्री मानसून के चलते 23-24 जून को मैदानी क्षेत्रों में कई जगह हल्की बारिश होगी। मानसून पूरी तरह 28 जून या इसके बाद सक्रिय होगा।

दोपहर में आशियाना स्थित पार्क में नहाते बच्चे। ● अमृत विचार

महलकपुर गांव में पानी न मिलने से सूख रही गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

बारिश से किसानों को मिली राहत, तेज बारिश की दरकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● तपती गर्मी में पर्याप्त पानी न मिलने से सूख रहीं फसलें, बिजली की आवाजाही ने बढ़ाई मुश्किल

अमृत विचार: शुक्रवार सुबह हुई बारिश से जहां एक तरफ मौसम सुहाना हो गया। वहीं दूसरी ओर किसानों को भी हल्की राहत मिल गई। बारिश न होने से फसलें सूख रही हैं। उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि अभी फसलों के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। लेकिन, इस बारिश से भी फसलों को सिंचाई के लिए एक-दो दिन का समय मिलेगा।

इन दिनों खेतों में फसलें सिंचाई न होने से सूख रही हैं। अधिकांश खेतों में पानी की कमी है। बिजली की आवाजाही ने किसानों की मुश्किल और बढ़ा दी है। मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, जेबड़ी, जेबड़ा, कोकरपुर समेत अन्य गांवों के किसानों का कहना है कि बिजली की आवाजाही से वह बहुत परेशान हैं। पूरे दिन में 2 से 3 बीघा भी जमीन नहीं भर पा रही है। उधर, गर्मी से खेत पानी अधिक मांग रहे हैं। सब्जियों की खेती को समय से पानी देना होता है, नहीं तो वह खराब हो सकती है। उधर, गन्ने की खेती को भी भारी नुकसान हो रहा है। फसलों की पत्तियां सूखने लगी हैं। शुक्रवार की सुबह हुई बारिश से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए एक-दो दिन का समय मिल जाएगा। मानपुर निवासी समरपाल सिंह ने बताया कि बिजली की आवाजाही ने काफी परेशान किया है। फसलें सूख रही हैं। किसान बारिश का इंतजार कर रहा है। वहीं हमीरपुर निवासी विनोद कुमार का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए बहुत कम है। हां, मौसम अच्छा हुआ है।

बिजली कटौती की समस्या से जूझे चंद्र नगर बुद्धि विहार और दीनबंधुपुरम के उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हल्की बारिश के बाद महानगर में बिजली के उपकरणों में फाल्ट होने का सिलसिला भले ही कम हो गया हो, लेकिन अघोषित बिजली कटौती जारी है। लाइनपार, बुद्धि विहार, दीनबंधुपुरम विद्युत केंद्र से जुडे. ढाई हजार और चंद्र नगर मोहल्ले के 1500 उपभोक्ता दो दिन से बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं।

लोकोशेड विद्युत केंद्र से जुड़े चंद्र नगर वार्ड 17 में रहने वाले 1500 से अधिक उपभोक्ता दो दिन से बिजली ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां के मोहन लाल ने बताया कि दो दिन से लगातार बिजली की कटौती की समस्या बनी हुई है। गुरुवार की सुबह शिकायत की थी। लेकिन, उसी रात को बिजली ट्रिपिंग की समस्या और बढ़ गई। जिससे अब इनवर्टर की बैटरी भी जवाब दे गईं। बुधवार- गुरुवार की रात की तरह शुक्रवार दिन में भी बिजली की आवाजाही बनी रही। वहीं बुद्धि विहार, दीनबंधुपुरम और लाइनपार में रहने वाले करीब 2500 उपभोक्ता भी बिजली ट्रिपिंग की समस्या से एक सप्ताह से परेशान हैं। वहीं डॉक्टर एस. कुमार चौराहा, ढहेरिया मोहल्ले की रात एक बजे ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह आठ घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। न जाने कब गुल हो जाए, इसके बाद आने का भी कोई समय नहीं है। दिन में लगातार कई घंटे गायब रहने के बाद भी रात को बीस मिनट आपूर्ति सुचारु रहने के बाद एक से डेढ़ घंटा फिर से गुल हो जाती है।

-अनवर, निवासी डॉ. एस. कुमार चौराहा

● पूरी रात आंख मिचौली करती रही बिजली,अधिकारी-कर्मचारियों ने नहीं उठाए उपभोक्ताओं के फोन

● ढहेरिया मोहल्ले में रात एक बजे ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से ठप रही बिजली आपूर्ति

चंद्र नगर में दिन में बिजली कटौती और रात में ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ रहा है। हालांकि बिजली कर्मचारी बिजली आपूर्ति गुल होने के बाद फोन तक नहीं उठाते हैं। जिससे पूरी रात बिजली आपूर्ति बंद रहने पर परेशानी हो रही है। बच्चे और बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

-रजनी सहगल, निवासी चंद्र नगर

बिजली उपकरणों में फाल्ट कम हुए हैं। बिजली विभाग पूरी तरह ओवरलोडिंग और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में लगा है। जिसके कारण पूरी तरह बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

-मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता नगरीय

पुलिस लाइन में योग करते डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी हेमराज मीना व अन्य।

पुलिस लाइन व थानों में किया योग

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस अधिकारियों ने योग किया। पुलिस लाइन में 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिकारियों के साथ-साथ शहर के सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने भी योग किया।

शुक्रवार को डीआईजी मुनिराज जी के साथ एसएसपी हेमराज मीना, एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी ट्रैफिक सुभाष चन्द्र गंगवार ने योगाभ्यास किया। योग शिविर में डीआईजी, एसएसपी ने सक्रिय भूमिका निभाई। एसएसपी ने बताया कि योग दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली के लिए प्रेरित करना था। योग शिविर में विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास किए गए। पुलिस अधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर योग के लाभ के बारे में जागरूक किया और पुलिसकर्मियों को योगाभ्यासों को अपने जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी।

रेल मंडल के सभी स्टेशनों पर मनाया योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को रेल मंडल के मुरादाबाद, अमरोहा, बरेली, नजीबाबाद, हरिद्वार, देहरादून, रुड़की, हापुड़, बालामऊ, शाहजहांपुर, रोजा, हरदोई, सीतापुर सिटी तथा चंदौसी स्टेशनों पर योग शिविरों का आयोजन कर मंडल के सभी अधिकारियों के साथ-साथ अनेक रेल कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को रेलवे स्टेडियम में आयोजित योग शिविर में मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन राकेश सिंह के साथ मंडल के सभी अधिकारियों, अनेक संख्या में रेल कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ लेते हुए प्रतिभाग किया। यहां योग प्रशिक्षक महेंद्र सिंह विश्नोई ने सभी को योगाभ्यास कराया तथा योग के लाभ बताए। उन्होंने योग को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस योग सत्र के समापन पर मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह द्वारा उपस्थित योगा प्रशिक्षक महेंद्र सिंह विश्नोई को स्मृति चिह्न भेंट किया।

योगासन करते रेलवे अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

लखनऊ में सम्मानित किए गए शिक्षक।

लखनऊ में दो शिक्षक सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार : लखनऊ में आयोजित हुई योग प्रतियोगिता में जनपद के दो शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को बीएसए अजीत कुमार व अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लखनऊ में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को एससीईआरटी निदेशक लखनऊ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कुंदरकी कलालखेड़ा जेएचएस कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक अमित तोमर और प्राथमिक विद्यालय झांझनपुर की शिक्षिका रोशनी वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

बीएस-एमएस की डिग्री प्राप्त करते वासुदेव मित्तल। ● अमृत विचार

वासुदेव को मिली बीएस-एमएस की डिग्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामपुर निवासी प्रो. अलका मित्तल के पुत्र वासुदेव मित्तल ने बीएस-एमएस की डिग्री हासिल की है। मोहाली में भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह के दौरान उन्हें यह सम्मान मिला। वासुदेव के पिता सुखदेव मित्तल मुजफ्फरनगर में दीवानी के प्रमुख वकील हैं।

वासुदेव मित्तल ने भौतिकी विषय में खगोलशास्त्र विशेषज्ञता लेकर अपना पाठ्यक्रम पूर्ण किया और संस्थान और अपने संकाय के शीर्ष 3 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी, कुलसचिव प्रो. जगदीप सिंह व शासक मंडल के प्रमुख प्रो. जेएस यादव ने वासुदेव को डिग्री प्रदान की।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से प्रकाशित मनरास शोध पत्रिका में वासुदेव के 2 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही इन्होंने इंग्लैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया में शोध कार्य के लिए प्रवास किया है। उन्हें भारत सरकार ने इन्हें जर्मनी में आयोजित होने वाली नोबेल पुरस्कार विजेताओं की बैठक के लिए एक युवा शोधकर्ता के रूप में चयनित एवं नामांकित किया। ये इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर वासुदेव ने प्रथम प्रयास में ही सीआईएसआर-नेट में 49 रैंक लाकर जेआरएफ प्राप्त की है।

नीट परीक्षा में धांधली पर कांग्रेसी मुखर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश कांग्रेसी कमेटी के आह्वान पर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर नीट परीक्षा में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार के मंत्रियों के खिलाफ विरोध जताया। कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी भेजा।

कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि जब से केंद्र में एनडीए सरकार का शासन आया है, तब से कोई भी प्रतियोगी अथवा प्रवेश परीक्षा सुचितापूर्ण संपन्न नहीं हो पा रही है। जिससे देश के छात्रों व युवाओं के भविष्य से जमकर खिलवाड़ हो रहा है। लेकिन सत्ताधारी दल मौन है। इस बार की नीट परीक्षा में तो धांधलेबाजी ने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार के मंत्री योग्य छात्र-छात्राओं के अधिकारों पर कुठाराघात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सजग है। उन्होंने नीट परीक्षा में धांधली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर अमीरुल हसन जाफरी, आनंद मोहन गुप्ता, श्याम सरन, अफजल साबरी, अनुराग शर्मा, तबस्सुम खान, राजेंद्र वाल्मीकि, दानिश सैफी, विवेक अग्रवाल, गौरव त्रिवेदी, मोहतसिम मुख्तार, भयंकर सिंह बौद्ध, शहजाद खान, कामिल मंसूरी, रामस्वरूप जाटव, सीपी सिंह, अरशद परवेज, वाहिद हुसैन, नेम सिंह व परम सिंह सैनी शामिल रहे।

नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रवर्तन कार्रवाई से राजस्व वसूली में लाएं सुधार

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन की कार्रवाई बढ़ाकर राजस्व वसूली में सुधार लाने का निर्देश दिया।

बैठक में भू-राजस्व, स्टाम्प एवं निबंधन, राज्य उत्पाद शुल्क/आबकारी, बिक्री, व्यापार आदि पर कर, मनोरंजन कर, यात्री कर, वाहन कर, माल कर, वानिकी एवं वन्य जीव आदि की राजस्व प्राप्तियों व प्रवर्तन कार्रवाई पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को स्वयं मॉनिटरिंग कर तहसील में अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र आदि मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते न्यायिक अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

योगाभ्यास शरीर के लिए हितकर

मुरादाबाद, अमृत विचार: उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश व जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार-द्वितीय के मार्गदर्शन में जनपद न्यायालय सभागार में सुबह योग शिविर आयोजित हुआ। इसमें न्यायिक अधिकारियों व न्यायिक अधिष्ठान के कर्मचारियों आदि ने योगासन किया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाए गये।

प्रथम अपर जिला जज/सचिव किरन बाला ने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए हितकर है। योग हमारे शरीर को रोगमुक्त रखता है साथ ही मन को शांति भी देता है। इसी क्रम में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में योग शिविर के बाद विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध किशोरों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। किशोरों को हाइजीन किट और खाने के पैकेट का वितरण किया गया।

एक नजर

विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी बने अहसान

कुंदरकी, अमृत विचार : कुंदरकी विधानसभा के उपचुनाव के लिए जिला कांग्रेस पार्टी ने चौधरी अहसान खान प्रभारी बनाया है। वह गांव तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा के रहने वाले हैं। कुंदरकी विधानसभा सीट से जियाउर्रहमान बर्क सपा से विधायक थे। वह लोकसभा चुनाव में जीत के बाद सांसद बन गए। उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया गया। इससे यह सीट खाली हो गई। इस सीट पर अब उपचुनाव होना है। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद ने लेटर जारी किया। इसमें बताया गया कि चौधरी अहसान खान को उपचुनाव प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी है।

अब आंगनबाड़ी केंद्र में मैट पर बैठेंगे बच्चे

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को बैठने के लिए रंग बिरंगी मैट दी जाएगी। रंग बिरंगी टाइल्स की तरह मैट मुलायम भी होगी। अभी तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चे टाट पट्टी पर बैठते थे। तीन वर्ष तक के बच्चे होने की वजह से फर्नीचर पर बैठ नहीं सकते थे। फर्नीचर से गिरकर चोट लगने का भी खतरा रहता था। खंड शिक्षा अधिकारी वेगेश गोयल के अनुसार, प्राइमरी स्कूलों से जुड़े 37 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए मुलायम मैट मुहैया कराई जाएगी। बच्चों को आकृषित करने के लिए मैट का रंग भी लाल, पीला, हरा और नीला रखा गया है। करीब डेढ़ फिट वर्गाकार आकार की मैट एक दूसरे से जुड़कर फर्श का रूप धारण कर लेगी। फिलहाल 700 बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

दो लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

भोजपुर, अमृत विचार : पुलिस ने शांति भंग के आरोप में दो युवकों को पकड़ लिया। उस्मान व शाने आलम रामपुर दौराहा थाना कटघर मुरादाबाद के निवासी हैं। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

भोजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दो दिन पूर्व शिकायती पत्र देकर 17 वर्षीय पुत्री को गांव के ही युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी गजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसका चालान कर दिया गया।

प्रधान ने नहीं करने दी विकास कार्यों की जांच

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव सरथल में विकास कार्य को लेकर की गई शिकायत के बाद प्रधान के प्रतिनिधियों ने शिकायतकर्ता को अधिकारियों के सामने आने से रोक लिया। इस बीच धमकाया। मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी गई है। सरथल गांव निवासी राजू तोमर पुत्र सतीश तोमर ने बताया कि गांव सरथल के प्रधान की उन्होंने शिकायत की थी। शिकायत की जांच को 21 जून को अधिकारी गांव पहुंचे तो ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से नहीं मिलने दिया। जहां अधिकारी मौजूद थे। वहां गेट पर ही करनपाल व बाली प्रजापति को शराब पिलाकर खड़ा कर दिया। अब मामले को लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी।

बिलारी में योग करते लोग। ● अमृत विचार

ठाकुरद्वारा के कॉलेज में योग करते शिक्षक। ● अमृत विचार

योग स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार : कंचन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेज, सरकारी कार्यलयों में किया गया योग, प्रशिक्षकों ने बताया महत्व

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद, भारतीय जनता पार्टी, पतंजलि योग समिति, और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि आज विश्व भारत के बताए रास्ते पर चल रहा है। योग की शुरुआत भारत से हुई है। योग शिक्षक निहाल सिंह ने लोगों को योग करया। योग शिक्षिका मीना गुप्ता ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य नियमित रूप से योग करता रहे तो उसे बीमारी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान ईओ रजनी सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी, विकास गुप्ता, डॉ. विजय शर्मा आदि रहे। उधर, रुस्तम नगर सहसपुर स्थित विद्यालय में योग शिक्षिका कंचन सहदेव ने महिला एवं पुरुष को योग के फायदे बताए। उन्होंने बताया कि योग स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। नगर के हरि मंगल महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग का संचालन सुरेंद्र चौहान तथा शंकर सिंह ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने योग किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है।

जिलाधिकारी मणि अरोड़ा एवं तहसीलदार कमलेश तिवारी सहित तहसील के समस्त स्टाफ ने तहसील सभागार के सामने खाली मैदान में दरी, गद्दे पर बैठकर योग किया। इस दौरान तहसीलदार कमलेश तिवारी ने सभी को योगा करने के तरीके बताए।

बिलारी में योग करते एसडीएम, तहसीलदार और तहसील के कर्मचारी।

योग मन और आत्मा को जोड़ने की विधा

डिलारी, अमृत विचार : बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित क्षेत्र के देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक कुलदीप कुमार ने योगासन एवं प्राणायाम कराए। शिक्षाविद पंडित राधेश्याम शर्मा ने बताया कि योग शब्द संस्कृत भाषा के युज से लिया गया है, जिसका अर्थ है एक साथ होना। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने की एक विधा है। भाजपा जिला मंत्री चकित चौधरी ने बताया कि योग वह विधा है जो हमारे कर्मों में कुशलता लाता है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल ने बताया कि योग हमारा स्वाभिमान बढ़ता है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष डॉ. सुखवीर सिंह, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, डॉ. शमीम अहमद, मुसर्रत अंसारी, रिजवान, राशिद मंसूरी, राजेन्द्र सिंह, नजाकत हुसैन, हरिओम सिंह नंबरदार, राजपाल सिंह आदि रहे।

निरोगी काया के लिए किया योग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय में योग किया गया। विशेषज्ञों ने प्रतिदिन योग को अपने जीवन में अपने का संकल्प दिलाया। कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों ने योग किया। वैज्ञानिक दीपक कुमार ने योग का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि योग से शरीर की आंतरिक शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुरा पदार्थ में राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने कहा कि निरोगी और लोगों ने अपने स्वास्थ्य की रक्षा सुरक्षा के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल किया है। ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता व अन्य ब्लॉक के अधिकारियों का कर्मचारियों ने योग क्रियाएं कीं। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संचालन आचार्य रमेश ने किया। यहां प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल, उपप्रबंधक दीपक शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिंघल आदि लोग उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर योग दिवस मनाया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षण संस्थानों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संस्थाओं में योग किया गया।

डायट में प्रायार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने सूर्य नमस्कार के साथ योग को शुरू किया। डायट प्रवक्ता और डीएलएड प्रशिक्षुओं ने योग किया। यहां आशुतोष त्यागी, डॉ. अनिल कुमार यादव, शीतल कुभार. राशिद अली आदि रहे। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने सभी का धन्यावाद किया। महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में 1 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने योग किया। यहां विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, अखिलेश कुमार विश्नोई, अतवीर सिंह त्यागी, सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्रा इकाई के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसके अलावा कई स्थानों पर योग किया गया। प्रशिक्षकों ने योग का महत्व समझाया।

योगाभ्यास करते शिक्षक व छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

शिविर में दवा के बारे में जानकारी लेतीं महिला चिकित्सक। ● अमृत विचार

शिविर में 251 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

बिलारी, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक में लगे शिविर में योग किया गया। इसके बाद चिकित्सा शिविर में दवाओं का वितरण किया गया। क्षेत्रीय आयुष अधिकारी राजेश कुमार शर्मा व मंजरी जैन के निर्देशन में योग हुआ। स्वास्थ्य शिविर में 251 मरीज के स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की गई। यहां डॉ. परमेश, डॉ. ज्योति चौधरी, ममता पांडे, रामचंद्र सिंह, जगत नारायण शर्मा आदि रहे।

लेखपालों ने दी थाना समाधान दिवस समेत कार्यों के बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : तहसील के तीन लेखपालों के खिलाफ मारपीट और लूटपाट की धारा में एफआईआर दर्ज होने के बाद लेखपाल संघ ने भी आंदोलन की चेतावनी दी है। नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार से थाना समाधान दिवस के साथ तहसील के भी कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

तहसील कार्यालय में 18 जून को विवाद के बाद लेखपाल मुनेश कुमार ने अधिवक्ता योगेंद्र यादव और कुलवंत सिंह के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। लेखपालों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दोनों नामजद अधिवक्ताओं की गिरफतारी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी। 20 जून को अधिवक्ताओं ने लेखपाल मुनेश कुमार, विनय अरोरा और त्रिलोकी नाथ के खिलाफ मारपीट और लूट की प्राथमिकी दर्ज करवा दी। शुक्रवार को तहसील कार्यालय पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, महामंत्री पंकज कुमार, तहसील सदर के अध्यक्ष अभिषेक चौहान, महामंत्री, बिलारी के तहसील अध्यक्ष शिव कुमार, कांठ तहसील अध्यक्ष अभिषेक चौहान, महामंत्री, ठाकुरद्वारा उमेश कुमार आदि रहे।

शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, छजलैट

- कांठ के निजी अस्पताल में बीमार महिला के पिता की हत्या का मामला, तीन लोगों पर रिपोर्ट

अमृत विचार : कांठ के निजी अस्पताल में बीमार महिला के पिता की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम शव घर पहुचा तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की बेटियां और बेटे रोते-रोते बेहोश हो गए। देर शाम गांव के कब्रस्तान में बदलू के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। इस दौरान जनाजे में बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

बताया गया कि गांव रसूलपुर चौहरा निवासी बदलू की बेटी तैयबा को शादी के बाद से ही दामाद रफीक परेशान करता था। साथ ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए ताने देते थे। इससे वह तनाव में रहती थी। इस बीच उसने दो बेटों को दिया। लेकिन, ससुराल वाले उसे परेशान करने से नहीं माने। अब कई दिन पहले रफीक अपनी पत्नी तैयबा को उसके मायके रसूलपुर चौहरा में छोड़ गया था। तभी ही वह यहां रह रही है। इस बीच कुछ दिन पहले उसने एक बेटी को जन्म दिया तो उसकी तबीयत बिगड़ गई। इस पर मायके वालों ने बेटी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार रात उन्होंने बेटी के इलाज का खर्च का बिल जमा करने के लिए कहा तो दामाद भड़क गया। उसने अपने घरवालों को बुला लिया। इस बीच महिला के मायके वाले भी अस्पताल पहंच गए। तभी बिला जमा करने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर दामाद व उसके भाइयों ने बदलू और ससुराल वालों पर हमला कर दिया। हमले में घायल बदलू ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने महिला के पति, उसके भाई और बहनोई को पकड़ लिया है।

बदलू के परिवार में दो बेटे और पांच बेटियां

छजलैट, अमृत विचार : बदलू के परिवार में दो बेटे मुस्ताकीन, मुस्तफा और पांच बेटियां हैं। चार बेटियों की शादी हो चुकी है। इनमें चौथे नंबर की बेटी तैयबा की शादी बीबीपुर में रफीक के साथ हुई थी। अब पिता की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

अधिकारियों से वार्ता करते किसान। ● अमृत विचार

शिकायत | खतौनियों में किसानों के गलत हिस्से दर्शाने का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जाट महासभा के पदाधिकारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: खतौनियों में किसानों के गलत हिस्से दर्शाने व इन त्रुटियों के निराकरण को लेकर अखिल भारतीय जाट महासभा के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय जाट महासभा के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि किसानों के हिस्सा सही करने के लिए प्रभावी कार्रवाई को लेखपालों से आख्या लेकर तहसील स्तर पर समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को आदेश जारी किया जाए। लेखपाल गांव गांव जाकर संबंधित किसानों की खतौलियों को दुरुस्त करें। गन्ना भुगतान शीघ्र दिलाने की मांग उठाई गई। कहा कि जल शक्ति मिशन के अंतर्गत गांव में बिछाई जा रही पानी की पाइपलाइन की नाली की खोदाई के बाद उन्हें खुला छोड़ दिया गया। कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो एक जुलाई से धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में मास्टर उदय पाल सिंह, आनंदवीर सिंह, अखिल कुमार, आशू बालियान, चौधरी भयराज सिंह, सुनील कुमार लाठर, सतीश चौधरी, यशवीर सिंह, राजपाल सिंह, मनवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, राजीव सिंह, सुखबीर सिंह, वृत पाल सिंह, दलबीर सिंह, गंभीर सिंह, अशोक सिंहस सचिन चौधरी, राम सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

तीन प्रतिशत ब्याज ही देंगे किसान

कांठ, अमृत विचार : तहसील सभागार में शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक के मैनेजर के साथ भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने वार्ता की। किसानों ने कहा कि उन पर जबरन अधिक ब्याज थोपा जा रहा है।

30 जून तक किसान केवल तीन प्रतिशत का ब्याज ही देंगे, अन्यथा 25 जून से जिला सहकारी बैंक में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंग। इसके बाद भूख हड़ताल पर बैठेंगे। किसान सम्मान निधि जिन किसानों को नहीं मिल रही है। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह रंधावा, मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई जीतू, जिला उपाध्यक्ष कुलवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष हाजी इमरान, युवा नेता नितिन विश्नोई आदि रहे।

सार-संक्षेप

भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

... खाटू वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे

बिलारी, अमृत विचर : नगर के मोहल्ला शांतिपुरम कॉलोनी में हुए अरदास संकीर्तन में दातागंज से शिवम लाडला, पानीपत से सौरव रसिक, बदायूं से विनोद शर्मा व अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने रसाथी हमारा कौन बनेगा तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगार मेरे सिर पर सदा तेरा हाथ रहे, खाटू वाले तू हमेशा मेरे साथ रहे, भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पहले मंदिर, भजन स्थल पर कथा व्यास आचार्य ओम शास्त्री ने मंत्रोचारण के बीच ज्योति जलाई। इसके बाद विशेष पूजा अर्चना की। महंत राहुल सावंरा ने विशेष अरदास लगाई। इस दौरान आकाश गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रमोद शर्मा, डॉ. सुखबीर सिंह, मुनेश शर्मा, नितिन गुप्ता, सुरेश कुमार सिंह, अपार राज गुप्ता, विक्रांत कुमार, टीटू राणा, प्रमोद शर्मा, दानवीर सिंह, मोहित सिंह, राजीव कुमार, सीनू बंसल आदि मौजूद रहे।

गर्मी बचने के लिए कपड़े से चेहरे ढककर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

उमस और तपिश से बेहाल रहे लोग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बुधवार रात और गुरुवार सुबह बूंदाबांदी के बाद शुक्रवार को भीषण गर्मी से लोग परेशान दिखे। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर को लू के थपेड़ों से लोग बेहाल हो गए। शुक्रवार दोपहर तपिश और लू से लोग व्याकुल दिखाई दिए। सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। छांव और पानी की तलाश में लोग भटकते रहे। शिकंजी, नारियल पानी व अन्य पेय पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखी।

सम्मानित होने के साथ प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी, साथ में शिक्षक।

जवाहर नवोदय में हाईस्कूल-इंटर के टॉपर्स सम्मानित

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कालेवाला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को टॉपर्स छात्र-छात्राओं को क्रय उप सलहाकार समिति ने सम्मानित किया। इसमें कक्षा-12 वाणिज्य वर्ग में टॉपर कशिश और इल्मा ने विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 10 में अभय कुमार ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 10वीं में ईशा चौधरी ने गणित और विज्ञान विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। क्रय उपसलाहकार समिति अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़, शतानंद शर्मा रहे।

घटनाओं को रोकने के लिए चौकीदारों को किया सतर्क

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने चौकीदारों को सक्रिय किया है। क्षेत्र की निगरानी, अपराधिक किस्म के लोगों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की नसीहत दी। थाने में थाना प्रभारी निरीक्षक चौकीदारों के साथ बैठक कर उन्हें जिम्मेदारी समझाई। कहा कि अपराध रोकने के लिए चौकीदार की भूमिका भी अहम होती है। उन्होंने चौकीदारों को क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटर, अन्य अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और संदिग्ध लोगों की सूचना पुलिस को देने की नसीहत दी। चौकीदारों को सुविधाएं मुहैया कराने के साथ रिक्त पदों को भी शीघ्र भरने की प्रक्रिया का आश्वासन दिया।

तय रास्तों से ही निकाले जाएंगे ताजियों के जुलुस

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना मैनाठेर में शुक्रवार को त्योहारों को लेकर एक शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने त्योहार को आपसी भाईचारा व शांति पूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि मोहर्रम पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। ताजियों के जुलूस परंपरागत रास्तों से ही निकाले जाएंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान, मस्जिदों के इमाम मोहर्रमदार और क्षेत्रीय संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

वाहन की टक्कर से छात्र की मौत, दोस्त घायल

छजलैट, अमृत विचार : हरिद्वार घूम कर आए छात्र व उसके दोस्त की बाइक में छजलैट क्षेत्र के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी घायल युवक का उपचार चल रह है। गांव मधुआ खालसा निवासी भूपेंद्र सिंह के पुत्र वंश चौधरी (17) व उसका दोस्त दीपक दो दिन पहले बाइक से हरिद्वार घूमने गए थे। गुरुवार को वापस थाना छजलैट के सामने से होते हुए अपने गांव जा रहे थे। भीकनपुर की ओर चलने पर शाम सात बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। वंश चौधरी व दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायल युवकों को निजी चिकित्सक भेज दिया। उपचार के दौरान वंश चौधरी की मौत हो गई। वह 12वीं का छात्र था। दीपक को गंभीर चोटें आई हैं। उसे मुरादाबाद भेज दिया गया है। ग्राम प्रधान नितिन चौधरी ने बताया कि दोनों युवक बाइक से हरिद्वार दो दिन पूर्व गए थे। गुरुवार को दुर्घटना में वंश की मौत हो गई है। उसका शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ताओं ने राजस्व न्यायालयों का किया बहिष्कार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अनुसार लेखपालों और अधिवक्ताओं में विवाद का मूल कारण खतौनियों में गड़बड़ी है। इसका समाधान होना चाहिए वरना विवाद बढ़ेगा। इसमें किसान परेशान हैं। पुलिस लेखपालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं करती तो आज अधिवक्ताओं के साथ किसानों समेत तमाम संगठन धरना प्रदर्शन कर रहे होते। अधिवक्ता समस्याओं का समाधान आंदोलन कर नहीं, कानून के दायरे में रहकर करना जानते हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए अधिकारियों का रुख भी साकारात्मक है। कल शनिवार को 12 बजे अधिवक्ताओं की बैठक बुलाई है। इसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

जलनिकाली के विवाद में मारपीट, कई लोग घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जलनिकासी को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली के ग्राम शरीफ नगर निवासी शादाब ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि ईद के मौके पर 19 जून वह घर के आसपास सफाई कर रहा था। नाली का पानी पड़ोसी के घर सामने पहुंच गया। इसको लेकर मोहम्मद उवैश, मोहम्मद नावेद, मोहम्मद तौसीफ, शमशाद ने घर में घुसकर मारपीट की। लाठी डंडों और धारदार हथियारों से परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया। इसमें मोहम्मद शादाब, मोहम्मद जाफर, शाहिस्ता परवीन, मोहम्मद नावेद जख्मी हो गए। तहरीर पर पुलिस ने उवैश, नावेद, तौसीफ, शमशाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

एक नजर

शरीर स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी : सुरेंद्र

बुरावली, अमृत विचार : शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में भी मना। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि योग ने भारत को विश्व का सिरमौर बना दिया है। सत्येंद्र योगाचार्य ने बताया कि योग शरीर को निरोगी बनाता है। योग से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहा जा सकता है। इस दौरान सरोज गुर्जर, गोलू, चंद्रपाल सिंह खड़कवंशी, सुरेंद्र सिंह, केपी सिंह, रूप किशोर प्रजापति रहे।

त्रिवेणी शुगर मिल में किया योगाभ्यास

रहरा, अमृत विचार : शुक्रवार को त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर खादर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। बाबूराम सैनी ने बताया कि कई बीमारियों से बचाव के लिये दवा के साथ-साथ योग आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चीनी मिल चन्दनपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चीनी मिल में योगाभ्यास किया।

पालिका में किया योग

हसनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को पालिका परिसर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग शिविर का आरंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी एवं योगाचार्य सुमित त्यागी ने किया। योग आचार्य सुमित त्यागी ने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि योग से शरीर की थकान, रोग मुक्त शरीर, वजन पर काबू पाया जा सकता है। इस मौके पर मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा, रामवीर सिंह, कुलभूषण सक्सेना, सौरभ गुप्ता, उषा शर्मा आदि रहे।

विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया योग

गजरौला, अमृत विचार : धनौरा विधायक राजीव तरारा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से हमारा शरीर निरोगी रहता है। हमें वक्त निकालकर नित्य योग का अभ्यास करना चाहिये। इस अवसर पर सतपाल सिंह पाल, पवन सिंह, सुशील सिद्धू, सुरेंद्र सिंह, सतबीर सिंह, निहार त्यागी, वैभव गोयल, प्रशंक सिंहल, ईश्वर, विशाल शर्मा, सुशील मौर्य, त्रिलोक, गौरव, अक्षय रहे।

योग करतीं पालिकाध्यक्ष शशि जैन, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद व अन्य। ● अमृत विचार

योग से शरीर को मिलती है नई उर्जा

सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत सैदनगली में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. अनुकृति चौधरी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक सहित तमाम लोगों ने योग किया। कार्यक्रम में योग के लाभ और हानि के बारे में योगाचार्य डॉ. राजेश विचारक तथा ओविद्र पोसवाल ने जानकारी दी। जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक ने बताया कि प्रतिदिन योग करने से शरीर में नई उर्जा आती है। कार्यक्रम में उझारी मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, सभासद भगवत खड़गवंशी, सभासद अमित भाटी, सभासद धारा सिंह, सभासद अमित प्रजापति, वर्षा वशिष्ठ, मोहिनी कौशिक, सुनीता शर्मा, उमाशंकर गर्ग, जगपाल सिंह, डॉ. राजू, डॉ. प्रदेश सचिन गुप्ता, रजनी शर्मा, मीना, विजय टाइटलर, पदमेश गुप्त, अनुराग अग्रवाल, सभासद मेहरबान रहे।

सैदनगली में योग करतीं चेयरपर्सन डॉ. अनुकृति चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

स्वस्थ शरीर के लिए प्रतिदिन करें योग : रणवीर

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम, बारिश के बीच भी किए आसन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : योग स्वयं और समाज के लिए विषय पर शहर के राजकीय मिनी स्टेडियम में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास हुआ। अधिकारियों सहित लोगों ने कई योगासन किए। योगाभ्यास के दौरान हुई बारिश भी बाधा नहीं बनी। नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी व अन्य लोग बारिश के बीच ही योग करते रहे।

शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद की उपस्थित में योगाभ्यास किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ, एडीएम सुरेंद्र सिंह सहित शहर के लोगों ने बड़ी संख्या में योग किया। योग के महत्व के बारे में नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने कहा कि एक स्वस्थ मानव के शरीर के विकास के लिए और आत्मा की शांति तथा निरोगी काया के लिए जीवन में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। साथ ही साथ यह अनेक बीमारियों को भी दूर करता है। कहा कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए नियमित रूप से योगासन जरूरी है। जीवन में योग के लाभ और महत्व को देखते हुए इसे दुनियाभर में अहमियत दी गई। भारत समेत दुनिया भर के तमाम देशों में योग के महत्व को समझाने के लिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। कहा कि हम सबको अपने जीवन में योग के लिए समय निकालना होगा। जिलाधकारी राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि योग व्यक्ति को विभिन्न प्रकार के रोगों से दूर करता है। योग की साधना अनेक प्रकार से जीवन में लाभकारी है। इस दौरान सुबह करीब साढ़े सात बजे बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान भी अधिकारी व अन्य लोग योग करते रहे। कार्यक्रम में एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्षा शशि जैन, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी व बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों, समाजसेवियों व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने योगाभ्यास किया।

हसनपुर के मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ योग में सदस्यों को बांटे गए पौधे। ● अमृत विचार

योग दिवस पर बांटे 100 पौधे

हसनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजपूत कॉलोनी स्थित मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ योग में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम योग परिवार के सदस्यों ने योग किया तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ ली। योग आचार्य सुमित त्यागी द्वारा योग परिवार के सभी सदस्यों को एक-एक पौधा वितरण किया और उन्होंने अपने घर में लगाने की अपील करते हुए कहा कि जीवन के लिए पर्यावरण जरूरी है। इस मौके पर अंकित गर्ग, देशदीप गुप्ता, कुलभूषण सक्सेना, राघव गर्ग, वैभव, सौरभ गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में योग शिविर सम्पन्न

गजरौला, अमृत विचार : श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में एवं करुणा योगा फाउन्डेशन नई दिल्ली एवं आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 14 दिनों से चले आ रहे योग शिविर का समापन हो गया। करुणा योगा फाउन्डेशन की सीईओ अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक करुणा त्यागी एवं आर्ट ऑफ लिविंग की मेडिटेशन गुरु माधवी सिंह ने स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को योग के टिप्स देकर स्वस्थ भारत मिशन को योग के दम पर साकार करने की बात कही। विवि के योग परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर एवं सम्मान समारोह का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि वक्ता करुणा योगा फाउन्डेशन की सीईओ करुणा त्यागी, आर्ट ऑफ लिविंग की माधवी सिंह, आयुष मंत्रालय के सलाहकार नवल वर्मा एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। करुणा त्यागी ने कहा कि योग भारत की ऐतिहासिक विरासत रही है। माधवी सिंह ने कहा योग एवं अध्यात्म के बल पर भारत को स्वास्थ्य एवं वैश्विक सौहार्द्र के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में स्थापित करने का प्रयास करें।

श्री वेंकटेश्वरा विवि में योगाभ्यास करातीं प्रशिक्षक।

मिनी स्टेडियम में योग करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

योग करते छात्र व स्कूल स्टॉफ। ● अमृत विचार

वेदांत ग्लोबल स्कूल में मना योग दिवस

ढबारसी, अमृत विचार : वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढबारसी में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सोमपाल सिंह ने बच्चों एवं स्टाफ को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा, विवेक कुमार त्यागी, विक्रांत चौधरी, हुकुम सिंह, शेखर त्यागी तथा विद्यालय के छात्र तनिष्क गोयल, तुषार, अबूजर, अबू बकर, हिमांशु सागर, सार्थक त्यागी, तरुण, आयुष्मान रहे।

योग करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य।

तिगरी में गंगा तट पर योग करतीं एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

योग करतीं शिक्षक व स्टाफ। ● अमृत विचार

गंगा तट पर स्वस्थ तन-मन के लिए किया योग

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नमामि गंगे के अंतर्गत जिला गंगा समिति अमरोहा के तत्वावधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर तिगरी गंगा तट पर योग किया गया। जिसमें जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन व एनसीसी अमरोहा का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जोगिन्द्र सिंह ने किया। जबकि योगाचार्य नौबहार सिंह योगाभ्यास कराया। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने गंगा को साफ, स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। एसडीएम चंद्रक्रान्ता ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से हम निरोगी होते हैं। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी एसपी सिंह, नगर पालिका की ईओ शालिनी गुप्ता, उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल किशोर भारद्वाज, वन रेंजर संजय चौधरी, मनोज चौधरी, एनसीसी के सीओ सुनील कुमार, मुदस्सर शफीक, आरएसएस के जिला संघचालक रणवीर सिंह, जुबिलेंट से आदित्य कुमार, नवनीत ग्रेवाल आदि मौजूद रहे। उधर, रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षक डॉ. अजय कुमार ने योगाभ्यास कराया। वहीं प्राचार्य डॉ. इन्द्रदेव सिंह ने योग का महत्व बताया।

शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में किया योगाभ्यास

अमरोहा, अमृत विचार : शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज में विद्यालय की प्रधानाचार्य चारू शर्मा ने छात्राओं को बताया कि योग स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए बहुत जरूरी है। योग प्रशिक्षक वर्षा माहेश्वरी ने विभिन्न प्रकार के योग एवं आसन शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं को कराए। योग दिवस पर चारू शर्मा, ममता अग्रवाल, संगीता विश्नोई, श्वेता आदि शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने योग किया।

शिक्षण संस्थानों में किया गया योगाभ्यास

हसनपुर, अमृत विचार : शुक्रवार को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग आचार्य ने योगाभ्यास कराया। एचएसएस पब्लिक स्कूल में स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने योग किया। पुरुषोत्तम शरण राम मूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज में भी योग किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने योग करने की अपील की। वहीं, जमाल लाल पीजी कॉलेज में प्रयागराज से आए आचार्य रोहित कौशिक ने योग कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन 20 मिनट योग अवश्य करना चाहिए। नगर स्थित सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में भी कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा योग किया गया। वहीं कोतवाली, ब्लॉक कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में भी योगाभ्यास किया गया।

योग कर स्वस्थ रहने का तरीका जाना

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : शुक्रवार को श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान में चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व ईओ अरुण कुमार यादव ने नगरवासियों के साथ योग किया। यहां योग गुरु उधम सिंह व महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी अनीता भटनागर ने योगाभ्यास कराया।

योगाचार्यों ने भी लोगों को योग से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि योग से भारत की विश्व में अलग पहचान बनी है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग को संस्कृति की परंपरा को भारतीय परंपरा से जोड़ा है। अंत में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने सभासद के साथ विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया। नगर के ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल, हीरा इंटरनेशनल स्कूल, एमएस पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बीएसडी अकाडमी, वाईएमएस डिग्री कॉलेज, अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, भागीरथी डिग्री कॉलेज सहित क्षेत्र के प्राइमरी व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में भी अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं के साथ योगाभ्यास किया।

धनौरा में योग करते पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

मानसिक कमियों को दूर करता है योग : मनोज

मंडी धनौरा, अमृत विचार : थाना परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित सभी पुलिस कर्मियों ने योगाभ्यास किया और इसे जीवन में अपनाकर स्वयं को चुस्त-दुरुस्त रखने का संकल्प लिया। साथ ही दूसरों को भी योग से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, कपालभाति, अर्थचक्रासन, तितली आसन, नौकासन, हास्य योग एवं विभिन्न प्रकार के योग किए।

वट पूर्णिमा पर गंगा में लगाई डुबकी

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : ज्येष्ठ की वट पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में गंगा स्नान किया। घाटों पर दिनभर हर-हर गंगे और जय-जय गंगे के जयकारे गूंजते रहे।

शुक्रवार तड़के से ही श्रद्धालुओं ने गंगास्नान करना शुरू कर दिया। कई श्रद्धालुओं ने तो गुरुवार रात से ही बृजघाट पहुंचना शुरू कर दिया था। उन्होंने सूर्य की पहली किरण के साथ गंगास्नान किया तथा गंगा आरती की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर आदि जनपद के श्रद्धालु गंगास्नान करने पहुंचे। भीषण गर्मी में श्रद्धालु देर तक गंगा में डुबकी लगाते रहे। तिगरी धाम गंगा में भी श्रद्धालुओं ने स्नान कर मां गंगा की आरती की। घाटों के किनारे अनुष्ठान कराकर घर में सुख-शांति एवं की कामना की। गंगा घाटों पर व्यवस्था को लेकर पुलिस तैनात रही।

वट पूर्णिमा पर बृजघाट में गंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पौरारा घाट पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

रहरा, अमृत विचार : वट पूर्णिमा पर शुक्रवार को पौरारा घाट पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु गंगा घाट पहुंचे एवं गंगा स्नान शुरू किया। श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयकारे लगाये एवं प्रसाद का वितरण किया।

किसानों को वेव शुगर मिल ने कृषि यंत्र बांटे

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शुक्रवार को वेव शुगर मिल द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। वहीं, चीनी मिल परिक्षेत्र के 150 से अधिक किसानों को 10 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराने के लिए रजिस्ट्रेशन का कार्यक्रम महाप्रबन्धक जगतवीर सिंह की मौजूदगी में आयोजित किया गया।

इस दौरान किसानों को 80 ट्रैक्टर से चलने वाली स्प्रे मशीन, 21 पावर विडर, 9 रेटून मैनेजर, 8 ट्रेंच प्लांटर 5 तितली हल, 5 पावर टिलर, 13 लाइन टिलर सहित व नौ अन्य कृषि यंत्रों का वितरण किया गया। चीनी मिल के अधिकारियों ने कहा कि मिल प्रबंधन क्षेत्र के किसानों के सहयोग के लिए हमेशा काम करता रहेगा। इस अवसर पर सुखलाल सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीर सिंह, मुनिदेव सिंह, जयकरन सिंह, दिनेश प्रधान रहे।

परेशानी जिलों का बंटवारा तो किया लेकिन विद्युत वितरण की हो रही अनदेखी

सम्भल के छह गांवों को अमरोहा से आपूर्ति

संवाददाता, ढबारसी

अमृत विचार : अमरोहा जनपद को अस्तित्व में आए हुए 28 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन विद्युत आपूर्ति का ढंग पूर्व की भांति चल रहा है। सम्भल जनपद के कई गांवों के किसानों और उपभोक्ताओं को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा 15 अप्रैल 1997 को मुरादाबाद जनपद के सीमा क्षेत्र में बंटवारा करके मंडी धनौरा, अमरोहा व हसनपुर तहसील को मिलाकर अमरोहा जनपद की स्थापना की गई। जनपदीय सीमा में विद्युत विभाग को छोड़कर समस्त विभागों का बंटवारा हो चुका है। लेकिन अब भी ढबारसी बिजली घर से सम्भल जनपद के ततारपुर, ईसापुर, सुनवारी, सीकरी, भूड, सौंधन गांवों को विद्युत आपूर्ति 28 वर्षों के बदस्तूर जारी है। हालांकि,

> सम्भल जनपद के गांवों को उनके निकटवर्ती गांवों में स्थित बिजलीघर से जोड़ा जाए। ऐसा होने पर ढबारसी बिजलीघर का लोड भी कम होगा तथा सम्भल जनपद के उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ऐसा नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करेगी।
>
> **नितिन त्यागी, ब्लाक उपाध्यक्ष, भाकियू टिकैत**

> सम्भल जनपद के गांवों को ढबारसी बिजलीघर से हटाना जिलाधिकारी के कार्यक्षेत्र में आता है। जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सम्भल के गांवों को हटाने का अनुरोध किया जाएगा।
>
> **-देवेश कुमार, उप खण्ड अधिकारी**

सौंधन में बिजलीघर की स्थापना हो चुकी है। लेकिन सौंधन क्षेत्र में खेती की सिंचाई के लिए आठ किमी दूर स्थित ढबारसी बिजलीघर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। लखौरी बिजलीघर से ततारपुर, ईसापुर, सुनवारी, सीकरी भूड़ की दूरी दो से तीन किमी है। जबकि इनकी विद्युत आपूर्ति 10 किमी दूर ढबारसी से की जा रही है। सम्भल जनपद के इन उपभोक्ताओं को मामूली फाल्ट को ठीक कराने के लिए ढबारसी बिजलीघर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जबकि बिजलीघर पर दूसरे जनपद के गांवों को विद्युत आपूर्ति करने का अतिरिक्त विद्युत भार उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब मुरादाबाद, अमरोहा व सम्भल जनपद अलग हो चुके हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से विद्युत आपूर्ति का बंटवारा नहीं हो पा रहा है।

बाइक सवार युवक को बेरहमी से पीटा

गजरौला, अमृत विचार : मोहल्ला लक्ष्मीनगर में गुरुवार को बाइक सवार युवक को पीछे से आए दूसरी बाइक सवार युवकों ने पीटा। घटना एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

एक नजर

करंट लगने से टेंट कारोबारी की मौत

अमरोहा, अमृत विचार : मोहल्ला हक्कानी में नसीम का परिवार रहता है और वह टेंट का कारोबार करता था। उसके परिवार में पत्नी नगमा के अलावा पांच बच्चे हैं। बताया जाता है कि मंगलवार रात उसने शहर के मोहल्ला इस्लामनगर में अंधेरी मस्जिद के पास टेंट लगाया था। वहां पर उसने जनरेटर और केबल लगा रखा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद नसीम जनरेटर से तार हटाकर इनवर्टर में लगा रहा था कि इसी दौरान उसको करंट लग गया। हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के नसीम का दफिना कर दिया।

युवक से मारपीट में बहनोई समेत चार पर रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : मोहल्ला बड़ा दरबार में स्व. मेराजुद्दीन का परिवार रहता है। उनके बेटे सरफराज का आरोप है कि उनकी बहन नौशाद की शादी कुछ दिन पहले बाईपास पर रहने वाले निहाल के साथ हुई थी। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही बहनोई निहाल ने बहन नौशाद का उत्पीड़न शुरू कर दिया। ससुराल में आए दिन नौशाद के साथ मारपीट होने लगी, शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 18 मई की रात सरफराज बाइक से रजबपुर से अमरोहा लौट रहा था। इसी दौरान अयाज उर्फ गुड्डू, निहाल और परवेज ने उसको रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। न्यायालय ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।

आबकारी टीम ने नकली शराब बनाते दो को पकड़ा

अमरोहा, अमृत विचार : आबकारी विभाग की टीम ने छापा मारकर दो लोगों को शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। आबकारी टीम को सूचना मिली थी कि मोहल्ला सालावाली में कुछ लोग शराब बनाकर बेच रहे हैं। सूचना पर आबकारी निरीक्षक चेतना पंवार ने सिपाही पुनीत कुमार, योगेश कुमार, पवन भाटी, सुमन यादव व सपना के साथ छापा मारा और दो आरोपियों को मौके से शराब बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों ने नाम जितेंद्र और अमन बताया है। इनके पास से देसी शराब के 58 पव्वे बरामद किए गए। टीम ने पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि शराब की बोतल खरीद कर उसमें नकली शराब बनाकर भर देते थे। आबकारी टीम निरीक्षक चेतना पंवार ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

गंगा में नहाते समय डूबा युवक, 400 मीटर दूर मिला शव

दियावली में गंगा घाट पर हुआ हादसा, ताऊ के अंतिम संस्कार के बाद नहाते हुए गहरे पानी में डूब गया था दीपक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक ताऊ के अंतिम संस्कार के बाद गंगा में नहा रहा था। इसी दौरान वह गहरे जल में डूब गया। गोताखोरों ने घटनास्थल से 400 मीटर दूर युवक का शव गंगा से बरामद किया। युवक की डुबकर मौत होने से परिजनों का बुरा हाल है।

हादसा हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला का है। गांव निवासी बुजुर्ग प्रसादी की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार करने के लिए दियावली गंगा घाट पर गए थे। ताऊ के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गांव निवासी 18 वर्षीय युवक दीपक पुत्र हरपाल सिंह भी गया था। इस दौरान गंगा में नहाते समय दीपक गहरे जल में समा गया। वहीं, स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में उसकी तलाश की गई। परंतु कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद से लगातार परिजन गोताखोरों की मदद से गंगा में उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार शाम युवक का शव घटनास्थल से 400 मीटर की दूरी पर गोताखोरों ने गंगा से बरामद कर लिया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। युवक के गंगा में डूबने से मां राजमुनि समेत परिजनों का बुरा हाल है।

नौगांवा में नहर पर जाल लगाते लोग व गोताखोर। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में डूबे हुए युवक की रामगंगा नहर पर तलाश करते पुलिस व परिजन।

दीपक (फाइल फोटो)

दोस्तों के साथ दावत में गया युवक नहर में डूबा

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा की रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया अमरोहा का युवक डूब गया। गहरे पानी में जाने से डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। गोताखोर उसकी तलाश में जुटे है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी निवासी 21 वर्षीय साहिल पुत्र शमशाद गुरुवार को साथियों के साथ नहर में नहाने लगा और इसी दौरान वह तेज बहाव में पहुंच गया। जहां पर वह डूब गया। युवक के नहर में डूबने की जानकारी साथियों ने पहले पुलिस को दी और बाद में परिजनों को दी। युवक के डूबने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग रात में नौगांवा की नहर पर पहुंच गए और साहिल की तलाश गोताखोरों से कराई। लेकिन युवक का शव नहीं मिल सका। गोताखारों व पुलिस ने नहर में रात में ही जाल लगा दिए थे। लेकिन शुक्रवार को भी युवक का पता नहीं चला है। पुलिस और गोताखोर तलाश में पूरी तरह से जुटे रहे। प्रशासन ने युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम को बुलाया है।

दूसरे दिन भी युवक का सुराग नहीं, तलाश जारी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर लोहर्रा निवासी ललित यादव पुत्र संतरपाल सिंह उम्र 26 वर्ष चांदपुर चीनी मिल में सुपरवाइजर था। गुरुवार दोपहर के समय वह रामगंगा पोषक नहर में नहाते हुए गहरे पानी में डूब गया था। युवक के डूबने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। ग्रामीण ने गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने का प्रयास किया था। लेकिन शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुला लिया गया व थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मय फोर्स के मौके पर पहुंच गये और स्तिथि का जायजा लिया। एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक को ढूंढने का काफी प्रयास किया। लेकिन दूसरे दिन भी डूबे युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया।

हादसे में ठेकेदार की मौत, साथी घायल

अमरोहा, अमृत विचार : पीडब्ल्यूडी ठेकेदार स्कूटी से रामपुर से नोएडा जा रहा था। रास्ते में ट्रक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामपुर जिले के शाहाबाद निवासी 60 वर्षीय सुमेरीलाल पीडब्ल्यूडी में ठेकेदार था। परिवार में उसकी पत्नी उमा के अलावा बेटे विशाल, आकाश और बेटी उपासना है। सुमेरीलाल ठाकुर कमरुद्दीनपुर निवासी साथी ठेकेदार नईम के साथ शुक्रवार सुबह किसी से पैसे लेने के लिए स्कूटी से नोएडा जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही उनकी स्कूटी रजबपुर थाना क्षेत्र में पहुंची तो हाईवे पर वेंकटेश्वरा विवि के सामने ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से सुमेरीलाल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शव को पोस्टमार्टम को भेजा। सीओ अरुण कुमार सिंह ने मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बार और बेंच के सकारात्मक रिश्ते बनेंगे न्याय का आधार

संवाददाता, हसनपुर

बैठक

- एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एसडीएम का जताया आभार
- सभी ने दिया आपसी सामंजस्य बनाने पर जोर

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर ने उपजिलाधिकारी सुनीता सिंह के साथ परिचयात्मक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी ने की तथा संचालन बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने किया।

जिसमें उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह ने कहा बार एवं बेंच के मध्य सकारात्मक रिश्ते जनता को शीघ्र सुलभ और सस्ते न्याय का आधार बनेंगे। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने कहा उपजिलाधिकारी न केवल हड़ताल समाप्त कराई, बल्कि नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह के व्यवहार में भी सकारात्मक कार्यशैली दिखाई देने लगी है। जिससे बार बेंच के संबंध मजबूत व सुदृढ़ होंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवचरन सिंह, श्योराज सिंह राणा, ऋषिपाल सिंह चौहान, हरिओम शर्मा, नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, महावीर चौहान, मुजाहिद चौधरी, सुनील भटनागर, सुबोध शर्मा, राजेंद्र सिंह, वीर सिंह, विनोद सक्सेना, आफताब आलम, नईम अहमद, विनोद त्यागी, चरन सिंह, अरविंद शर्मा, नंदराम सागर, अमरीश शर्मा, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

दूध व्यापारी की बाइक व मोबाइल चोरी, रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव के मार्ग पर दूध व्यापारी की बाइक व मोबाइल चोरी हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की है।

जनपद संभल के थाना क्षेत्र रजपुरा के गांव सिघौला दौलतपुर निवासी धर्मेंद्र पुत्र बलवीर गुरुवार रात गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कुदैना चक स्टेट से अपनी बहन के घर से बाइक से अपने घर को जा रहा था। जैसे ही वह गांव भीमा ठीकरी से थोड़ा आगे पहुंचा तो उसने बाइक सड़क किनारे खड़ी की और खेत में चला गया। खेत से बाथरूम कर जब लौट कर आया तो उसकी बाइक व मोबाइल गायब था। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने पीड़ित धर्मेंद्र की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बाइक एवं मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों ने आमजन को बुरी तरह से हलकान कर रखा था। शुक्रवार को अचानक आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी को शांत कर दिया। शुक्रवार शाम चार बजे जमकर बारिश हुई। इससे तापमान में भी कमी आई

हालांकि मौसम खराब होने के बाद कई जगहों पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। लेकिन खुशनुमा मौसम और तेज हवा ने शहर व क्षेत्र के लोगों को बिजली कटौती की कमी महसूस नहीं होने दी। बारिश से क्षेत्र के किसान और आम उत्पादकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। शुक्रवार को हुई बारिश धान और आम की फसल के लिए बेहतर बताई जा रही है।

बारिश में नहाते बच्चे। ● अमृत विचार

गजरौला में गली में भरे बारिश के पानी से होकर जाते बच्चे। ● अमृत विचार

दिनभर धूप की तपन, शाम में बारिश से राहत

बुरावली, अमृत विचार : शुक्रवार को दिनभर ग्रामीण क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का सितम व धूप की तपन से लोग परेशान रहे। शाम करीब साढ़े पांच बजे झमाझम बारिश हुई। शुक्रवार को दिनभर गर्म हवा व उमस ने लोगों को बेहाल किया। तीन दिन पहले हुई हल्की बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन अब तेज धूप के कारण गर्मी और उमस से लोगों का हाल बेहाल है। शुक्रवार को दिनभर उमस भरा माहौल रहा। तेज गर्मी के चलते पंखे कूलर भी गर्म हवा देने लगे थे। लेकिन शाम को बारिश होने से मौसम में ठंडक का एहसास हुआ। लू से भी राहत मिली। वहीं किसानों के चेहरे भी खुशी से चमक उठे। कहा कि बारिश से फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

मौसम बदलने से बारिश की आस

गजरौला, अमृत विचार : शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही घने बादल छाए रहे। जिससे तापमान में गिरावट आई। इससे भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली। उधर किसान भी बारिश की उम्मीद में आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठे हैं। गुरुवार को भी बूंदाबांदी हुई थी। लेकिन दोपहर को चिलचिलाती धूप निकली तो लोगों को भीषण गर्मी का अहसास हुआ। उधर किसान ओर आमजन आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार करते रहे।

सीबीआई से कराएं पेपर लीक होने की जांच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेट की सीबीआई जांच की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की है।

शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया व शहर अध्यक्ष आलम रईनी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। कहा कि परीक्षा का प्रणाम चार जून को जारी हुआ था, जिसमें कई अनियमितताएं हुईं और पेपर के लीक होने का आरोप अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और हरियाणा में यूजीसी नेट परीक्षा में भ्रष्टाचार को लेकर कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। पेपर लीक होने के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मांग

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप
- कहा, युवाओं के भविष्य की अनदेखी की जा रही

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करने का वादा युवाओं के भविष्य को सुनिश्चित करने की बात कही थी। इसलिए सरकार से कांग्रेस मांग करती है कि यूजीसी नेट परीक्षा को रद्द कर सीबीआई जांच कराई जाए। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में अब्दुल सत्तार सैफी, अली हसन, चौधरी नरेंद्र सिंह, अमन कुमार आदि रहे।

धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

संवाददाता, हसनपुर

- मामला निकला किरायेदार के किराया न देने का

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों को पुलिस द्वारा कोतवाली लाया गया लेकिन जानकारी करने पर मामला कुछ और निकला।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी सरताज के घर पर महाराष्ट्र निवासी कासिम उर्फ हरीश शर्मा अपने बच्चों के साथ किराये पर रहता है। शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर मकान मालिक से उसकी नोकझोक हो गई, यह देख वहां पर भीड़ एकत्र हो गई। भीड़ में से किसी व्यक्ति द्वारा कोतवाली में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कासिम उर्फ हरीश शर्मा को कोतवाली ले आई। बताया जा रहा है कासिम उर्फ हरीश शर्मा महाराष्ट्र का निवासी है और उन्होंने लगभग 14 वर्ष पहले गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर ढोर निवासी रिहाना से शादी की थी। इनके दो बेटी व दो बेटे भी हैं। काफी समय से दंपति शाहपुर निवासी सरताज के घर पर किराये पर रह रहे थे। मकान मालिक सरताज का आरोप है कि कुछ दिन पहले उनके द्वारा उसके दो क्विंटल गेहूं चोरी करके बेच दिए गए थे। इन पर तीन महीने का किराया बाकी है। शुक्रवार को किराया मांगने पर विवाद हो गया था। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि मामला जानकारी में है, जांच की जा रही है।

भाकियू टिकैत का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने कलेक्ट्रेट पर किसानों की समस्याओं को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। समस्याओं का समाधान करने की मांग कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के तमाम कार्यकर्ता एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पर बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान ब्याज के साथ दिलाने की मांग की। सिंचाई के लिए अधिक से अधिक बिजली दिलाने पशुओं की समस्या से निजात दिलाने और सरकारी अस्पताल में इलाज की सुविधा दुरुस्त करने, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने आदि की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। पदाधिकारियों ने समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

गोशाला में पशुओं को गर्मी से बचाने की व्यवस्था करें

संवाददाता, मंडी धनौरा

- बजरंग दल ने एसडीएम के साथ किया गोशाला का निरीक्षण

अमृत विचार : शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कार्यकर्ताओं के साथ कस्बा बछरायूं स्थित गोशाला का निरीक्षण किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची उप जिलाधिकारी चंद्रकांता व बछरायूं ईओ ने भी गोशाला का हाल जाना।

इस दौरान गोशाला में 63 गोवंश पाए गए, जिसमें से तीन बीमार मिले। निरीक्षण में कई पशुओं के बीमार पाने पर उन्होंने असंतोष जताया। निरीक्षण के दौरान गोशाला में उप जिलाधिकारी ने गोवांशों के लिए तेज गर्मी से बचाव, हरे चारे, भूसे और पानी की व्यवस्था की जांच की। एसडीएम ने कर्मचारियों को गोवंश के लिए हरा चारा, भूसा तथा तेज धूप व गर्मी से बचाव की विशेष व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही बीमार गोवंश का पशु चिकित्सक से नियमित जांच कराने के भी निर्देश दिए।

वहीं विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि गोशाला में गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी में चारे, पानी और धूप से बचाव का पूरा ध्यान रखा जाए। इस मौके पर बजरंग दल के हेमन्त सारस्वत, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला प्रशासनिक प्रमुख रकम सिंह, जिला संयोजक कुशल चौधरी, योगेश चौधरी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

बी टेक के छात्र से लैपटॉप और मोबाइल हड़पा, रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : सम्भल की दुर्गा कालोनी निवासी सुंदरपाल सिंह का बेटा मंयक कुमार गाजियाबाद के कालेज से बी टेक कर रहा है। वह 14 जून को वह गाजियाबाद से घर लौट रहा था। वह गजरौला चौपला पर संभल की बस का इंतजार करने लगा। इसी दौरान उसके पास आए एक व्यक्ति ने खुद के कार से बदायूं जाने की बात कहते हुए मंयक से उसे संभल उतारने की बात कही। मंयक ने कार की बाबत जानकारी की तो आरोपी ने कार के रोडवेज बस अड्डे पर खड़ी होने की बात कही। इसी बीच आरोपी का दूसरा साथी भी वहां आ पहुंचा और आगे चेकिंग की बात कही और मंयक से उसका मोबाइल व 1850 रुपये उसी के बैग में रखवा दिए। बैग में लैपटाप और कुछ कपड़े भी रखे थे। इसके बाद आरोपी ने मंयक से बैग ले लिया और रोडवेज बस अड्डे के पास खड़ी कार में बैठकर चौपला की तरफ आने की बात कही। कुछ दूर चलने पर मयंक को अपने साथ हुई ठगी का आभास हुआ तो उसने शोर मचा दिया। लेकिन, तब तक दोनों आरोपी फरार हो गए।

महिलाओं ने पालिका कार्यालय के सामने किया हंगामा

गजरौला, अमृत विचार : सड़क व पेयजलापूर्ति की सुविधा नहीं मिलने से परेशान महिलाओं ने शुक्रवार को पालिका कार्यालय के सामने हंगामा किया। चेयरपर्सन व ईओ के खिलाफ नारेबाजी की और कुछ देर सड़क यातायात भी ठप कर दिया। शहर के मोहल्ला सरस्वती विहार में अभी तक सड़क नहीं बनी है। पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन भी नहीं बिछाई गई है। मोहल्लेवासियों की मानें तो पालिका प्रशासन स्तर पर सफाई भी नहीं कराई जा रही है। शुक्रवार को नाराज महिलाएं सभासद के पति अनिल अग्रवाल के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं और हंगामा किया। महिलाओं ने कार्यालय के सामने रास्ते पर यातायात भी रोक दिया। जिससे साप्ताहिक बाजार की वजह से जाम के हालात बन गए और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं, बताया जा रहा है कि पालिका प्रशासन की ओर से अगले दो-तीन दिन में दोनों समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया गया है। इस दौरान सरिता चौधरी, पूनम, धर्मवीरी, फूलवती, प्रेमलता, सरोज मौजूद रहीं।

बारिश और हवा से 10 गांवों की बिजली ठप

गजरौला, अमृत विचार : तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन कई स्थानों पर पेड़ टूट गए। जिससे बिजलीघर की बिजली पूरी तरह ठप हो गई। उससे जुड़े 10 से अधिक गांवों में अंधेरा छा गया।

शुक्रवार सुबह से ही भीषण गर्मी रही। शाम को बादल छाए और बारिश होने लगी। लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन गजरौला सलेमपुर मार्ग पर बिजली की लाइन पर पेड़ टूटकर गिर गया। जिससे तीन खंभे व बिजली के तार टूट गए। इसके अलावा गजरौला-मंडी धनौरा मार्ग पर भी बिजली की लाइन पर पेड़ गिर गया। जिससे लाइन टूट गई। लाइनें टूटने पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भारापुर बिजलीघर को जाने वाली उच्चशक्ति की लाइन पर पेड़ गिरने से वह भी टूट गई। जिससे बिजलीघर समेत उससे जुड़े सलेमपुर गोंसाई, ढकिया, बवनपुरा समेत 10 से अधिक गांवों की बिजली ठप हो गई।

समीक्षा जिलाधिकारी ने बैठक में मानकों के अनुसार कार्य करने के दिए निर्देश, गड़बड़ी पर दी कार्रवाई की चेतावनी

कार्यदायी संस्थाएं लक्ष्य के अनुसार अधूरे कार्यों को पूरा करें : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से जनपद में कराये जा रहे कार्यों की बिन्दुवार जानकारी लेकर निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कर लें।

शुक्रवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यदि धनराशि की कमी है तो विभाग को पत्र लिखकर मांग की जाए। जो समय योजना के पूरा होने का निर्धारित किया है, वह तय समय तक अवश्य पूर्ण हो जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय से होने चाहिए। किसी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को कडे. निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभाग के जो मानक हैं, उनका पूरी तरह से पालन होना चाहिए। कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी भी नियमित कार्यों की जांच कर गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। गड़बड़ी पर उनकी भी जवाबदेही होगी। इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने तहसील हसनपुर के आवासीय भवनों का निर्माण सितंबर 2024 तक पूर्ण करने की निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को सख्त निर्देश दिए कि जो भी कार्य उनके द्वारा कराए जा रहे हैं वह समय से पूर्ण हो जाएं।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

छपना के जंगल में कई छुट्टा पशुओं की मौत

रहरा, अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत छपना के वन विभाग के जंगल में कई छुट्टा पशुओं की मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने नारेबाजी की। मामला हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर स्थित गांव छपना का है। छपना के वन विभाग के जंगल में कई छुट्टा पशुओं की मौत हो गई। पशुओं को देखने से ऐसा लग रहा था कि पशु कई दिन पहले मर चुके हैं। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी कपिल कुमार से बात करनी चाही तो उन्होंने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया।

चुचैला कलां में गोशाला का निरीक्षण किया

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकासखंड धनौरा के चुचैला कलां में गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने खली, चोकर, चारा व भूसा की उपलब्धता के संबंध में खंड विकास अधिकारी धनौरा से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को गोशाला के चारों ओर धूप से बचाव के लिए जूट के बोरे लगाने के निर्देश दिए। कहा कि गर्मी का समय है, पशुओं के देखभाल बेहतर तरीके से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे गोशाला के चारों और छायादार प्रजाति के पौधे लगाए जाएं। खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि पशुओं को चारा, भूसे के साथ पौष्टिक आहार मिलाकर दिया जाए। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि हरे चारे की बोआई अधिक से अधिक कराएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए, बीमार होने पर तुरंत इलाज कराया जाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

योगासन के दौरान ध्यान की मुद्रा में मोहम्मद ईसा तैमूर। ● अमृत विचार

मुस्लिमों ने भी उत्साह से किया योग

संभल, अमृत विचार : योग दिवस पर स्वस्थ शरीर के लिए लोगों ने उत्साह के साथ योगासन किये। जहां बड़ी संख्या में लोग योग करने के लिए याग शिविरों में पहुंचे वहीं घरों पर भी योग कर योग दिवस मनाया गया। मुस्लिम परिवारों में भी योग दिवस पर योगासन करने को लेकर उत्साह नजर आया। बड़ों ने ही नहीं बल्कि बच्चों ने भी योगासन किये। संभल के हयातनगर में मुजम्मिल दानिश के परिवार में उनके बेटे मोहम्मद ईसा तैमूर ने योगासन कर लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। तैमूर के योगासन देख लोग उसकी तारीफ किये बिना नहीं रह सके। इसी तरह संभल शहर में आयोजित योग शिविरों में भी मुस्लिम परिवारों की भागीदारी रही।

शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए किए योगासन

जुनावई, अमृत विचार : क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज में योग दिवस पर सुबह साढ़े पांच बजे खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को लेकर योगासन के लिए पहुंचे। जिसमें शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए सूर्य नमस्कार आसन और प्राणायाम अर्ध चक्रासन भद्रासन आदि आसनों का योग किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य मधु कुमार आर्य, बाल विकास विभाग से अनीता कश्यप, अक्षय कुमार, अनिल यादव, योगेंद्र सिंह, मास्टर अविनाश पुरी, जयप्रकाश शर्मा, अनुज पुरी, मनोज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

असमोली के किसान इंटर कॉलेज में योगासन करते लोग। ● अमृत विचार

शंकर कॉलेज में योग करते भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, एसडीएम विनय कुमार मिश्रा व अन्य। ● अमृत विचार

पुलिस कर्मियों के साथ योग करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व अन्य।

निरोगी काया के लिए शहर से गांव तक लोगों ने उत्साह से किया योग

जनपद में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये कार्यक्रम, बहजोई में मंत्री गुलाब देवी व कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह रहे शामिल

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। जनपद संभल में शहर कस्बों के साथ ही ग्रामीण इलाके में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जनपद स्तरीय कार्यक्रम बहजोई में आयोजित किया गया जहां प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी के साथ ही मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने प्रतिभाग किया। प्रशासन का दावा है कि जनपद में 40 हजार लोगों ने योग कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जबकि योग सप्ताह में तीन लाख लोगों की भागीदारी रही।

शहर के शंकर कालेज परिसर में योग दिवस पर नगर पालिका परिषद की और से भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व समस्त पतंजलि योग परिवार के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का भव्यता से समापन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, उप जिलाधिकारी विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कुमार, तहसीलदार-रवि सोनकर, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ऐरन, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण रानी ग्रेवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर योग शिविर का शुभारंभ कराया। योग शिविर में मुख्य योग शिक्षक के रूप में कुलदीप ऐरन, कृष्णा ग्रेवाल, संजय देवल ने संयुक्त रूप से योग साधकों को योगाभ्यास कराया।

भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उप जिला अधिकारी विनय कुमार मिश्रा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी डा. प्रदीप त्यागी ने कहा कि योग के माध्यम से मुस्कुराते हुए जिंदगी को सही तरीके से जिया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. मूलचंद दालभ, डा. डीएन शर्मा ,विष्णु शरण रस्तोगी, राकेश कुमार अग्रवाल, नरेंद्र वर्तवाल, अवधेश वार्ष्णेय, हरिओम देवल, शोभित गुप्ता, इमरान तुर्की, योगेंद्र कुमार, पतंजलि जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

बहजोई में बड़ों के साथ योग करते बच्चे। ● अमृत विचार

जीवन में योग अपनाने का आह्वान किया

बहजोई, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में बहजोई इंटरमीडिएट कॉलेज में आयोजित योग शिविर में नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया ।योग प्रशिक्षक योगराज सिंह यादव ने योग अभ्यास कराया। इस दौरान नगर महामंत्री प्रेम शंकर कश्यप, राजपाल प्रजापति, भुवनेश कुमार शरद, आनंद स्वरूप, मनीष कुमार एमबी, मुकेश कुमार, वीरपाल आदि मौजूद रहे। बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के तत्वाधान में आयोजित योग शिविर में शिक्षक खुशीपाल राणा ने योग अभ्यास कराया। इस दौरान निर्देशक संभव जैन, कुश नंदन, नागेश कुमार, जसवीर सिंह, प्रमोद शर्मा, अश्वनी कुमार, नेत्रपाल, अंकित कुमार, प्रवीण कुमार गौतम सहित आदि मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में देवी मंदिर पार्क में योग शिविर का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने सभी से अपने जीवन में योग अपनाने का आह्वान किया। उधर जायंट्स ग्रुप आफ महिला जागृति के तत्वाधान में डीआर रिसोर्ट में आयोजित योग शिविर में योग गुरु अर्चना मित्तल ने योग अभ्यास कराया। इस दौरान अध्यक्ष डोली वार्ष्णेय, आशा वार्ष्णेय, किरन शर्मा, शोभा गुप्ता, मीनू कमल वाष्णेय, गीता रस्तोगी सहित आदि मौजूद रहे।

● संभल, चंदौसी व गुन्नौर के साथ ही कस्बों व ग्रामीण इलाके में भी आयोजित किये गये योग कार्यक्रम

योग को दिनचर्या में करें शामिल : अजीत सिंह

असमोली/मनोटा, अमृत विचार : दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विकासखंड असमोली क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक कर्मियों के साथ ही क्षेत्र के लोगों ने भी प्रतिभाग कर योगासन किये। योग शिविर में खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि योग अपनाने से इंसान का जीवन बदल जाता है। शरीर स्वस्थ रहने के साथ हीमन भी शांत व प्रसन्न रहता है। कहा गया कि लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें। रोजाना सुबह को जैसे दिनचर्या के बाकी काम करते हैं वैसे ही कुछ समय योग करने में भी बितायें। कार्यक्रम में समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी, सफाई कर्मचारी तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

तनाव से मुक्ति के लिए योग अपनाएं पुलिसकर्मी : एसपी

संवाददाता, बहजोई

● एसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस लाइन में किया योग

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में योग शिविर के दौरान एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस कर्मियों के साथ योग अभ्यास किया। एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से योग को अपने जीवन में उतारकर निरोगी रहने का आह्वान किया।

रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आयोजित शिविर में योगाभ्यास किया। इस दौरान अधिकारी कर्मचारियों ने योग से होने वाले फायदे पर चर्चा के साथ विभिन्न आसनों जैसे पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन व सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कर योग से लाभ प्राप्त किया। एसपी ने कहा कि पुलिसकर्मियों को स्वस्थ रहने का तनाव मुक्त रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग की क्रियाओं से हम हमेशा ही अपनी काया को निरोग रख सकते हैं। भागदौड़ की जिंदगी में हमें योग ही स्वस्थ रखने का काम कर सकता है। इसलिए हमें योग को अपने जीवन में उतारकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए काम करना चाहिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा, सीओ गन्नौर आलोक कुमार सिद्ध, बहजोई दीपक कुमार तिवारी व प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी में योग करते लोग। ● अमृत विचार

मदरसे में शिक्षकों व छात्रों ने किए आसन, बताया योग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मदरसा ज़ियाउल उलूम, सरायतरीन में आयोजित योग शिविर में मदरसे के बच्चों व शिक्षकों से योगासन किये। विभिन्न योगासन कराकर उनके लाभ बताए गये।

मदरसा जियाउल उलूम सरायतरीन में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मियों एवं छात्रों को योग के विभिन्न आसन, जैसे प्राणायाम, अनुलोम, विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि कराकर उनके फायदे गिनाए गये। मदरसा प्रधानाचार्य राशिद अली ने कहा कि योग के द्वारा हम तमाम बीमारियों को ठीक कर सकते हैं। जो बीमारियां दवाई के द्वारा ठीक नहीं हो सकतीं उनसे भी योग के द्वारा निजात पाई जा सकती है। कहा कि दवाइयों से केवल आराम मिल सकता है, पूरी तरह से बीमारी से निजात नहीं। इसलिए अपनी जीवन शैली में योग को महत्वपूर्ण स्थान दें। शिक्षक नासिर अली खां ने भी शिक्षक, कर्मचारियों व छात्रों को योग के लाभ गिनाए। उन्होंने कहा कि योग जैसी भारतीय प्राचीन कला से आज पूरा विश्व लाभ अर्जित कर रहा है। इस अवसर पर मौ. रिजवान, ज़की अशरफ, हाफिज मौ. ज़ाहिद, मौ. अली, मुजीब अहमद, मौ. इकबाल, नासिर अली, मौ. दानिश, मौ. हफीज़ फैजी, मौ. मशकूर, मौ. सरफराज़ आदि उपस्थित रहे।

मदरसा जियाउल उलूम में योग करते शिक्षक। ● अमृत विचार

● मदरसा ज़ियाउल उलूम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ कार्यक्रम

ग्रामीण अंचलों में भी मनाया योग दिवस

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार: शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम के साथ योग दिवस मनाया गया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित पंचायत घर में ग्राम पंचायत के लोगों ने योग करके निरोग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर रामवीर सिंह, गुलफाम सिंह, रनवीर सिंह, अमन, शिशुपाल, सतेंद्र सिंह, मनोज, प्रताप, सोनू आदि ग्रामीणों ने योग किया। वहीं गांव डारनी स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित योग कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार, शशिकांत, विमलेश, कमलेश, रामरक्षपाल, वैशाली, सीमा, राजपाल आदि ने योग किया। रतनपुर स्थित पंचायत घर में आयोजित योग कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुमन यादव, राम प्रकाश यादव, लकी मिश्रा, मोहनलाल शर्मा आदि शामिल रहे। गांव दियौरा खास में यादराम सिंह आर्य, हरि सिंह आर्य, अखिलेश यादव आदि ने योग किया।

योग को अपना कर शरीर को रखें स्वस्थ : गुलाब देवी

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: दशम अंतर्राष्ट्रीय योग पर जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित योग कार्यक्रम में हजारों लोगों ने योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग अभ्यास किया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी व नोडल अधिकारी कमिश्नर मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह नागरिकों के साथ योगाभ्यास कर योग को जीवन में उतारकर स्वस्थ रहने का आह्वान किया।

चंदौसी बहजोई मार्ग स्थित शशि मदन पब्लिक स्कूल में आयोजित योग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, कमिश्नर मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों सहित कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न योगासन का अभ्यास करते हुए लोगों को योग से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्राचीन काल से योग का बहुत महत्व था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को फिर से आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शारीरिक योग और कर्मयोग आपस में मिलते हैं तब भक्ति योग बन जाता है। भक्ति योग बनने पर व्यक्ति मां उसे अनंत शक्ति से जुड़ जाता है। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जनपद में आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता, निबंध, लेखन, स्लोगन, मानसिक, स्वास्थ्य महत्व विषय पर चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीएम मनीष बंसल, सीडीओ ज्ञान सिंह, एडीएम प्रदीप वर्मा सहित तमाम जिला स्तरीय अधिकारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

योग करतीं प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी, कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह, डीएम मनीष बंसल व अन्य। ● अमृत विचार

● अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास

● राज्य मंत्री गुलाब देवी, कमिश्नर मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने किया योग शिविर का शुभारंभ

योग शिविरों में उमड़े लोग, नजर आया उत्साह

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांवों से उपनगर तक लोग अच्छी सेहत और सद्भाव के लिए योग प्राणायाम के कार्यक्रमों में शामिल हुए। स्कूलों से लेकर सार्वजनिक मैदानों तक साधकों ने योग क्रिया कराईं। नगर पंचायत व पतंजलि के अलावा अन्य संस्थाओं ने भी इसमें सहभागिता की। मुख्य कार्यक्रम नगर के रोडवेज बस स्टैंड परिसर में हुआ।

योग दिवस को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत ने खास तैयारी की थी। राजघाट रोड स्थित बस स्टैंड परिसर में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी और चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय पिछले कई दिनों से जुटे थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बस स्टैंड परिसर में भोर तड़के योग साधकों की भारी भीड़ जुट गयी। पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक ने एक घंटे तक विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराया। इस दौरान दयाशंकर आर्य, अरूणकांत, विनय वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, आकाश मेडिकल, सचिन यादव आदि सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने भाग लिया। विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर योग, ध्यान शिविर लगाया गया। स्कूल के चेयरमैन अतुल गोयल, कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, सोनल शर्मा, श्वेता वार्षेय, श्वेता सिंह, नव्या, नीशू, अंशु, पायल, मीनल ,रीतू, श्वेता सिंह, रुचि और बचपन की छात्रा ईविका तथा उनके माता-पिता हर्षित व गुंजन, डा. लक्ष्मीकांत, पंडित राकेश, जगदीश, नवरत्न, गुड़िया, राधा, सीमा, कुसुम आदि मौजूद रहे। मां गंगा जनकल्याण समिति की ओर से कालीचरन मेमोरियल अस्पताल परिसर में योग व प्राणायाम का कार्यक्रम हुआ। डा. कैलाश वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, अभय टेस्टी, डॉ. राहुल यादव, विजय कुमार, लकी गुप्ता, विवेक एडवोकेट सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। गांव बाघऊ में संघ की ओर से योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्कृति पब्लिक स्कूल और रामा कान्वेंट स्कूल में भी ध्यान योग में लोगों ने भाग लिया।

बबराला में योग शिविर में मौजूद योग शिक्षक व पतंजलि परिवार से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

यारा परिसर में शिविर में योगासन करते लोग। ● अमृत विचार

थाना हजरतनगर गढ़ी में योग करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

सिरसी में लोगों को योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया

संवाददाता, सिरसी

अमृत विचार: नगर पंचायत सिरसी में शुक्रवार को योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने योगासन किये। इस दौरान योग करने से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया।

नगर पंचायत सिरसी की और से जवाहरलाल इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास शामिल हुए। इसके अलावा जवाहरलाल मेमोरियल नगर पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार शर्मा, नगर पंचायत के कर्मचारी, सभासद, स्कूल के बच्चे व स्टाफ मौजूद रहा। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर थाना हज़रतनगर गढ़ी पर पुलिस कर्मियों को योग कराया गया। योग के महत्व और लाभों के प्रति पुलिस कर्मियों को जागरूक किया गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि पुलिस कर्मी रोजाना योग करने की आदत डालें।

यारा फर्टिलाइजर टाउनशिप परिसर में विभिन्न आसनों का कराया अभ्यास

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार: यारा फर्टिलाइजर टाउनशिप परिसर में स्थित डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल बबराला में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया।

विद्यालय के खेल शिक्षक सतीश कुमार सिंह द्वारा ओंकार के उच्चारण तथा प्रार्थना के साथ योग शिविर का आरंभ किया गया। सर्वप्रथम ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन इसके पश्चात पेट के बल लेटकर किए जाने वाले आसन जैसे - मकरासन, भुजंगासन पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन का अभ्यास कराया गया। कपालभाति क्रिया, नाड़ी शोधन प्राणायाम आदि के बाद ध्यान लगाने का भी अभ्यास कराया। अंत में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः:' प्रार्थना के साथ योग सभा का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र तथा विद्यालय के स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

एक नजर

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर सराय निवासी अंकुश शुक्रवार को बाइक पर सवार होकर अमरोहा जिले के गांव ढबारसी स्थित अपनी ससुराल से आ रहा था। अंकुश बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव खग्गूपुरा के पास पहुंचा। सामने से डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंकुश गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं चालक का भीड़ में पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर अंकुश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

बंदरों ने महिला पर किया हमला, घायल

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव भुलाबई में मालदेवी पत्नी हरिश्चंद्र मौर्य अपने घर से अपने घेर में जा रही थी। रास्ते में बंदरों का झुंड बैठा था। बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला बोल दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह महिला को बचाया। तब तक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। परिजन तत्काल महिला को सीएचसी चन्दौसी ले गए।

चन्दौसी ताईक्वांडो एकेडमी में योगाभ्यास कराती प्रशिक्षिका।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने भी किया योग

चन्दौसी, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नगर की चन्दौसी ताइक्वांडो अकादमी में सभी खिलाड़ियों को जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने योगाभ्यास कराया। जिसमे ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, हस्तपादासन, नौकासन, वृक्षासन, गौमुखासन, त्रिकोणासन, चक्रासन, सर्वांगासन, शीर्षासन, शवासन व प्राणायाम किया। इस मौके पर सीनियर खिलाड़ी पूरब, ऋषभ तथा महिला कोच रेखा उपस्थित रहीं।

भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को लेकर कोतवाल का किया घेराव

डग्गामार वाहनों से रंगदारी मांगने के आरोप में दो कार्यकर्ता समेत पांच के खिलाफ दर्ज है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने डग्गामार वाहनों से रंगदारी लेने के आरोप में दो भाजपा कार्यकर्ता सहित पांच के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। भाजपाइयों ने कोतवाली पहुंच कर कोतवाल का घेराव किया और एफआईआर से दो कार्यकर्ताओं के नाम निकालने की मांग की। कहा कि पुलिस की बुधवार तक नाम नहीं निकाले गए तो कोतवाली का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार की सुबह 11 बजे भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाल अतर सिंह का घेराव किया। कहा कि पुलिस ने चार दिन पहले दो भाजपा कार्यकर्ता सहित पांच लोगों के विरुद्ध डग्गामार वाहन से रंगदारी मांगने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि दोनों भाजपा कार्यकर्ता इस मामले में लिप्त नहीं हैं, वह सीधे-साधे युवक हैं। केवल पार्टी के लिए ही कार्य करते हैं। कहा कि अगर पुलिस ने बुधवार तक दोनों भाजपा कार्यकर्ता कपिल त्यागी व नीरज वाल्मीकि का नाम एफआईआर से नहीं निकाला, तो गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली का घेराव करेंगे। जहां अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन किया जाएगा। कहा कि जो वास्तविक आरोपी है, पुलिस उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करे। मगर किसी बेगुनाह कार्यकर्ता को जेल नहीं जाने देंगे। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही, किरण शर्मा, आशा गोस्वामी, नीलम अरोड़ा, बृजेश चौहान, बिट्टू ठाकुर, नकुल प्रताप सिंह, मोर मुकुट वार्ष्णेय, डॉ. अमित वार्ष्णेय, आकाश आहूजा, शुभम अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय, सभासद अमल कोली, कृष्ण गोपाल शर्मा, शगुन ठाकुर, रितिक राजपूत, अनुज राघव आदि मौजूद रहे।

कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करते भाजपाई। ● अमृत विचार

- **भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ता**
- **बुधवार तक नाम नहीं हटने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी**

> उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद रिपोर्ट दर्ज की है। भाजपा पदाधिकारियों की बातों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जाएगा। उनके निर्देश पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
> **-अतर सिंह,** प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

स्कॉर्पियो ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल/सौंधन

अमृत विचार: कैला देवी थाना क्षेत्र में खिरनी सौंधन मार्ग पर तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। दोनों युवक खिरनी से मोबाइल ठीक कराकर वापस गांव लौट रहे थे।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन की मिलक निवासी 20 वर्षीय मोंटी अपने दोस्त 22 वर्षीय दीप कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर मोबाइल की मरम्मत कराने के लिए खिरनी आया था। मोबाइल की मरम्मत कराने के बाद मोंटी व दीप बाइक पर सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे। खिरनी सौंधन मार्ग पर नारंगपुर पुलिया के पास आदमपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कोर्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मोंटी व दीप बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गए। लोगों ने पुलिस व एम्बुलेंस को हादसे की सूचना दी। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया जहां 20 वर्षीय मोंटी को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दीप को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

हादसे के बाद मौके पर पड़ी बाइक व एकत्र लोग। ● अमृत विचार

- **कैला देवी थाना क्षेत्र में नारंगपुर पुलिया के पास हुआ हादसा**
- **मोबाइल ठीक कराकर लौट रहे थे युवक**

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल

संभल, अमृत विचार : गांव महमूदपुर इम्मा निवासी गुरप्रीत के ससुर कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव अमावती निवासी विष्णु निजी अस्पताल से छुट्टी कराकर बाइक से धेवते चिंटू व पुत्री संतरेश को लेकर घर जा रहे थे। संभल गवां मार्ग पर गांव खिरनी के पास पीछे से पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संतरेश व चींटू घायल हो गए।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में डाले पशुओं के अवशेष

संवाददाता, संभल/मनोटा

- **कुछ अवशेषों को गड्ढे में डाल कर खुला छोड़ दिया**

अमृत विचार: असमोली विकासखंड क्षेत्र में ईद पर कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष हेल्थ एंड वेलनेस के कमरे व गड्ढे में खुले में डाल दिये गये। शिकायत करने के बाद भी ग्राम प्रधान ने अवशेषों को नहीं दफनाया है। जिसकी शिकायत सीएचओ ने अब उच्चाधिकारियों से की है।

विकासखंड क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल अजहा पर कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों को दफनाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के पास एक गड्ढा खोदा था। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने अवशेषों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कमरे में डाल दिया जबकि कुछ अवशेषों को गड्ढे में डालकर खुला छोड़ दिया। जिससे अवशेषों से निकल रही दुर्गंध चारों ओर फैल गई। मंगलवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने पहुंचे सीएचओ विपिन कुमार ने कमरे में पशुओं के अवशेष देखकर इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की। आरोप है कि शिकायत मिलने के तीन दिन बाद भी ग्राम प्रधान ने सेंटर के कमरे से अवशेषों के निकलवा कर गड्ढे में नहीं दफनाया। जिससे अवशेषों से उठ रही दुर्गंध से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसकी शिकायत सीएचओ ने अपने उच्चाधिकारियों से की। शुक्रवार को एमओआईसी संदीप सिंह ने बताया कि इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा है तो मौके पर पहुंचकर देखूंगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चोरी के दो दोषियों को 15 माह की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **अदालत ने दोनों पर छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

अमृत विचार: न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने चोरी के दो आरोपियों को एक वर्ष तीन माह के कठोर कारावास एवं छह-छह हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। घटना वर्ष 2016 में थाना संभल क्षेत्र में हुई थी।

कोतवाली संभल क्षेत्र के निवासी माधव मिश्रा ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 20 मार्च 2016 की मध्य रात्रि तीर्थ मनोकामना में चोरों ने सभी मंदिरों के ताले तोड़ कर दान पात्र तोड़ लिए और रकम चुरा कर ले गए। इतना ही नहीं मंदिर में कई कमरों और अलमारी के ताले तोड़ कर सामान निकाल लिया। भगवान के श्रंगार व अन्य सामान भी चोरी कर लिया। सुबह चार बजे पुजारी गिरिराज किशोर मंदिर की सफाई करने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुल्तान उर्फ मोटा पुत्र आबिद निवासी मो.चौधरी सराय थाना संभल और गुड्डू कबाड़ी पुत्र शाहिद हुसैन निवासी आदमपुर रोड थाना संभल के खिलाफ चोरी के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया था। चोरी का माल भी बरामद किया था। पुलिस ने साक्ष्यों को एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आरती फौजदार ने सुल्तान उर्फ मोटा व गुड्डू कबाड़ी को दोषी करार देते एक-एक वर्ष ,तीन-तीन माह के कठोर कारावास व तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरित कठोर कारावास भुगतना होगा। धारा 380 में एक-एक वर्ष के कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरित कठोर कारावास भुगतना होगा। धारा 411 में एक-एक वर्ष के कठोर कारावास व धारा 412 में एक-एक वर्ष तीन-तीन माह के कठोर कारावास तथा दो-दो हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह का अतिरित कठोर कारावास भुगतना होगा। जेल में बितायी अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। सजा कराए जाने में हेड कांस्टेबल सत्यपाल सिंह पैरोकार थाना संभल का भी सहयोग रहा।

सार-संक्षेप

ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण के विरोध में प्रदर्शन

संभल/ओबरी,अमृत विचार : असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव बेला में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के असमोली मंडल के पूर्व अध्यक्ष ओमवीर शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण गांव से मिलक जाने वाले रास्ते पर स्थित ग्राम समाज की जमीन के पास एकत्रित हुए और ग्राम समाज की जमीन पर मकान निर्माण कराने का आरोप लगाकर ग्राम प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम समाज की जमीन पर कराए जा रहे निर्माण को लेकर जब ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से बात की तो ग्राम प्रधान ने उस समय ग्रामीणों को बताया था कि राशन का भंडारण करने के लिए गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने पर गोदाम के नाम पर बने मकान में ग्राम प्रधान का घरेलू सामान, ट्रैक्टर व अन्य खेती बाड़ी का सामान सहित ग्राम प्रधान के रिश्तेदार भी रह रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस दौरान विशेष शर्मा, राम सिंह, प्रेमपाल सिंह, भूरे सिंह, राजेश सिंह, राम किशोर, सोनू कुमार, अनुराग सिंह व महिलाएं मौजूद रही।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के नखासा क्षेत्र में वेयर हाउस के बाहर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक के पैर के पंजे पर ट्रक का पहिया उतरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ला कुरैशियान निवासी सलमान अपने भाई सद्दाम पुत्र नजर बाइक पर सवार होकर दोपहर एक बजे नखासा स्थित मस्जिद पर नमाज पढ़ने जा रहा था। जब बाइक सवार वेयर हाउस के सामने पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक सलमान के दाये पैर के पंजे के ऊपर से ट्रक का पहिया उतर गया। हादसे में सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसका भाई सद्दाम बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां घायल का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और भीड़ को समझा-बुझा कर घर भेजा। पुलिस ने ट्रक व बाइक को कब्जे में लिया है।

पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में पत्नी के बेटा पैदा नहीं हुआ तो पति ने अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मिलकर पत्नी को मारपीट कर घायल अवस्था में घर से निकाल दिया। मौके पर पहुंचे मायके वालों के साथ भी महिला के ससुराल वालों ने गाली गलौज की। तहरीर मिलने पर पुलिस ने महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है। बहजोई देहात निवासी रीनू की शादी 15 वर्ष पहले हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी सतवीर के साथ हुई थी। दंपति के दो बेटी हैं। रीनू का आरोप है कि बेटा पैदा नहीं होने की वजह से सतवीर आए दिन उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करता है। शुक्रवार की सुबह इसी बात को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। इसके बाद पति सतवीर ने अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मिलकर लात घूसों से मारपीट कर रीनू को घायल करने के बाद घर से निकाल दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वालों के साथ भी गाली गलौज की। जिसके बाद मायके वाले रीनू को लेकर थाने पहुंचे और सतवीर सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी संत कुमार ने कहा कि तथ्यों के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

कॉलोनी के 100 घरों की रात भर गुल रही बिजली

चन्दौसी, अमृत विचार : मौलागढ़ फीडर की पंचशील कॉलोनी में गुरुवार की रात आठ बजे एक फेस गायब होने से 100 घरों की विद्युत आपूर्ति ठप रही। विद्युत विभाग को सूचना देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में रात जाग कर काटनी पड़ी। शुक्रवार की सुबह छह बजे आपूर्ति सुचारु होने पर लोगों ने राहत महसूस की। गुरुवार की रात आठ बजे अचानक पंचशील कॉलोनी का एक फेस गायब हो गया। जिससे 100 घरों की बिजली गुल हो गई। पंचशील कॉलोनी मौलागढ़ फीडर के अंतर्गत आती है। कुछ देर बिजली का इंतजार करने के बाद लोगों ने समस्या से विद्युत जेई अभिषेक सिंह को अवगत कराया। बताया गया कि लाइन मैन को मौके पर भेज कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। कुछ समय बाद बिजली सुचारू कर दी जाएगी। बिजली आने के इंतजार करते-करते सुबह हो गई। मगर बिजली सुचारू नहीं हो सकी। देर रात तक इंवर्टर भी जवाब दे गए। भीषण गर्मी होने से लोगों को रात जागकर काटनी पड़ी। बच्चों व बुजुर्गों को अधिक परेशानी हुई। शुक्रवार की रात सुबह छह बजे बिजली सुचारू होने पर लोगों ने राहत महसूस की। लोगों का कहना है कि जब रात में सूचना दे दी गई, तो समस्या का समाधान क्यों नहीं किया गया। जब विद्युत जेई से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठ सका।

राधागोविंद पॉलीटेक्निक कॉलेज में टैबलेट के साथ विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश सरकार की डिजि शक्ति योजना के तहत शुक्रवार को राधागोविंद पॉलीटेक्निक कॉलेज में 38 छात्र-छात्राओं को टेबलेट बांटे गए। । टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

संस्थान के चेयरमैन पवन शर्मा की उपस्थिति में प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज तोमर ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण किया।

चेयरमैन ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तकनीकी युग में कदम से कदम मिलाते हुए उन्नति करने की सलाह दी। प्रबंध निदेशक ने अनुशासन में रहते हुए तकनीकी का सही प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में रतनेश पाठक, शैलेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, नितिन कुमार, अनिल शर्मा, सुरेश पाल, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, विनीत सिंह, नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

गुन्नौर, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में खेत पर फसल की रखवाली को गये युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के किनारे पर मिला है। परिजन हत्या का संदेह जता रहे हैं।

थाना धनारी क्षेत्र के गांव भकरोली निवासी चंद्रकेश का पुत्र मोहर सिंह उर्फ कालू (27 वर्ष) गुरुवार रात करीब दस बजे घर से खाना खा कर खेत पर फसल की रखवाली के लिए ट्यूबवेल पर सोने गया था। शुक्रवार को सवेरे चंद्रकेश का शव गांव कैल भकरोली के बीच रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला। चंद्रकेश के बाएं हाथ में कोहनी से कलाई तक का हिस्सा बुरी तरह क्षत-विक्षत था। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे दुर्घटना मान रही है। वहीं परिजन हत्या का संदेह जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण पता चलेगा। उसी आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

योग अभ्यास कराकर निरोगी काया रखने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **सीएचसी समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह किए योग कार्यक्रम**

अमृत विचार: संयुक्त चिकित्सालय समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर योग कार्यक्रम किए और योग कर निरोगी काया रखने का संदेश दिया।

बिहारीलाल प्राकृतिक आरोग्य सदन रामबाग धाम पर आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का आरंभ संस्था के संस्थापक फूलप्रकाश वार्ष्णेय व प्रबंधक भुवनेश वार्ष्णेय व उनकी पत्नी वीनेश वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलित करके किया। तदोपरांत उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार के आसन व प्राणायाम आदि कराए। सभी को वस्त्र व योग मार्गदर्शिका पुस्तक भेंट की। महिलाओं, बुजुर्ग व युवाओं समेत बच्चों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। उधर आज संयुक्त चिकित्सालय में योग दिवस मनाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेन्द्र सिंह, मोहन पाठक, हेमा पाठक, गीता यदुवंशी, दीप्ति भटनागर, हेमेश नाथ, महेश चंद, गिरीराज किशोर, शिवराज सिंह, संजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

उधर महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गणेश कालोनी गली नंबर आठ में निर्माणाधीन भगवान श्री परशुराम मंदिर के निकट स्थित पार्क में मनाया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने सूर्यनमस्कार, ताड़ासन, ब्रक्षासन, पद्मासन, हास्यासन सहित अनुलोम विलोम कराया।

इस अवसर पर अशोक पाठक, हेमंत कुमार गुप्ता, वेदराम मौर्य, संतोष कुमार पाराशरी, महेश चंद्र शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, एनके शर्मा, अशोक अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, शांतनु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

महिला शक्ति ने सूर्य प्राणायाम का किया अभ्यास

चन्दौसी, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जायंट्स महिला शक्ति चंदौसी की ओर से लाठी बाजार स्थित राज योग पीठ में आयोजित दस दिवसीय योग शिविर के चौथे दिन महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। प्रशिक्षिका अनीता राज एवं ऐश्वर्या राज ने सूर्य प्राणायाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया सूर्य प्राणायाम में 12 आसन आते हैं। यह हमारे योग की रीड की हड्डी हैं। अगर आप इसके अभ्यास को नियमित रूप से 12 बार करते हैं तो आपकी सारी बीमारियां दूर हो जाती हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, अनुराधा, मृदुल अग्रवाल, रानी अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, नीलिमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, आरजू आदि उपस्थित रहीं।

चन्दौसी में योग करतीं जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की सदस्य।

महिलाओं व पुरुषों को बताया योग का महत्व

चन्दौसी, अमृत विचार : आराध्या वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन एवं भारत विकास परिषद तथा भाजपा महिला मोर्चा ने संयुक्त रुप से दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी कालोनी स्थित पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक काजल अरोड़ा ने सूक्ष्म व्यायाम उसके पश्चात योगासन कर योग के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। समिति सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करने वाला है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अमिता सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति समाज को जागृत करना एवं योग के महत्व को बताना है। डीसी गुप्ता, शिवनंदन शर्मा, आशा गोस्वामी, राखी सिरोही, रानी अरोड़ा, किरण शर्मा, शालिनी शर्मा, नीतू रस्तोगी, विपिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, श्वेता गुप्ता, रमेश अधीर, महेश कटारिया, डॉ. सोमनाथ लोगानी आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन वीनस शुगर मिल के कार्यक्रम में राज्यमंत्री सहित अधिकारियों ने की सहभागिता

विद्यालय में दो हजार लोगों ने किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बहजोई रोड स्थित वीनस शुगर मिल के शशि मदन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दो हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास कर जनपद में रिकार्ड बनाया। योग शिविर में जनपद के प्रमुख अधिकारियों ने पहुंच योग किया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री गुलाब देवी व मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह मौजूद रहे।

शुक्रवार को शशि मदन पब्लिक स्कूल में जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित करके योग शिविर का आरंभ किया। कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए किया जाता है बल्कि मानसिक शांति व आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक है। कहा कि योग से जीवनशैली से जुड़े रोगों का निदान होता है। सुबह रोज कुछ समय योग करना चाहिए। वीनस शुगर लिमिटेड के सहायक अध्यक्ष आरके सिंह ने कहा कि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिष्क को प्रकृति से जोड़कर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने का कार्य करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय राजन ने कहा कि योग प्राचीन समय से प्रकृति द्वारा मनुष्य को दिया बहुत ही अनमोल उपहार है। जो जीवन भर मनुष्य को दृढ़ संकल्पित कर प्रकृति एवं मनुष्य के बीच में संतुलन बनाने का कार्य करता है। इसलिए योग व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करता है।

शशि मदन स्कूल में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग करते लोग। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने योग कर दिया निरोगी काया का संदेश

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भी विश्व योग दिवस मनाया गया। ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार के योग कर निरोगी काया रखने का संदेश दिया। नरौली नगर पंचायत कार्यालय परिसर में चेयरमैन विट्टन मलिक के नेतृत्व में सभासद, कर्मचारियों ने योग किया। योग प्रशिक्षक अरविंद कुमार ने उपस्थित लोगों को अलग-अलग तरह से आसान कराए। चेयरमैन ने बताया योग करने से हमारे शरीर की तमाम बीमारियां स्वयं ही खत्म हो जाती हैं। इस अवसर पर राजीव कुमार, राजेश कुमार, शिवकांत राघव, सोनू, आमिर कुरैशी, उवैस खान, शिवा, बब्लू, गुलशन कुमार, सुख देवी, शांति देवी, शाहिद समेत स्टाफ मौजूद रहा। उधर मोहल्ला मंगलवाला स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क में भाजपा नरौली मंडल के अंतर्गत योग दिवस कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सतीश अरोड़ा ने कहा कि आज के इस युग में हमें स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है और यह योग करने के बाद ही संभव है। नहीं तो एलोपैथिक दवाओं पर ही निर्भर रहना पड़ेगा। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हर्वेस राघव ने की। जयराम दिवाकर, राकेश शर्मा, रिंकू ठाकुर, ओमपाल प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, सुखबीर पाल, सचिन राघव, सत्येंद्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, रविंद्र सिंह, अजय शर्मा, हिम्मत सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिशः शून्यास्त्वबान्धवाः।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

संपादकीय

लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

मांसाहार, शाकाहार और पशु वध

डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

> जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

प्रसंगवश

कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।

बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

सोशल फोरम

दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

> नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तद्नुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

ब्याज से आय पर राहत

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

एक नजर

बेटे ने लापता मां की गुमशुदगी दर्ज कराई

नगीना, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव तकीपुर तुलसी उर्फ नया गांव निवासी विजयपाल सिंह की पत्नी गीता देवी 15 जून की सुबह घर से लापता हो गई। परिजनों ने उसे सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। लापता महिला के पुत्र शंकर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

हादसे में बाइक सवार दो भाई और भजीती घायल

नहटौर, अमृत विचार : रिश्तेदारों से ईद मिलकर घर लौट रहे बाइक सवार भाइयों व बच्ची को अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरुवार रात 10 बजे ग्राम तरकोला निवासी मोहम्मद आजम अपने भाई असद व भतीजी सबीहा के साथ नहटौर में रिश्तेदारों से ईद मिलकर बाइक से घर लौट रहा था। जब वह नूरपुर मार्ग स्थित ग्राम चक गौवर्धन के निकट पहुंचे तो अज्ञात वाहन उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों घायल हो गए।

सभी लोग भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना परिसर में शुक्रवार को त्योहारों को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने आगामी त्योहार को आपसी भाईचारा व शांति पूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। सभी संभ्रांत व्यक्तियों से आगामी त्यौहार मोहर्रम को लेकर ताजियों की लम्बाई के बारे में भी ताजियेदारों को बताया गया। कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी, नबाब शानू, इंतज़ार हुसैन, फरजंद अली, मुजिबुल हुसैन, हाजी आसिम, कासिम, समसुद्दीन, राबिक पाशा, मुस्तफा और शाने आलम आदि लोग मौजूद रहे।

बीमारियों से दूर रहने के लिए योग जरूरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर में शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। सरकारी कार्यालय से लेकर स्कूलों व निजी संस्थानों में लोगों ने योग किया। योग विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी का मौसम है और मानसून आने वाला है। मौसम में हो रहा बदलाव कई तरह की बीमारियों की संभावना बढ़ा सकता है। वहीं बरसात के मौसम में शरीर कई तरह के रोगों से ग्रस्त हो सकता है। बदलता मौसम शरीर की इम्यूनिटी को कम कर देता है। प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोग शरीर पर आसानी से असर करते हैं। खांसी-जुकाम, बुखार और संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। इन सब परेशानियों से बचने के लिए नियमित योग जरूरी है। योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई ने बताया कि एक स्वस्थ जीवन शैली के प्रमुख अंग भोजन, कठिन परिश्रम, व्यायाम तथा पर्याप्त आराम है।

चढ़ते समय ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

रामपुर, अमृत विचार : चलती ट्रेन पर चढ़ रहा युवक पैर फिसलने की वजह से गिर गया। जीआरपी ने गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।शुक्रवार की सुबह करीब सवा नौ बजे एक युवक बरेली से मुरादाबाद की ओर जा रही चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। अचानक पैर फिसल जाने के कारण वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मानव समाज के लिए जीवन उपयोगी है योग

जिलेभर के स्कूल-कॉलेजों में किया गया योग, गोमुखासन, भुजगासन, त्रिकोणासन का किया अभ्यास

संवाददाता, नगीना/नहटौर

हिंदू इंटर कॉलेज में योग करते एसडीएम व अन्य।



नहटौर के ऑक्सफोर्ड स्कूल में योग करते शिक्षक।

नहटौर डिग्री कॉलेज में योग क्रियाएं करतीं महिलाएं।

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिले भर में जगह-जगह योग किया गया। शुक्रवार सुबह सात बजे हिंदू इंटर कॉलेज परिसर में योग शिक्षक पवन त्यागी ने योग की महत्ता बताई। उन्होंने अधिकारियों व नगर के लोगों को योग कराया। यहां एसडीएम अवनीश त्यागी, तहसीलदार संतोष सिंह, ईओ संदीप सक्सेना, मदनपाल सिंह, रोहित, नरेश कुमार, अभिषेक, योगेश कुमार, संदीप वाल्मीकि, सुभाष, गोपाल शर्मा, मोहम्मद असलम आदि मौजूद रहे। योग शिक्षिका मधु सिंह के नेतृत्व में भी कॉलेज परिसर में 35 महिलाओं व युवतियों ने योग किया। उधर, नहटौर क्षेत्र में ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों ने योग किया। पदामासन, बज्रासन, गोमुखासन, भुजंगासन, अर्ध मत्स्येन्द्र आसान, त्रिकोणासन, ताड़ासान, वृक्षासन का अभ्यास किया। प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है। योग न सिर्फ शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है बल्कि सारे मानव समाज के लिए जीवनोपयोगी है। विद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षक अनुज कुमार के निर्देशन में मोनोजीत विश्वास, विनीत कुमार, महबूब आलम, अनिल शर्मा, वीर राजपूत, रविद्र त्यागी आदि शिक्षकों ने योग किया। पीजी डिग्री कॉलेज नहटौर में प्राचार्य डॉ. संजीव गौड़ व क्रीड़ा भारती विकास खंड के संयोजक चमन सैनी के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को योगासन के बारे में जानकारी दी। यहां डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. दीपशिखा, डॉ. कैलाश सिंह, डॉ. मनोज, दुष्यंत कुमार, नरेश कुमार, यशपाल सिंह, आराधना त्यागी, अनिता, पंकज शर्मा, विपिन सैनी, आबिद हुसैन आदि शामिल रहे।

योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ

किरतपुर, अमृत विचार : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर में शुक्रवार को जगह जगह योग किया गया। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता के नेतृत्व में पालिका में योग सप्ताह 15 से 21 जून तक प्रतिदिन चल रहा था। शुक्रवार को अंतरास्ट्रीय योग दिवस के मौके पर समापन हो गया। योगा गुरु ब्रजवीर सिंह ने योगासन कराए। उन्होंने बताया कि हर इंसान को प्रतिदिन योगा जरूर करना चाहिए। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। देवा शंकर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग किया गया। प्रबंधक योग गुरु राम बहादुर गहलौत ने योग आसान कराए। हसन मुस्तफा, लेखाकार सुरेन्द्र सिंह, ज्ञानेश्वरानंद, बाबूराम, गोपाल दत्त शर्मा, उमेंद्र कुमार, मुस्तकीम, नासिर, अदनान, अजहर आदि रहे।

टिकट बुकिंग कार्यालय में कार्रवाई करती रेलवे सतर्कता विभाग की टीम। ● अमृत विचार

ट्रेन टिकट बुकिंग कार्यालय में टीम का छापा, आरोपी पकड़ा

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : रेलवे सतर्कता विभाग की टीम ने शिकायत के आधार पर स्टेशन के बुकिंग कार्यालय पर छापामार मारा। यहां टीम को अनेक अननियमिताएं मिलीं।

सतर्कता विभाग उत्तर रेलवे बड़ौदरा हाउस की दो सदस्य टीम शुक्रवार सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन के टिकट बुकिंग कार्यालय पहुंची। यहां टिकट वितरण की जांच की। पांच घंटे चली जांच में टिकट वितरण के कार्य, मूल्य के कैश में अनियमितता पाई गई। कैश कम पाया गया। टीम ने बुकिंग कार्लालय में अवैध व निजी रूप से कार्य करने वाले एक व्यक्ति उमर फारुक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद उसे आरपीएफ को सौंप दिया। बुकिंग कार्यालय के मुख्य अधिकारी जीशान अली के विरुद्ध विभागीय जांच के लिए रिपोर्ट अधिकारियों को दी है।

सफाई कर्मचारी संघ की कमेटी को किया भंग

नगीना, अमृत विचार : नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संदीप वाल्मीकि ने संघ के पदाधिकारियों की निष्क्रियता एवं लापरवाही को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कमेटी को भंग कर दिया है।

उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र ही किया जाएगा। जिसके लिए नगर पालिका परिषद नगीना के प्रांगण में समस्त स्थायी सफाई कर्मचारी, संविदा, ठेका सफाई कर्मचारी, एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक आहुत की जाएगी। इसमें सबकी सहमति से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा कि पिछले काफी समय से नगर पालिका कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कार्यकारिणी निष्क्रिय थी। जिसको देखकर यह निर्णय लिया गया है।

बिजली न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

संवादादाता, हल्दौर

बिजली समस्या

- लाइन का तार टूटने से बिजलीघर के फीडरों से आपूर्ति हुई थी ठप
- समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने पर हुए शांत

अमृत विचार : डींगरपुर बिजली घर से पैजनियां बिजली घर आ रही 33 हजार क्षमता लाइन का तार टूटने से स्थानीय बिजलीघर के समस्त फीडर की विद्युत आपूर्ति पूरी रात ठप रही। इससे पैजनिया बिजली घर से जुड़े क्षेत्र के 62 गांवों में पूरी रात बिजली न आने से अंधेरा छाया रहा और लोग गर्मी से बेहाल रहे।

इससे नाराज क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने बिजली घर पर हंगामा किया। बुधवार शाम भीषण गर्मी के चलते लोग बिलबिला रहे थे। इस दौरान डींगरपुर बिजलीघर से आ रही 33 हजार क्षमता की हाई टेंशन लाइन का तार टूट गया। इसके बाद हवा के साथ आई बारिश में कई फीडर पर पेड़ की टहनी टूटकर गिरने से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण पूरी रात बिजली घर से जुड़े सात फीडर के 62 गांव में अंधेरा छाया रहा और गर्मी से लोग बेहाल रहे। बिजली घर पर तैनात ऊर्जा निगम के जेई मनोज कुमार ने रात्रि में ही हाई टेंशन लाइन का टूटा तार जोड़ने का आश्वासन देकर हंगामा कर रहे ग्रामीणों को शांत किया। इस संबंध में ऊर्जा निगम के हल्दौर उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि हाई टेंशन लाइन का तार रिपेयरिंग कर विद्युत आपूर्ति सुचारू करा दी गई है।

मुर्रशदपुर में कुटिया के पास मिला साधु का शव

नहटौर, अमृत विचार : गांव मुर्रशदपुर दिल्ली के जंगल में कुटिया बनाकर रह रहे एक साधु का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव मुर्रशदपुर दिल्ली के पास ही खाली झील की भूमि पर हरिद्वार के एक अखाड़े के साधु देवेन्द्र भारती (65) तीन वर्ष पूर्व आकर रहने लगे थे। ग्रामीणों की मदद से उन्होंने एक कुटिया भी बना ली थी। साधु भांग का सेवन करते थे। उनके पास कई युवक भी आते जाते थे। शुक्रवार सुबह कुछ लोग जंगल की ओर गए तो उन्होंने साधु का शव कुटिया से कुछ दूर पड़ा देखा। साधु की नाक से खून बह रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व साधु के साथ मारपीट भी की गई थी। पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। शनिवार को साधु को कुटिया छोड़कर जाना था। जाने से एक दिन पूर्व ही साधु का शव मिला।

भूमि विवाद: दो पक्षों में चली गोली

संवाददाता, टांडा (रामपुर)

- एक महिला व युवती घायल, एक माह पूर्व भी हुआ था विवाद
- एहतियातन गांव में पुलिस बल को किया गया तैनात

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चक खरदिया में जमीन एवं पेड़ों को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गये। एक पक्ष ने दूसरे पर गोली चला दी। गोली लगने से महिला और युवती घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। गोली चलने की घटना से गांव में हड़कंप मच गया। एहतियातन गांव में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

टांडा थाना क्षेत्र के ग्राम चक खरदिया निवासी महबूब उर्फ भूरा और अय्यूब दोनों आपस में रिश्तेदार बताए जाते हैं।अय्यूब की चार साल पहले मृत्यु हो चुकी है। नसीम जहां पत्नी महबूब उर्फ भूरा ने अय्यूब से जमीन क्रय की थी। जमीन की मेढ़ पर यूकेलिप्टिस के पेड़ लगे हैं। जमीन के बंटवारे और उस पर लगे पेड़ों को लेकर दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही है। 24 मई को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। याकूब पुत्र नबीजान, मकबूल पुत्र मियां जान व फारूक पुत्र मकबूल ने खेत पर लगे पेड़ काटने का प्रयास किया था,आरोप है कि नसीम जहां द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पैर में गोली मारकर उसे घायल कर दिया था। इस संबंध में पुलिस ने उस समय घटना को गम्भीरता से लेकर उचित कार्रवाई करने के बजाय दस दिन बाद गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। नतीजतन दोनों पक्षों के बीच रंजिश एवं विवाद बढ़ता गया। शुक्रवार की सुबह आठ बजे के करीब दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए।

> पुरानी रंजिश के चलते टांडा कोतवाली के क्षेत्र गांव चक खरदिया में दो सगे-संबंधी आमने सामने आ गए। गोली लगने से महिला व युवती घायल हो गई है। घटना के संबंध में तीन महिलाओं सहित सात को हिरासत में लिया गया है। एहतियातन गांव में पुलिस तैनात कर दी गयी है।
>
> -कीर्तिनिधि आनंद, सीओ टांडा

उसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज हो गई। बात इतनी बढ़ी कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चला दी। गोली लगने से महबूब की पत्नी नसीम जहां (45) और अय्यूब की बेटी फरहा (20) गोली लगने से घायल हो गईं। गोली चलने की घटना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह के नेतृत्व में तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ कीर्तिनिधि आनंद भी घटनास्थल पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवा लिया गया।

तालाब पर कब्जे का प्रयास, लेखपाल ने भराव डालने से रोका

किरतपुर, अमृत विचार : गांव भनेड़ा में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल ने भराव का कार्य रुकवा दिया।

गांव भनेड़ा में खसरा नंबर 268 में पुराना तालाब है। इस तालाब में गांव का गंदा पानी जाता है। शुक्रवार को तालाब पर भराव कर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया गया तो ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान किरण देवी ने लेखपाल देवेंद्र सिंह को मौके पर बुलाया। लेखपाल ने बताया कि उक्त स्थान पर चकबंदी से पहले से ग्राम का गंदा पानी जमा होता आया है। उन्होंने तालाब में अवैध रूप से किए जा रहे भराव को रुकवा दिया। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

खनन का धंधा एसडीएम बोले- मामले की जांच कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ करेंगे कार्रवाई

जेसीबी से रामगंगा नदी में किया जा रहा खनन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र में लालापुर पीपलसाना के पास जेसीबी से रामगंगा नदी में खनन किया जा रहा है। खनन के धंधेबाज तहसील प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। खनन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसडीएम ने मामले की जांच कराने का दावा किया है।

शासन आदेश के अनुसार, खनन पर प्रतिबंध लगा है। इसके बावजूद रामगंगा नदी में खनन नहीं रुक रहा है। लोगों का आरोप है कि उत्तराखंड से आने वाले बालू, बजरी से भरे ट्रैकों को निकल रहे हैं। तहसील प्रशासन खनन रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। उत्तराखंड से आने वाले कई रास्तों पर चौकियां, थाने, कोतवाली है। इसके बावजूद भी खनन से भरे ट्रक, ट्रैक्टर ट्रालियां आती हैं।

खनन करने के दौरान वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

सुबह सात बजे ही खनन लदे वाहनों की लंबी कतारें रोड पर दिखने लगती हैं। उत्तराखंड से आने पर नेपा पुलिस चौकी के पास खनन से भरे वाहन फरांटे भरते रहते हैं। काशीपुर रोड से ठाकुरद्वारा आने पर वन विभाग की चौकी, तिकोनिया चेक पोस्ट, सुल्तानपुर चौराहा, जलालपुर पुलिस चौकी, धारक नगला पुलिस चौकी, विवेकानंद हॉस्पिटल की तरफ तो कुछ वहां थाना भगतपुर के सामने से गुजरते हैं। खनन से भरे ट्रक तिकोनिया से होते हुए रामपालद्वार, रतुपुरा रोड, रानी नांगल पुलिस चौकी, कारन पुलिस चौकी से होते हुए निकल जाते हैं। बिजनौर जनपद की सीमा पर सुरजन नगर पुलिस चौकी के सामने से भी खनन से भरे ट्रक निकल जाते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन खनन से भरे वाहनों पर कार्रवाई नहीं करता है।

> खनन से संबंधित वीडियो वायरल होने के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। इस संबंध में खनन अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। चुनौती देने वाले लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। समय-समय पर खनन के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है। अब तक कई ट्रैक्टर मालिकों व डंपर व ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई भी कराई गई है। उक्त क्षेत्र का शीघ्र निरीक्षण कर कार्रवाई करेंगे।
>
> - अजय कुमार मिश्रा, एसडीएम

कथा स्थल पर किया भूमि पूजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : कंजरी सराय में 491वीं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 24 से 30 जून तक होगा। शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी की संगीतमय प्रस्तुति रहेगी। कथा में प्रथम दिवस महात्म, द्वितीय दिवस भगवत अवतरण, तृतीय दिवस रामावतार, चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, पंचम दिवस छप्पन भोग, छठे दिन रुक्मिणी मंगल और सप्तम दिवस सुदामा चरित एवं भंडारे का आयोजन होगा।पूजन में राजीव कुमार पाल, देवी सिंह, मोहित वर्मा, रामकिशन, राजवीर सिंह, रामौतार, जयराम पाल, विपिन अग्रवाल, लाखन सिंह, रानी वर्मा, शोभा बंसल, प्रीति बंसल, राकेश रानी अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा आदि मौजूद रहे।

दो वांछित अपराधी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस पुलिस ने दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी हेमराज मीना के निर्देश के बाद अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को थाना क्षेत्र के आदर्श कालोनी निवासी विशाल और रामगंगा विहार का रहने वाला ब्रजकिशोर वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है। दोनों पर धोखाधड़ी व मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने का आरोप है। विशाल और ब्रजकिशोर काफी समय से वांछित थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जहां से कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

ट्रकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

अगवानपुर, अमृत विचार : दो ट्रकों में आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। कांठ रोड स्थित गुरुनानक ढाबे के सामने रात्रि लगभग एक बजे दो ट्रकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि एक ट्रक का चालक तुफैल अहमद व परिचालक रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह गाड़ी डोमघर थाना कुंदरकी की बताई गई हैं। दूसरी गाड़ी जम्मू-कश्मीर की है।

सार संक्षेप

गोशाला में पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने पर जोर

छजलैट, अमृत विचार : तहसीलदार ने रायपुर खुर्द की गोशाला में 10 ग्राम पंचायत के प्रधानों, सचिवों और लेखपालों के साथ बैठक की। उन्हें पर्याप्त मात्रा में गेशाला में खल, चोकर, हरा चारा, भूसा एवं केयरटेकर की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा है। ऐसे में गोवंश को भूख प्यास से बचाने के लिए उन्हें समय से हरा चारा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 ग्राम पंचायत को एक गोशाला का कार्य सौंपा है। इस दौरान ग्राम प्रधान सतपाल सिंह, लेखपाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संजीव चौहान व 10 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने सलेमपुर तिराहे के निकट से एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने नाम सुल्तान उर्फ सटरु पुत्र लड्डन निवासी ग्राम गढ़ी बताया है। आरोपी पर इससे पूर्व भी गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत हैं।

रालोद नेता ने मंत्री अनिल का किया स्वागत

छजलैट, अमृत विचार : युवा राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद राष्ट्रीय लोक दल के विधायक अनिल कुमार का प्रथम बार मुरादाबाद आगमन पर किसान चौक छजलैट पर स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि मंत्री अनिल कुमार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के लिए मुरादाबाद जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इस दौरान गुरमीत सिंह चीमा, धीरेंद्र सिरोही, अभिजीत चाहल, दीपक रंधावा आदि मौजूद रहे।

मंत्री का स्वागत करते रालोद नेता। ● अमृत विचार

अभियान के लिए एएनएम का किया संवेदीकरण

कांठ,अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ पर दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए एएनएम का संवेदीकरण किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि एक जुलाई से 31 अगस्त तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। 24 जून से विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए विटामिन ए की खुराक एवं टीकाकरण किया जाएगा। इस दौरान डॉ. राजीव कुमार सिंह, उमेश कुमार, सैयद यासिर अली, अंशु, रेखा पटेल गुफरान उपस्थित रहे।

13 लोगों के खिलाफ हुई शांति भंग की कार्रवाई

कुंदरकी, अमृत विचार : कुंदरकी थाने पुलिस ने झगड़ों के मामलों में आरोपी नौ लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। सादाब, इलियास निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी, मोहम्मद आलम, बब्लू, अकरम, इकराम निवासी काजीपुरा, रियाजुल हसन, मोहम्मद हसीब निवासी कमालपुर, साबिर निवासी गांव जैतपुर पट्टी, कमरुद्दीन, दिलशाद निवासी ग्राम ढकिया जुम्मा के खिलाफ कार्रवाई की। थाना मैनाठेर पुलिस ने भी जाहिद व नफीस निवासी गांव जटपुरा थाना मैनाठेर का शांति भंग में एसडीएम न्यायालय को चालान किया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्निक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

एक नजर

नाला उफनाया, एक घंटे फंसे रहे श्रद्धालु

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत के पहाड़ क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण पूर्णागिरि मार्ग में किरोड़ा नाला एकाएक उफान पर आ गया। जिससे करीब एक घंटे तक इस मार्ग की आवाजाही बंद रही। वहीं इसी मार्ग के बाटनागाड़ पर भी जलस्तर बढ़ने से श्रद्धालुओं और क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ा। शुक्रवार पूर्वान्ह करीब दस बजे बाटनागाड़ और थ्वालखेड़ा के नालों के उफान पर आने से पूर्णागिरि मार्ग और टनकपुर-जौलजीबी सड़क बंद हो गई।

मां पूर्णागिरि धाम में 24 जून से एक अक्टूबर तक रात को नहीं होंगे दर्शन

टनकपुर, अमृत विचार : मानसून सीजन को देखते हुए मां पूर्णागिरि धाम में 24 जून से रात को देवी दर्शन नहीं हो सकेंगे। ये निर्णय श्री मां पूर्णागिरि मंदिर समिति ने मानसून सीजन के मद्देनजर लिया है। 1 अक्टूबर तक दरबार में रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक मुख्य मंदिर बंद रहेगा। मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालु बारिश के दृष्टिगत 24 जून से 100 दिन यानी एक अक्टूबर तक रात को देवी दर्शन नहीं हो सकेंगे। हालांकि इस समय मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु 24 घंटे दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

परिजनों के शादी से इन्कार पर उठाया आत्मघाती कदम या कारण कुछ और

युवती के परिजन दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की जानकारी से कर रहे इन्कार

संवाददाता, संभल

● गुरुवार की रात होटल के कमरे में मिले थे प्रेमी युवक व युवती के शव

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में होटल के कमरे में युवक व युवती की आत्महत्या की सही वजह अभी तक सामने नहीं आई है। माना यही जा रहा है कि परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे इसलिए दोनों ने मौत को गले लगा लिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है। वहीं युवक व युवती के परिजनों ने अभी तक ऐसी कोई जानकारी नहीं दी है जिससे युवक युवती की आत्महत्या की गुत्थी सुलझ सके। युवती के परिजन दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की जानकारी से इन्कार कर रहे हैं।

दिल्ली के गौतमपुर निवासी शिवम व संभल के हयातनगर निवासी स्वीटी के शव गुरुवार देर रात को संभल के होटल आर स्टार के कमरे में मिले थे। शिवम का शव पंखे पर फंदे से झूल रहा था जबकि स्वीटी की मौत जहरीले पदार्थ का सेवन करने से हुई थी। तीन बहनों का अकेला भाई बीस साल का शिवम किसी वकील के पास रहकर काम करता था। जबकि हयातनगर निवासी स्वीटी 23 वर्ष ब्यूटी पार्लर का काम सीखने के लिए संभल ब्यूटी पार्लर पर आती थी। स्वीटी के घर के सामने रिश्तेदारी होने की वजह से शिवम अक्सर दिल्ली से संभल आता-जाता रहता था। कहा जा रहा है कि इसी दौरान शिवम व स्वीटी के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। शिवम व स्वीटी ने अपने परिजनों से शादी की बात की, लेकिन परिजन शादी के लिए राजी नहीं थे।

आशंका जाहिर की जा रही है कि इसी से क्षुब्ध होकर शिवम व स्वीटी ने साथ मरने का फैसला कर लिया। गुरुवार की सुबह छह बजे परिजनों से काम पर जाने की बात कहकर शिवम संभल आ गया।

वहीं स्वीटी भी हर रोज की तरह ब्यूटी पार्लर पर काम सीखने के बहाने शिवम के पास आ गई। शिवम व स्वीटी ने ओयो होटल आर स्टार में सुबह 11 बजकर 13 मिनट पर 12 घंटे के लिए कमरा बुक किया था। 12 घंटे बीतने पर रात को होटल मैनेजर ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। खिड़की से झांककर देखा तो दोनों के शव कमरे में दिखे।

...तो मरने से पहले क्यों नहीं छोड़ा सुसाइड लेटर

संभल, अमृत विचार : होटल आर स्टार के स्टाफ का कहना है कि गुरुवार को शिवम व स्वीटी कमरा लेने आये तो उनके चेहरे पर किसी तरह का तनाव नजर नहीं आ रहा था। दोनों औपचारिकता पूरी करने के बाद आराम से कमरे में चले गये थे। सवाल यह है कि क्या दोनों ने अचानक आत्महत्या का फैसला कर लिया या दोनों पहले से सोचकर आये थे कि होटल के कमरे में जीवन लीला समाप्त कर लेंगे। यदि सोच समझकर आत्महत्या की बात होती तो फिर प्रेमी युगल को अपनी आत्महत्या की वजह साफ करते हुए सुसाइड लेटर भी कमरे में छोड़ना चाहिए था। पुलिस कह रही है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

होटल में मिली डायरी में पैसा लेने वालों के नाम

संभल, अमृत विचार : कहा जा रहा है कि जिस होटल में युवक व युवती ने कमरा लेने के बाद आत्महत्या की वहां अक्सर प्रेमी युगल ही ठहरते हैं। ओयो के जरिये ऑनलाइन बुकिंग से युवा कमरा बुक करा लेते थे तो होटल काउंटर पर सीधे कमरा बुक करने की भी सुविधा थी। गुरुवार रात प्रेमी युगल द्वारा होटल के कमरे में आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने रिसेप्शन काउंटर पर दस्तावेज खंगाले तो वहां से एक डायरी मिलने की बात कही जा रही है। इस डायरी में एक कुछ पुलिस कर्मियों के साथ ही कई पत्रकारों को पैसा देने का विवरण लिखा होने की बात सामने आ रही है। डायरी फिलहाल एक पुलिस अधिकारी के पास बताई जा रही है।

सार-संक्षेप

सौंधन में दो घंटे की बरसात से जलभराव

संभल/सौंधन, अमृत विचार : सौंधन व आसपास के गांवों में शुक्रवार को झमाझम बरसात हुई। दो घंटे तक हुई बरसात से जलभराव के हालात बन गये जबकि मौसम सुहाना हो गया और बदन झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल गई। बरसात से किसानों के चेहरे भी खिल गये हैं। अब धान की रोपाई का काम तेज होगा।इस साल गर्मी ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये थे। पिछले सप्ताह पारा 46 डिग्री तक जा पहुंचा था जिसके कारण लोग घरों से बाहर निकलने में भी परहेज कर रहे थे। भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को जनपद के कुछ इलाकों में बरसात से राहत दी। सौंधन व आसपास गांव में दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक 2 घंटे जमकर बरसात हुई। सौंधन में हालात यह हो गये कि सड़कों पर भारी जलभराव की वजह से निकलना दूभर हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत ने नाला सफाई नहीं कराई जिस कारण जलभराव हुआ है। वहीं बरसात ने गर्मी से राहत दी है। बरसात के बाद मौसम बेहद सुहावना हो गया। बरसात से किसानों के चेहरे पर खुशी छा गई है। किसानों का कहना है कि इस बरसात के बाद धान की रोपाई का काम शुरु हो जायेगा। वहीं जनपद के जिन हिस्सों में बरसात नहीं हुई वहां भी पारा नीचे आ गया और ठंडी हवाओं ने गर्मी से राहत दी।

लाल सड़न से ग्रसित गन्ने के पौधों को उखाड़ दें किसान

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा शुगर मिल में परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना फसल में तेजी से फैल रहे लाल सड़न रोग की पहचान व उपाय के बारे में बताकर किसानों को जागरूक किया। साथ ही लाभ लेने के लिए चीनी मिल की ओर से छूट पर मिल रही कीटनाशक दवाओं के बारे में जानकारी दी। धामपुर शुगर चीनी मिल रजपुरा में जिला गन्ना अधिकारी राजेश्वर यादव ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि फसल को रोगों से बचाने के लिए किसानों का जागरूक होना जरूरी है। इस समय गन्ने में लाल सड़न रोग तेजी से फैल रहा है। किसान गन्ना फसल की प्रत्येक पंक्ति में घूमकर देखे और लाल सड़न रोग से ग्रस्ति पौधे को जड़ सहित उखाड़ कर प्लास्टिक के कट्टे में भरकर जमीन में गड्ढा खोदकर मिट्टी से दबा दें। साथ ही पौधा उखाड़ने वाले स्थान को 10 से 15 ग्राम ब्लीचिंग पाउडर डालकर मिट्टी से ढक दें। फसल को रोग से बचाने के लिए किसान 200 लीटर पानी में 400 ग्राम फफूंदी नाशक दवा का पंद्रह दिनों के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। यूनिट हेड आशीष शर्मा ने कहा कि किसान भाई अपने क्षेत्रीय सुपरवाइजर से मिलकर चीनी मिल की ओर से छूट पर मिल रही दवाएं कीटनाशक, फफूंदनाशक व अन्य दवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

गैंगस्टर के आरोप में वांछित गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शहबाजपुर निवासी गैंगस्टर के आरोप में वांछित चल रहा शहनवाज शुक्रवार को हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर तेजराम की कोठी के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शहनवाज को हिरासत में ले लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने शहनवाज का चालान कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शहनवाज के खिलाफ गैंगस्टर सहित दो मुकदमें दर्ज हैं।

नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम साजिद खान था। अब मेरा नाम साजिद अली (SAJID ALI S/O IKBAL KHAN) हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

साजिद अली पुत्र इकबाल खां
निवासी पखरौला हाशमपुर, अमरोहा

खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निज भवन के कुछ मूल दस्तावेज जिनमें कि विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद द्वारा रामेश चन्द्र गुप्ता पुत्र रामकिशोर गुप्ता निवासी BE.-11 दीनदयाल नगर प्रथम मुरादाबाद के पक्ष में निष्पादित एम.डी.ए. आंवटन पत्र दि. 24.10.1990 एवं 29.08.1998 को बही सं. 1 जिल्द सं. 2120 पृष्ठ 361-382 क्रमांक 6569, पंजीकृत स्वत्वनामा/विक्रय विलेख मूल दस्तावेज दि. 14.06.24 वास्तव में खो गये है जिसकी सूचना थाना सिविल लाइन्स में दी है। 10 दिन के अन्दर सम्पर्क करें बाद में आपत्ति व किसी प्रकार का दावा उक्त मूल दस्तावेजों के सम्बन्ध में स्वीकार नहीं किया जायेगा। **बीना वर्मा पत्नी राधेश्याम वर्मा BE.-11, मो. 9720767654**

JHAMMAN LAL P.G. COLLEGE
Hasanpur (Amroha) 244241
Urgent Require ment

For the post of Principal, B.Ed. (HOD) & Teaching

- **Principal**
- **B.Ed. (HOD), B.Ed.**
- **B.B.A.** ○ **B.A./M.A.**
- Drawing ○ History
- Education ○ Hindi
- Zoology (Two post in each)

Qualification: NET or Ph.D
Apply with resumes, certificate & photographs, Salary-according to ability and experience.

9837791663, 9027080232
jhammanlalpgcollege@gmail.com
Apply within 21 days from advertisement date

नारद जयंती पर पत्रकारों का किया सम्मान

संवाददाता, बबराला

देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पत्रकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : देवर्षि नारद जयंती के मौके पर चेयरमैन की ओर से पत्रकारों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत सभा कक्ष में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह की शुरूआत देवर्षि नारद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने पत्रकारों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख जगदीप ने कहा कि पत्रकार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। बीते दौर में सूचनाएं मिलने में काफी देरी होती थी, फिर भी पत्रकारों का जज्बा कम नहीं था। वर्तमान में सोशल मीडिया के चलते सूचनाएं आसानी से मिलती हैं, लेकिन जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। संजीव वार्ष्णेय, सुनील माहेश्वरी, श्री कृष्ण भारद्वाज, विजेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव, संजय कुमार, अनिरुद्ध, राजीव ग्वाल व महेश को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, प्रशांत वार्ष्णेय, विजेंद्र पाठक, सचिन यादव, विकास शर्मा, अरविंद आदि मौजूद रहे।

नीट परीक्षा रद्द होने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा रद्द करने पर सरकार के खिलाफ सदर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने शिक्षा माफियाओं पर कार्रवाई व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की।शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संभल विजय शर्मा व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के संयुक्त तत्वाधान में कार्यकर्ता सदर तहसील परिसर में इकट्ठा हुए। यहां कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार की वजह से लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है और छात्रों के लाखों रुपए बर्बाद हुए हैं। जिससे कई छात्र अवसाद में है, तो कई छात्रों ने तो आत्महत्या कर ली है। कार्यकर्ताओं ने मांग रखी कि नीट परीक्षा कराने वाली संस्था एनटीए से कराई गई सभी परीक्षाओं की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए। इसमें दोषी शिक्षा माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री को इस मामले की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। इस दौरान कल्पना सिंह, अक्षय ठाकुर, नजारुल हसन, सत्येंद्र पाल, रोहित वर्मा, तब्बन खां, मोहम्मद फैजान, फिरासत खां, फखरुद्दीन आदि रहे।

किशोरी को ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथुल निवासी विजयबाबू का हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित रिश्तेदारी में आना जाना था। इसी दौरान विजयबाबू ने मुहल्ला निवासी एक से प्रेम संबंध बना लिए और एक माह पहले विजयबाबू किशोरी को उसके घर से बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। रिपोर्ट दर्ज कर मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया, लेकिन विजयबाबू पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग गया था। पूछताछ करने पर किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को विजयबाबू संभल मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

नौचंदी एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग की मौत

बरेली, अमृत विचार : नौचंदी एक्सप्रेस में शुक्रवार को बुजुर्ग यात्री की तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। 14241 नौचंदी एक्सप्रेस के एस-7 कोच की बर्थ नंबर 65 पर अमेठी के थाना जायस के गांव मकदूमपुर निवासी 76 वर्षीय रामनाथ सफर कर रहे थे। वह परिवार के साथ मुजफ्फरनगर जा रहे थे। बरेली से पहले अचानक उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने टीटीई को बताया तो कंट्रोल रूम से मेसेज दिया गया। बरेली जंक्शन पर मेडिकल टीम ने जांच की तो बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी।

प्रशिक्षण शिविर का आज होगा समापन

संभल, अमृत विचार : ग्राम पंचायत महमूदपुर इम्मा के सामुदायिक डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में 10 दिवसीय श्रामणेर बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर के तहत लिखित परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें भंते बुद्ध रतन के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह बौद्ध, केंद्रीय शिक्षक राजवीर सिंह सिद्धार्थ, प्रदेश महासचिव राकेश मोहन भारती, शिविर प्रभारी नरेश बाबू भारती गोदाचार्य, जिला अध्यक्ष कृपाल सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर में समाज सेवा के रूप में जसराम सिंह, मुरारी लाल भगत जी, सर्वेश कुमार, हरि सिंह, प्रेम सिंह, मदन प्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार, राम अवतार आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में 12 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण शिविर का समापन आज होगा।

दो परिवारों के बीच मारपीट, दो घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में अलग-अलग समुदाय के परिजनों के बीच मामूली बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन निवासी अकबर की पत्नी रायसीन अपनी ढाई वर्षीय बेटी लीजा के साथ ईद पर नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हौज भदे सराय स्थित मायके में आई थी। शुक्रवार को रायसीन की पुत्री लीजा दरवाजे पर बैठी थी। आरोप है कि दूसरे समुदाय के युवक मुकुल ने लीजा के गाल पर थप्पड़ मार दिया। विरोध किया तो मुकुल घर में घुस आया और रायसीन के साथ मारपीट करने लगा। उस समय तो लोगों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया। थोड़ी देर बाद मुकुल वापस पहुंचा और डंडा मारकर रायसीन की मां फातिमा को चोटिल कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। परिजन आनन फानन में लेकर रायसीन को जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं मुकुल के परिजनों का आरोप है कि मंदबुद्धि होने की वजह से मुकुल को दौरे पड़ते हैं। मुहल्ला के लोग उसे पागल कहते हैं। पागल कहने का विरोध करने पर रायसीन के मायके वालों ने मारपीट की है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल मुकुल व फातिमा का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

सूचना

मैं सज्जन सिंह व मेरी पत्नी श्रीमती पलविन्दर कौर के नाम से एक लाइसेंस 216/om/Doda एन पी बोर रायफल जो कि जिला Doda से प्राप्त था कहीं खो गया, जिस संदर्भ में थाना बिलासपुर में GD No. 047 दिनांक 20.12.2022 को दर्ज है, और उक्त लाइसेंस का कोई दुरुपयोग मेरे द्वारा नही किया गया है। **सज्जन सिंह पुत्र स्व. कश्मीर सिंह, सुभाष नगर, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर।**

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक:-1097/न.पा.मि./2024 दिनांक 21.06.24

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मिलक को 02 प्रतिशत अवस्थापना विकास निधि/स्वच्छ भारत मिशन नगरीय/राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 13 अदद कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जो ई-टेण्डर की साइट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

ई-निविदा समय सारणी (https://etender.up.nic.in पर)

1	वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	दिनांक 22.06.2024 को प्रात: 11:00 बजे से
2	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 22.06.2024 को प्रात: 11:00 बजे से
3	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 11.07.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक
4	कार्यों के निविदा स्केन धरोहर, निविदा शुल्क एवं अन्य प्रपत्र की मूल प्रति कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक में जमा करने की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 11.07.2024 को सायं 04:00 बजे तक
5	ई-निविदा को खोलने की तिथि/समय	दिनांक 12.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे से

राजेन्द्र प्रसाद
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

दीक्षा गंगवार
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
मिलक (रामपुर)

कार्यालय उप निदेशक उद्यान, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

पत्रांक : 168 / सामग्री आपूर्ति / 2024-25 / दिनांक : 21-06-2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान अधिकारी, मुरादाबाद, सम्भल, अमरोहा, रामपुर तथा बिजनौर के अधीन जनपद में संचालित राजकीय पौधशालाओ में पौध उत्पादन एवं वृहद् वृक्षारोपण योजना के तहत पौध उत्पादन हेतु पालीथीन बैग (काली) 65 माइक्रान साइज 4"x6", 5"x7", 6"x9", 8"x10" की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म में टेक्नीकल बिड एवं वित्तीय बिड के प्रपत्र सम्मिलित हैं, जिसे अलग अलग बन्द लिफाफे में भरकर प्रस्तुत करना होगा तथा इन लिफाफों में स्पष्ट रूप से तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अंकित होना चाहिये। दोनों सीलबन्द लिफाफों को पुनः एक अन्य लिफाफे में बन्द कर इस कार्यालय में 29 जून, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक / व्यक्तिगत रूप से प्रेषित करना होगा। इच्छुक पॉलीथीन बैग के मूल निर्माता, जारी शर्तों एवं अनुबन्धों के साथ दिनांक 22 जून, 2024 से दिनांक 28 जून, 2024 तक अपरान्ह 5:00 बजे तक किसी भी कार्यालय के कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से कार्यालय उप निदेशक उद्यान, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद से प्राप्त कर सकते है, जिसको दिनांक 29 जून, 2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। यह निविदा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मान्य होगी। यह निविदा मुरादाबाद मण्डल के जनपदीय उद्यान अधिकारियों से मण्डल स्तर पर निविदा आंमत्रित कर उपरोक्त सामग्री क्रय करने की बनीं सहमति के आधार पर आंमत्रित की जा रही है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का नाम	साइज	निविदा प्रपत्र शुल्क	धरोहर धनराशि	आपूर्ति स्थल
1	मुरादाबाद मण्डल	पालीथीन बैग-65 माइक्रान (काली)	4"x6" 5"x7" 6"x9" 8"x10"	रू. 500	रू. 10,000	मुरादाबाद मण्डल के सभी जनपदीय उद्यान अधिकारी कार्यालय (जिला उद्यान अधिकारी मुरादाबाद / सम्भल / अमरोहा / बिजनौर एवं अधीक्षक राजकीय उद्यान रामपुर)

(विजय चन्द)
उप निदेशक उद्यान
मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत अहरोला माफी, वि.खण्ड, असमोली, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक: 21-06-2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अहरोला माफी वि०ख० असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27-06-2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अहरोला माफी
वि.खं. असमोली, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत अहरोला माफी
वि.खं. असमोली, जनपद सम्भल

कार्यालय ग्राम पंचायत मढ़न, वि.खण्ड, असमोली, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक: 21-06-2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मढ़न वि०ख० असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27-06-2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मढ़न
वि.खं. असमोली, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत मढ़न
वि.खं. असमोली, जनपद सम्भल

कार्यालय ग्राम पंचायत करियामई, वि.खण्ड, जुनावई, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक: 21-06-2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करियामई वि०ख० **जुनावई** जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27-06-2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करियामई
वि.खं. जुनावई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत करियामई
वि.खं. जुनावई, जनपद सम्भल

कार्यालय ग्राम पंचायत अहरोला नवाजी, वि.खण्ड, जुनावई, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक: 21-06-2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अहरोला नवाजी वि०ख० **जुनावई** जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27-06-2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अहरोला नवाजी
वि.खं. जुनावई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत अहरोला नवाजी
वि.खं. जुनावई, जनपद सम्भल

अब मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप

लखनऊ, अमृत विचार : तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

फिरोजाबाद में कैदी की मौत पर बवाल

वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, फायरिंग, कई पुलिसकर्मी हुए घायल

फिरोजाबाद,एजेंसी

फिरोजाबाद में बाइक चोरी के मामले में दो दिन पहले जेल गये कैदी की शुक्रवार को मौत हो गयी जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट किये जाने का आरोप लगाते हुये तोड़फोड़ की और पुलिस वाहनों को नुकसान पहुंचाया। जेल प्रशासन ने बीमारी से मौत होने का कारण बताया है। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। कैदी आकाश की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की जिससे कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

उपद्रवियों ने एम्बुलेंस और पुलिस वाहन पर तोड़फोड़ की और मोटर साइकिल मे आग लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने खुद पहुंच

उपद्रव के बाद हुई आगजनी और सड़क पर पड़े वाहन।

- **पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा**

कर मोर्चा संभाला। इस बीच भीम आर्मी के नेता एवं सांसद चन्द्रशेखर के पहुंचने की सम्भावना को लेकर क्षेत्र की सीमायें सील कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना दक्षिण क्षेत्र के नई आबादी निवासी नगला पचिया निवासी आकाश सिंह (25) को पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके साथ ही पुलिस ने शिवम सिंह निवासी हंस वाहिनी स्कूल वाली गली नाले की पुलिया हिमायूंपुर को भी जेल भेजा था। शुक्रवार सुबह आकाश की मौत हो गई। जेल अधीक्षक एके सिंह का कहना है कि 19 जून को चोरी के मामले में उसे जेल लाया गया था। गुरुवार रात उसकी तबियत खराब हुई थी। डाक्टरों ने जेल में उसे दवा दी और वह ठीक हो गया था। शुक्रवार सुबह पांच बजे अचानक फिर उसकी तबियत बिगड़ी। उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस एंबुलेंस में पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर शाम को उसके घर पर जा रही थी कि रास्ते में योजनाबद्ध तरीके से दलित समाज के लोगों ने सुहाग नगर चौराहे पर एंबुलेंस और पुलिस को घेर लिया। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गयी। मौके पर भीम आर्मी के समर्थक नेता और विधायक मनीष असीजा भी पहुंचे। क्षेत्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। लोगों की मांग रखी कि युवक की मौत के लिए दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और नौकरी भी दी जाए।

लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने का आरोपी गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी : बरसाना के लाड़ली मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाने के आरोपी एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ श्रद्धालुओं ने आरोपी को मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते देखने के बाद उसकी पिटाई कर दी थी। पुलिस निरीक्षक अरविंद निरवाल ने बताया कि संजय नाम का व्यक्ति मंदिर के आसपास भीख मांगता था। गुरुवार की शाम कुछ श्रद्धालुओं ने उसे मंदिर की सीढ़ियों के पास कथित तौर पर मांस पकाते हुए पकड़ा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 295 (पूजास्थल को अपवित्र करना) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी राजस्थान का रहने वाला है और पिछले कुछ वर्षों से बरसाना में रह रहा है। निरवाल ने बताया कि गुरुवार शाम जब कुछ श्रद्धालुओं ने संजय को मंदिर की सीढ़ियों के पास मांस पकाते हुए देखा तो उसकी पिटाई कर दी और उसे पुलिस को सौंप दिया।

सार-संक्षेप

युवक को लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर,एजेंसी : मुजफ्फरनगर में 20 वर्षीय युवक को कथित रूप से बिना उसकी सहमति के लिंग परिवर्तन सर्जरी के लिए अस्पताल ले जाने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित के पिता की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, युवक को ओम प्रकाश द्वारा यहां एक निजी अस्पताल में लाया गया था, जो पिछले दो वर्षों से उसका यौन शोषण कर रहा था। पुलिस अधीक्षक (शहर) सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित एक महीने से अपने घर से लापता था। यह भी पता नहीं है कि अस्पताल नियमित रूप से लिंग परिवर्तन सर्जरी करता है या नहीं। पुलिस ने गुरुवार को यह भी कहा था कि ओम प्रकाश करीब एक पखवाड़े पहले पीड़ित को अस्पताल लेकर आया था। पीड़ित के पिता के मुताबिक, उनके बेटे ने हाल में अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह एक निजी अस्पताल में है तथा उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में उन्हें सूचित किया। ओम प्रकाश और निजी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर रजा फारूक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

बच्ची से दुष्कर्म के मामले में 47 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

सुलतानपुर,एजेंसी : जिले में पांच वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में शुक्रवार को 47 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया गया है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को पांच साल की बच्ची घर के बाहर खेलते हुए बाग की ओर चली गई, तभी गांव का ही वीरेन्द्र चौहान (47) बच्ची को बहला फुसलाकर खेत ले गया जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। थाना कोतवाली देहात के अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर चौहान के खिलाफ दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है।

राज्यकर सेवा संघ चुनाव में ज्योति बने दूसरी बार अध्यक्ष

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब ''जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र'' के नाम से जाना जाएगा। वोटिंग के बाद देर शाम मतगणना का परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है। महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा सरयू महोत्सव

अयोध्या, अमृत विचार : आन्जनेय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री अवध सरयू महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को रामकथा के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरयू तट पर पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति अध्यात्म और भक्ति संगीत की अविरल गंगा जिसके त्रिवेणी में हजारों की संख्या में भक्त गोते लगा रहे है। कार्यक्रम के आयोजन महंत शशिकांत दास महाराज ने बताया कि रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसको देखकर यहां उपस्थित सैकड़ो लोग मंत्र मुग्ध हो गए।

अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित होगी पीतल नगरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुरादाबाद को सात साल में विकसित करने का खाका खींचा**

अमृत विचार : राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा।

उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के

साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप शिवालिक और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 29 को

सुलतानपुर, अमृत विचारः लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की ,आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया।

एक संदिग्ध गवाही के आधार पर पूरे जीवन की सजा कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने हत्या के मामले में दोषी को किया बरी**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 46 साल पुराने एक हत्या मामले के दोषी को बरी करते हुए ऐसी स्थिति को कानून व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया, जहां पूरा मामला केवल एक प्रत्यक्षदर्शी की गवाही पर टिका हो।

कोर्ट ने मजबूत और विश्वसनीय साक्ष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए माना कि यह न केवल जांच एजेंसी की बल्कि अदालतों की भी जिम्मेदारी है कि वह जांचों का निष्पक्ष रूप से किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित न हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने इंद्रपाल और सोहनवीर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने माना कि मुकदमे के दौरान प्रस्तुत साक्ष्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्वीकार्यता का आकलन करने के

लिए मौखिक गवाही और दस्तावेजी साक्ष्य दोनों का संचयी प्रभाव सर्वोपरि है। न्यायालय को गवाहों के आचरण, गवाही की स्पष्टता और दस्तावेजी साक्ष्य की सत्यता का मूल्यांकन भी करना चाहिए। गवाहों की जांच वहां और भी आवश्यक हो जाती है, जहां उसे एक गवाही पर किसी का पूरा जीवन टिका हो। घटना वर्ष 1978 में एक गांव में घटित हुई थी, जिसमें सूचनाकर्ता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि वह अपने बेटे के साथ जब घर के बाहर सो रहा था, तभी अभियुक्त उसके घर में घुस आए और उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे मकसद था कि सह- आरोपी का मृतक की चचेरी बहन से अवैध संबंध था और इस संबंध को रोकने का प्रयास करने के परिणामस्वरूप उसकी (करमवीर) हत्या कर दी गई। हाईकोर्ट में अपील के लंबित रहने के दौरान ही सह-आरोपी की वर्ष 2011 में मौत हो गई। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह मौजूदा मामले में रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर यह सिद्ध नहीं होता है कि आरोपियों ने अपराध को अंजाम दिया है, क्योंकि चश्मदीद गवाह हमलावरों की पहचान नहीं कर सका है। इस आधार पर अपीलकर्ता संदेह का लाभ पाने का हकदार है।

वर्ग पहेली-108

बाएं से दाएं

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

ऊपर से नीचे

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।

वर्ग पहेली -107 का हल

60 साल बाद जागा मुशावरत

आरएसएस की तर्ज पर देशभर में चलाया जाएगा अभियान

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- **1964 में गठित इस संगठन ने कांग्रेस को घुटनों पर ला दिया था**

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद मुस्लिम संगठनों का एक संयुक्त संगठन आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत सक्रिय हो गया है। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत आरएसएस की तर्ज पर काम करेगा और सियासी पिलर भी तैयार करेगा। इस संगठन का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद परिवर्तन आ चुका है। वैसे तो ये संगठन 60 साल पुराना है लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद फिर मुशावरत सक्रिय हो गया है जिसके माध्यम से मुस्लिमों को जगाने का एक वृहद अभियान छेड़ा गया है। इसकी शुरुआत 9 जून को दिल्ली बैठक से हुई है, दूसरी बैठक लखनऊ में 25 जून को होगी जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

1964 में आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत में जमाअते इस्लामी हिंद, मुस्लिम मजलिस, मुस्लिम लीग, मुस्लिम कांफ्रेंस समेत कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के संगठन शामिल हुए थे। अब ये संगठन एक बार फिर मुसलमानों की नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में आ गया है। दिल्ली में 9 जून को डॉक्टर जफरुल इस्लाम खां को इसका अध्यक्ष चुना गया है।

मुशावरत क्यों गठित हुआ था : 1964 में जमशेदपुर में 22 युवकों को जिंदा जला दिया गया था, तब नेहरू की टीम में कांग्रेस के प्रमुख नेता सैयद महमूद को इस घटना ने बेचैन कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर पूरे देशभर के मुस्लिम संगठनों को मिलाकर आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत तैयार की और राजनिति में कूद गए। उसके बाद 1967 में लोकसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस को हराने के लिए आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत ने 9 सूत्रीय घोषणापत्र तैयार किया जिसके नतीजे में यूपी, महाराष्ट्र, बिहार समेत अन्य राज्यों में कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। जिससे उसे कुछ पार्टियों को मिलाकर सरकार बनानी पड़ी जिसमें आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के लोग शामिल थे।

मुशावरत का एजेंडा

- प्रत्येक राज्य में मुशावरत की टीम का गठन करना प्राथमिकता में है।
- देशभर में छूटे मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची में शामिल कराना।
- मुसलमानों को चुनाव के बारे में जागरूक करना।
- चुनाव के फायदे और नुकसान दोनों समझाने के लिए घर-घर जाएगी टीम
- संसद में विपक्ष काफी मजबूती से उभरा है, ऐसे में किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए विपक्षी पार्टियों से भी संपर्क करेंगे।

नई बिजली दरों को लेकर नियामक आयोग जुलाई में करेगा जनसुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकडे. समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उप्र. पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

बिजली दरें कम कराने की तैयारी में उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2				8	3		
	1					4	8	
5		4	9			2		7
	6		5			7		
7		5				6		9
		9			3		1	
4		8			2	1		6
	7	6					3	
		2	7				5	

सुडोकू - 20 का हल

3	8	9	6	5	2	7	1	4
5	4	6	8	7	1	3	9	2
7	2	1	9	3	4	8	5	6
6	5	7	2	4	9	1	3	8
8	9	2	5	1	3	4	6	7
4	1	3	7	8	6	5	2	9
9	7	8	1	2	5	6	4	3
1	6	4	3	9	8	2	7	5
2	3	5	4	6	7	9	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06.37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05.12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 17.54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

वृष — आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

मिथुन — आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

कर्क — आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

सिंह — आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

कन्या — आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

तुला — आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

धनु — आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

मकर — आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

कुंभ — आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

मीन — आज शाम के समय किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	तकदीर का तमाशा सुबह : 09.32	SONY PIX	ग्रैन टूरिस्मो सुबह : 09.42
	परदेसी बाबू रात : 07.00		जॉन विक 3 रात : 08.58
&pictures	राधे सुबह : 11.03	ZEE CINEMA	हम साथ साथ हैं दोपहर : 01.48
	जिंदगी न मिलेगी दोबारा रात : 08.00		सूर्यवंशी रात : 08.00
		colors CINEPLEX	दिल सुबह : 10.24
			अंधाधुन रात : 09.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 78 रुपये, मसूर : 60 से 68 रुपये, मलका : 62 से 68 रुपये, अरहर : 140 से 150 रुपए, उड़द : 100 से 110 रुपये, धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये, मूंग धोआ : 104-106 रुपये, मूंग छिलका : 95 से 105 रुपये, मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये, चना देसी : 60 से 70 रुपये,8 चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

यूलिप को निवेश उत्पाद के रूप में विज्ञापित करने पर लगी रोक

नई दिल्ली। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने मुख्य परिपत्र जारी कर यूनिट लिंक्ड बीमा योजनाओं (यूलिप) को निवेश उत्पाद के रूप में प्रचारित करने पर रोक लगा दी है।

इरडा के 19 जून के परिपत्र में कहा गया कि यूनिट-लिंक्ड या इंडेक्स-लिंक्ड बीमा उत्पादों को 'निवेश उत्पाद' के रूप में विज्ञापित नहीं किया जाएगा। बीमा कंपनियों को स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि बाजार से जुड़ी बीमा योजनाएं पारंपरिक बंदोबस्ती पॉलिसियों से भिन्न हैं और उनमें जोखिम भी होता है। इसी तरह, भाग लेने वाली (बोनस के साथ) बंदोबस्ती पॉलिसियों को पहले यह बताना होगा कि मुनाफे में अनुमानित बोनस की गारंटी नहीं है।

अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- **वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

नई दिल्ली। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

- **जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव**

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात

आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106 .81 अंक यानि 0 .15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645 .30 और निफ्टी 28 .25 अंक यानि 0 .13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697 .45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11 .11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	92700
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74600
गिन्नी (प्रति नग)	55600-55800
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,850
सोना रवा	72,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,100
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	900 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,250
चांदी आभूषण	91,000

कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **श्रम मंत्रालय के अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई में कम होकर 7% रही**

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे।

कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी। वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02% रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96% थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

राष्ट्रीय

हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श मामले में क्यों बदला आदेश

नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में लेना क्या कैद के समान नहीं है?

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने किशोर की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और किशोर को सुधार गृह भेज दिया गया।

खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है

खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित रिमांड आदेश पूरी तरह वैध थे और इसलिए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।

कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

नीट विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

यादव ने कहा कि पार्टी युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्वक विरोध कर रही है और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि नीट-स्नातक परीक्षा में बैठने वाले लाखों छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि छात्रों को न्याय मिले। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय में एकत्र हुए और भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और विभिन्न थानों मे ले जाया गया। बाद में इन्हें रिहा कर दिया गया।

भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

एक नजर

झारखंड में सामूहिक दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीया बच्ची की हत्या

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में एक आठ वर्षीया बच्ची के साथ तीन नाबालिग सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में एक 20 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र 16 वर्ष है। बरहरवा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा ने संवाददाताओं को बताया कि घटना बुधवार रात की है। बच्ची के परिचित आरोपी उसे मैदान पर ले गए और दुष्कर्म किया और फिर वे उसे एक सुनसान इमारत में ले गए जहां उन्होंने फिर से उससे दुष्कर्म किया।

टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

कोलकाता। सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

कोर्ट ने शराब त्रासदी पर सरकार को फटकारा

चेन्नई,एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के लिए शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए उसे राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने यह निर्देश अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की विधि इकाई के सचिव आई एस इनबादुरई द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दी। खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवायी की अगली तिथि 26 जून तय की। जनहित याचिका में राज्य सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह कल्लाकुरिची जिले में अवैध रूप से शराब बेचने के अपराध की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले में की गई कार्रवाई के अलावा पिछले साल विल्लुपुरम के मरकानम में हुई इसी तरह की घटना के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला लोगों के जीवन से जुड़ा है और इसलिए अदालत जानना चाहती है कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने क्या कार्रवाई की और पिछले एक साल में राज्य में कितने मामले दर्ज किए गए।

शराब त्रासदी में 48 की मौत : तमिलनाडु मंत्री

चेन्नई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा.सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि कल्लकुरिची में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 48 हो गई है, जिसमें तीन महिलाएं भी हैं। पुद्दुचेरी के जिपमेर अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से प्रभावित लोग इलाज के लिए अस्पताल आने में संकोच कर रहे थे इसलिए उनके महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। इसलिए सरकार ने शराब पीने वालों की पहचान की, उनके घर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया।

रेणुकास्वामी को दिये थे बिजली के झटके, जांच में खुलासा

बेंगलुरु, एजेंसी

- **कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से किया था संपर्क**

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था। अभिनेता और अन्य आरोपियों - धनराज डी, विनय वी और प्रदोष - ने जांच में सहयोग नहीं किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की।

64 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले का जेल में बंद आरोपी देगा सिविल सेवा परीक्षा

इंदौर (मप्र)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के आरोपियों में शामिल सहायक लेखा परीक्षक (ऑडिटर) को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की सिविल सेवा परीक्षा में बैठने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रामेश्वर परमार को राज्य सेवा परीक्षा 2024 के 23 जून को आयोजित प्रारंभिक दौर में शामिल होने की अनुमति दे दी। इंदौर नगर निगम में सहायक लेखा परीक्षक के रूप में पदस्थ परमार ड्रेनेज घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में है। उसने राज्य सेवा परीक्षा में बैठने के लिए कोर्ट में अस्थायी जमानत की याचिका दायर की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आरोपी को रविवार को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने के इंतजाम करे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार पांडे ने बताया कि परमार और इंदौर नगर निगम के अन्य ऑडिटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रेनेज के नाम पर फर्जी बिलों की भुगतान से पहले जांच नहीं की।

हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

शिमला। हिमाचल के शिमला जिले में कुद्दु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुद्दु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानलेवा लू : मृतक संख्या हुई 143

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मी का प्रकोप

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है।

कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि वे गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं।

हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

नई दिल्ली। देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और दो लाख ओपीडी आयोजित हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया। जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद आलम ओनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

नॉर्थ साउंड। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

खेल डायरी

अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

लंदन। विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

बेरॉन (चेक गणराज्य)। भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

नयी दिल्ली। भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सीमित प्रारूपों में दो नयी गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है।

आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नयी गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती। राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम के कोच बनने की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर ने कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए बहुत अनुचित है। इसीलिए वे अब सीमित ओवर में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेल पा रहे है। यह सही नहीं है।

जब मैं नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

चेन्नई। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। विश्व कप (2011) से पहले पहले दो वर्षों के दौरान मैं मैदान पर केवल ड्रिंक्स लेकर जाता था।

बुमराह के आसपास भी नहीं है कोई गेंदबाज : मांजरेकर

ब्रिजटाउन, एजेंसी। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है।

बुमराह ने अफगान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा कि कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाये। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिये। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।

रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जीता

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप दो मैच में शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स 53 और लियाम लिविंगस्टोन 33 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरे अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक (65) और डेविड मिलर (43) रनों की पारी खेली।अफ्रीका की टीम अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 86 रन जोड़े।

10वें ओवर में मोईन ने हेंड्रिक्स (19) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई। 12वें में आर्चर ने डिकॉक को आउट कर अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। डिकॉक ने 38 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (65) रनों की पारी खेली।

अमेरिका से वेस्टइंडीज को मिल सकती है कड़ी टक्कर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

यूरो कप 2024 यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।

स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डों कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

टोक्यो

तेल अवीव

जिबूती

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग

न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

एक नजर

आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

येरेवान। आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

लंदन/रोम। इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

सियोल। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा।

लॉकहीड मार्टिन इकाइयों पर चीन का प्रतिबंध

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने को लेकर उसने कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को सजा

जिनेवा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही मानव तस्करी के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया। भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जिनमें से अधिकतर अशिक्षित भारतीय थे।

चीन की आपत्तियां खारिज भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर जताई थी आपत्ति**

भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की।

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर

एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

भारत-पाकिस्तान में सीधी बातचीत हो : अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा अमेरिका के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध**

अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है।

उन्होंने कहा, जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं। मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं...। मिलर ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से संवाद करते आ रहे हैं।

कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

पेशावर, एजेंसी

- **पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना**
- **भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली**

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

इमरान की रिहाई की मांग के मद्देनजर धारा 144 लागू

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनके समर्थकों की राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना का हवाला देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रांत में सात दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। पूरे प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे विरोध प्रदर्शन और लोगों के एक जगह जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। क्रिकेटर से नेता बने खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद उन पर करीब 200 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

ओटावा, एजेंसी

- **उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम**

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर,गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।

संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

खगोल विज्ञान | कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।

कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

नैनीताल : जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।